


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 विराट कोहली ने फ्लाइंग किस के साथ शाहरुख खान को दिखाया बाहर ... पाकिस्तान सरकार ने नई साइबर क्राइम एजेंसी बनाई, विशेषज्ञों का ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 351 | पटना, सोमवार, 06 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहे चुनाव : नरेन्द्र मोदी

## बोलें- शाही परिवार के वारिस के ही पीएम,सीएम बनने की कुप्रथा चायवाले ने तोड़ी




प्रात : किरण

इटावा, एजेंसी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के इटावा में एक चुनावी जनसभा में विपक्षी दलों के परिवारवाद पर कड़ा तंज कसा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि मोदी और योगी के पास बाल-बच्चे नहीं हैं। जनता ही उनका परिवार है। मोदी-योगी आपके बच्चों के भविष्य के लिए जीवन खपा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साथियों, इन परिवारवादियों की विरासत क्या है? इनकी विरासत गाड़ी, बंगला और रसूख है। कोई इटावा, मैनपुरी और कन्नौज को अपनी जागीर मानता है तो कोई अमेठी, रायबरेली को अपनी विरासत मानता है। मोदी की विरासत गरीब को मिला मकान, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज है। मोदी की विरासत आपके बच्चों के लिए बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। कौन जानता है कि 2047 में आपका ही बेटा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बने। शाही परिवार का ही बेटा सीएम पीएम बने, चाय वाले ने यह प्रथा तोड़ दी है। जैसे राजा राम मोहन राय के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने कुप्रथा तोड़ दी। ऐसे ही भविष्य में मेरे बारे में कहा जाएगा कि एक चायवाले ने शाही परिवारों से ही सीएम पीएम बनने की कुप्रथा तोड़ी थी। अब कोई भी सीएम पीएम बन सकता है।

तीन लोकसभा क्षेत्रों- इटावा, कन्नौज और मैनपुरी के लिए आयोजित इस जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषण के दौरान इस पूरे क्षेत्र को भावनात्मक रूप से जोड़ते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि 2019 में संसद में उन्होंने कहा था कि भाजपा की एक बार फिर सरकार बनने जा रही है। मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उनका वह आशीर्वाद लग गया। इस चुनाव में वह नहीं हैं लेकिन उनके भाई हमारी सरकार बनाने की अपील कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि विपक्ष के लोग केवल झूठ बोल रहे हैं। कोरोना काल में भी इन लोगों ने झूठ फैलाया। वैक्सीन के बारे में भ्रम फैलाए। खुद चोरी-चुपके वैक्सीन लगवाए और गरीबों को लगवाने से मना कर रहे थे। यह लोग अब संविधान के बारे में भ्रम फैला रहे हैं। सपा, कांग्रेस समेत सारी कम्पनी एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुस्लिमों को दे रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने रातों-रात मुस्लिमों को ओबीसी में शामिल कर दिया। अगर यूपी में ऐसा हुआ तो यादव, मौर्य कुशवाहा बंधुओं का क्या होगा। यह लोग केवल अपना भला करते हैं। याद रखिए इन्हें अपने परिवार के बाहर का कोई भी यादव नहीं मिला। भाजपा में कोई भी मुख्यमंत्री बन सकता है। मध्य प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री मोहन यादव बने हैं।

पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर मंदिर घूम रहा था। शहजादे ने तो कोट के ऊपर ही जनेऊ पहन लिया था। आज वह जनेऊ गायब है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। इन्हें भी निमंत्रण गया लेकिन इन लोगों ने निमंत्रण ठुकरा दिया। मैं कृष्ण द्वारा बनाई गई द्वारिका में समुद्र के नीचे गया और मोर पंखी भेंट की। अब कांग्रेस को यह अच्छा नहीं लगा। मै यादवों से पूछता हूं कि कांग्रेसी ऐसा करें तो करें लेकिन यदुवंशी शहजादे की आरती क्यों उतार रहे हैं। आप आरती उतारें, मोदी तो श्रीकृष्ण की आरती उतारेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने गुण्डाराज पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा राज में खाली प्लाट पर अपना झण्डा गाड़ दिया करते थे। सीएम योगी ने पूरा उप्र बदल कर रख दिया है। कन्नौज का इत्र आज दुनिया में पहुंच रहा है। जी-20 में आए दुनियाभर के लोगों को कन्नौज का इत्र ही भेंट किया था। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दो चरण सम्पन्न हो चुके हैं। तीसरे चरण में सात और चौथे चरण में 13 मई को जनता जनार्दन भारत के भविष्य के लिए चुनाव करना है। एक तरफ देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले हैं दूसरी ओर देश की सुरक्षा और समृद्धि करने वाला मोदी का परिवार है। आज एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इटावा की यह वही भूमि है जहां से लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। पहले यहां बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। माफिया का बोलबाला था। आज यहां एक्सप्रेस-वे बन रहा है। क्षेत्र का विकास हो रहा है। जनता जनार्दन का समर्थन प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का यहां आगमन हुआ है। इस दौरान योगी ने इटावा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, मैनपुरी से जयवीर सिंह, कन्नौज से सुब्रत पाठक को जिताने की अपील की।

## राजद और कांग्रेस ने परिवारवाद को दिया बढ़ावा: नीतीश

प्रात : किरण



- लखीसराय में सीएम की हुंकार
- सीएम ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं
- सीएम ने ललन सिंह के समर्थन में मतदान करने की अपील की

लखीसराय। बिहार की मुंगेर लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले तमाम राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लखीसराय के सूर्यगढ़ा प्रखंड में एक जनसभा को संबोधित किया।

सीएम नीतीश कुमार के अलावा इस जनसभा में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई विधायक और नेता मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और लोगों से एनडीए उम्मीदवार ललन सिंह के समर्थन में मतदान करने की अपील की। इस दौरान ललन सिंह ने सीएम के सामने मंच से नल-जल योजना एवं ग्रामीण सड़क में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। जिस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि चुनाव के बाद मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभा में सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि राजद और कांग्रेस सिर्फ परिवारवाद को बढ़ावा देती है। जब लालू यादव मुख्यमंत्री पद से हटे तो अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बैठा दिए। अब वह लोग बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते है।

## चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने महाराष्ट्र के बीड़ और ठाणे में ढाई करोड़ रुपये जब्त किए

मुंबई/एजेंसी। चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने शनिवार को देर रात बीड और ठाणे जिले में ढाई करोड़ रुपये बरामद किये हैं। इन दोनों मामलों की गहन छानबीन चुनाव आयोग की टीम और स्थानीय पुलिस की टीम कर रही है। राज्य में इस समय लोकसभा चुनाव का महासंग्राम जारी है और तीसरे चरण का मतदान 7 अप्रैल को होगा। इस दौरान अवैध धन का इस्तेमाल रोकने के लिए चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने पुलिस की मदद से सख्त नाकाबंदी शुरू की है।

## बिहार में राजद और महागठबंधन का चल रहा तूफान : तेजस्वी

### बोलें -गुजरात इतना विकास बिहार में क्यों नहीं हुआ?



प्रात : किरण

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा दावा किया है कि बिहार में राजद और महागठबंधन का तूफान चल रहा है। इस बार इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमलोग तीसरी बार यहां की सभी पांचों सीटें जीत रहे हैं। अगले चरण के चुनाव में भाजपा का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। इतना ही नहीं तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी को घेरने की कोशिश की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आप स्वयं से यह सवाल पूछना और स्वयं को उत्तर देना कि आपने 2014 के लोकसभा चुनाव में बिहार में 40 में से 33 सीटें और 2019 में 39 सीटें जीत लीं। 10 साल से आपकी डबल इंजन की सरकार है। फिर आपके आने से जनता को नौकरी क्यों नहीं मिली?

तेजस्वी यादव ने जनता से पूछा कि मोदी ने 10 वर्षों में आपके गाँव को क्या दिया? मोदी ने 10 वर्षों में आपके जिला और क्षेत्र को क्या दिया? मोदी ने क्या आपके गांव के स्कूल को अपग्रेड किया? मोदी ने क्या आपके गाँव में हॉस्पिटल बनवाया? मोदी ने क्या आपके जिला और क्षेत्र में उद्योग लगवाया? 10 वर्षों में क्या कोई बड़ा निवेश बिहार के लाए? 10 वर्षों में जितना निवेश और विकास गुजरात का हुआ उतना बिहार में क्यों नहीं हुआ? इसके साथ ही तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बार बिहार से भाजपा का सफाया तय है। अब भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी। बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से देशवासी त्रस्त हैं। हर तरफ परिवर्तन की आंधी चल गई। अब इसे रोकने वाला कोई नहीं है। तेजस्वी ने उक्त बातें रविवार को भरगामा के दरबारी राय उच्च विद्यालय महथावा व जोकीहाट के उदाहाट हाईस्कूल में राजद प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहीं।

### यह चुनाव मरने की नहीं ज़िंदा रहने की लड़ाई का है : लालू

पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप की सियासत जारी है। शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने दरभंगा में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर जमकर हमला बोला था। आज यानी रविवार को लालू प्रसाद ने उनपर पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर 10 प्वाइंट लिखकर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की। लालू प्रसाद ने लिखा कि यह चुनाव मरने की नहीं ज़िंदा रहने की लड़ाई का चुनाव है। उन्होंने लिखा कि देश की 140 करोड़ जनता गंभीरता से काफी चीजें सोच रही है। लालू ने जो लिखा वह अमर उजाला आपको जस के तस पढ़ा रहा। लालू ने लिखा कि देश की 140 करोड़ जनता गंभीरता से यह सोच रही है कि अगर मोदी सरकार आया तो संविधान खत्म कर देगा। मोदी सरकार आया तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। मोदी सरकार आया तो आरक्षण समाप्त कर देगा। मोदी सरकार आया तो युवा बिन नौकरी मर जाएगा। मोदी सरकार आया तो तो नौजवान बिन रोजगार मर जाएगा। मोदी सरकार आया तो आम आदमी महंगाई से मर जाएगा मोदी सरकार आया तो पुलिस और अर्धसैनिक बलों में भी अग्निवीर लागू कर देंगे। मोदी सरकार आया तो किसान अपना अधिकार मांगते मांगते मर जाएगा। मोदी सरकार आया तो इनके 10 वर्षों से अधिक नफरत एवं विभाजन और अधिक बढ़ जाएगा।

### लोकसभा चुनाव : तीसरे चरण के चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दाव पर

## तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार थमा, वोटिंग कल

प्रात : किरण




नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर रविवार की शाम पांच बजे थम गया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। चुनाव के वोटों की गिनती चार जून को की जाएगी।

तीसरे चरण के चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा।

अब तक देश में लोकसभा के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। फिर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ। जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे। जिसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, एक जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। चार जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

तीसरे चरण के लिए सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार किया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है।

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है।

तीसरे चरण में 12 राज्यों के 94 लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़ेंगे, इनमें बिहार की पांच, मध्य प्रदेश की नौ, असम की चार, छत्तीसगढ़ की सात, कर्नाटक की 14, गोवा की दो, गुजरात की 25, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, बंगाल की चार, दमन और दीव की दो सीट शामिल हैं।

**जिन सीटों पर मतदान होना है वे इस प्रकार हैं :-**

**असम:** धुबरी, कोकराझार, बारपेटा, गौहाटी

**बिहार:** झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया

**छत्तीसगढ़ :** सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर

दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव

**गोवा:** उत्तरी गोवा, दक्षिणी गोवा

गुजरातः कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच, बारडोली , नवसारी, वलसाड

**कर्नाटक:** चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा

**मध्य प्रदेश:** मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़, बैतूल

**महाराष्ट्र:** बारामती, रायगढ़, धाराशिव, लातूर (एससी), सोलापुर (एससी), माधा, सांगली, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, हटकनंगले

**उत्तर प्रदेश:** संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फि रोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, आंवला, बरेली पश्चिम बंगालः मालदाहा उत्तर, मालदाहा दक्षिण, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है। अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी।

केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी( भाजपा )नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से मैदान में उतारा है।कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ से मैदान में हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं श्री शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले अपनी भाभी सुनेत्रा पवार के खिलाफ बारामती से चुनाव लड़ रही हैं जो महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से मैदान में हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से और उद्योगपति पल्लवी डेम्पो भाजपा के टिकट पर दक्षिण गोवा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल असम के धुबरी से चुनाव लड़ रहे हैं।

इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में भाजपा के बड़े चेहरों में एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह, मैनपुरी से पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, बरेली से पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार, हाथरस से राजस्व राज्य मंत्री अनूप वाल्मीकि और आगरा से केंद्रीय राज्य मंत्री और मौजूदा सांसद एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। मैनपुरी से डपल यादव, बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव और फिरोजाबाद से प्रोफेसर राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव में अब तक दो चरण की वोटिंग हो चुकी है। जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण की वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम चला रहा है। अगर इंटरनेट मीडिया पर प्रचार-प्रसार के लिए किसी तरह की पोस्ट, वीडियो या संदेश अपलोड किया या उसे फारवर्ड किया, तो उसका पता जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानिटरिंग कमेटी लगाएगी। इसके लिए साइबर सेल की मदद ली जाएगी। इस बार भी मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खडगे-राहुल ने सेना के काफिले पर हमले की निंदा की

नईदिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में वायु सेना के वाहन पर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण कार्रवाई बताया और कहा कि इस तरह के हमलों के खिलाफ हम एकजुट हैं। खडगे ने कहा, ₹जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायुसेना के वाहन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले से बहुत दुखी हूं। हम इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र के साथ खड़े होते हैं। उन्होंने कहा, सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर वायु योद्धा के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएँ। हम आशा करते हैं कि घायल वायु योद्धा जल्द से जल्द ठीक हो जाएं और ईमानदारी से उनकी भलाई के लिए प्रार्थना करें। भारत अपने सैनिकों के लिए एकजुट है। गांधी ने कहा, ₹जम्मू कश्मीर के पुंछ में हमारी सेना के काफिले पर कायराना और दुस्साहसी आतंकी हमला बहुत ही शर्मनाक है, दुखद है।

### सवाई माधोपुर में सड़क हादसे में कार में सवार परिवार के छह लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में रविवार को एक अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि यह हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बनास नदी पुल के पास उस समय हुआ जब अज्ञात वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। उसने बताया कि कार में सवार लोग सवाई माधोपुर के गणेश मंदिर में पूजा करने जा रहा था।बौंली थाने के उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने कहा, ह्यअज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।उन्होंने बताया कि दो घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मनीष शर्मा एवं उसकी पत्नी अनीता, कैलाश शर्मा एवं उसकी पत्नी संतोष, सतीश शर्मा एवं उसकी पत्नी पूनम के रूप में हुई। घायलों में की पहचान मनीष शर्मा के बच्चों मनन और दीपाली के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि कार को टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।

### एआई सुरक्षा तकनीक से देश के 23.5 लाख विद्यार्थियों ने दी नीट-यूजी परीक्षा

नई दिल्ली/कोटा, ।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी, 2024 रविवार को दोपहर 2 से शाम 5:20 बजे तक आधुनिक तकनीक के कड़े सुरक्षा घेरे में शांतिपूर्वक आयोजित की गई। देश के 557 शहरों में 23.50 लाख (98 प्रतिशत) परीक्षार्थियों ने पेन-पेपर मोड में परीक्षा दी। विदेश के 14 शहरों में भी यह परीक्षा हुई। एनटीए के जोनल कॉर्डिनेटर प्रदीपसिंह गौड ने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा के लिये राजस्थान के 24 शहरों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा टेबलेट स्क्रीन पर परीक्षार्थी का डेटाबेस आ जाने से बायोमेट्रिक स्केनिंग तेजी से हुई। इस तकनीक से परीक्षार्थियों को कोई असुविधा नहीं हुई। जूमर के माध्यम से कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा हुई। उन्होंने बताया कि राज्य में इस वर्ष 1.97 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1.92 लाख (97.5 प्रतिशत) परीक्षा देने पहुंचे।

**अभियान** | वायु सेना ने कॉर्पोरल विक्की पहाड़े के बलिदान को सलाम करके गहरी संवेदना व्यक्त की

## पुंछ सेक्टर में वायु सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले के बाद कड़ी की चौकसी

### चार अन्य घायल वायु सेना कर्मियों का उधमपुर के कमांड अस्पताल में चल रहा है इलाज

प्रात : किरण



नई दिल्ली, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में शनिवार को भारतीय वायु सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले के बाद रविवार को सुरक्षाकर्मियों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। वायु सेना ने आतंकी हमले में वायु सेना कर्मी कॉर्पोरल विक्की पहाड़े के बलिदान को सलाम करते हुए रविवार को गहरी संवेदना व्यक्त की है। चार अन्य घायल वायु सेना कर्मियों का इलाज उधमपुर के कमांड अस्पताल में चल रहा है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शाहसितार के पास शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना के वाहन काफिले पर हमला कर दिया। भारतीय सेना के अतिरिक्त बल शनिवार देर रात पुंछ में जर्रा वली गली (जेडब्ल्यूजी) पहुंचे। पुंछ सेक्टर के सनाई गांव में हुए हमले के बाद घायल पांच जवानों को उधमपुर के कमांड अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल वायु सैनिकों में से कॉर्पोरल विक्की पहाड़े ने दम तोड़ दिया। स्थानीय सैन्य इकाइयों ने क्षेत्र में रविवार को जगह-जगह नाकाबंदी करके फिलहाल घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रखा है।

भारतीय वायु सेना ने शनिवार शाम को हमले में लगी चोटों के कारण दम तोड़ने वाले कॉर्पोरल विक्की पहाड़े के प्रति शोक व्यक्त किया है। वायु सेना की ओर से रविवार को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और भारतीय वायु सेना के सभी कर्मियों ने कॉर्पोरल पहाड़े को उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान के लिए सलाम करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं और हम दुख की इस घड़ी में आपके साथ मजबूती से खड़े हैं। एक बयान में कहा गया है कि काफिले की सुरक्षा से अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सैन्य और जांच इकाइयां हमले की बारीकियों को निर्धारित करने और सैन्यकर्मियों एवं स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच कर रही है। काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले के पीछे के आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय वायु सेना के वाहनों को शाहसितार के पास सामान्य क्षेत्र में हवाई अड्डे के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है।

छिंदवाड़ा के नोनिया करबल निवासी 33 वर्षीय कॉर्पोरल विक्की पहाड़े साल 2011 में वायु सेना में भर्ती हुए थे। उनके परिवार में मां दुलारी बाई, पत्नी रीना और पांच साल का बेटा हार्दिक है। पिता दिमाक चंद का निधन हो चुका है। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। 10 दिन पहले ही उनकी छोटी बहन की गोद भराई की रस्म थी। इसलिए वह एक महीने की छुट्टी लेकर गांव आए थे और 18 अप्रैल को ही वे ड्यूटी पर लौटे थे। विक्की अपने पांच साल के बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए 7 मई को छिंदवाड़ा आने वाले थे लेकिन इससे पहले ही उनके बलिदान की खबर गांव पहुंच गई। उनकी शहादत की खबर सुनकर उनकी पत्नी और मां बेसुध हो गईं। रविवार शाम तक उनका शव उनके पैतृक ग्राम नोनिया करबल पहुंचने की उम्मीद है।

## पूर्व विधायक अनंत सिंह बेउर जेल से बाहर

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। विधायकी गंवाने वाले बाहुबली और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार को पटना के बेउर जेल से बाहर निकल गये हैं। गृह विभाग से हरी झंडी मिलने के बाद अनंत सिंह को जेल से 15 दिनों के लिए पैरोल मिला है। आनंद सिंह के जेल से बाहर निकलने की सूचना के साथ ही उनके समर्थकों में काफी उत्साह का माहौल है।

अनंत सिंह लगभग 5 वर्षो से जेल में बंद है। अनंत सिंह पर एके 47 रखने का आरोप है, जिसके तहत कोर्ट ने उन्हें 10 वर्ष की सजा सुनाई थी। तब से मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पटना के बेउर जेल में सजायाफ्ता बंदी के रूप में सजा काट रहे है। जानकारी के मुताबिक आपसी पारिवारिक बटवारा को लेकर अनंत सिंह ने न्यायालय में कोर्ट से पैरोल पर इसके लिए आदेश मांगा था। पेरोल पर आदेश मिलने के बाद आनंद सिंह को लेकर गृह विभाग ने यह आदेश जारी किया था। रविवार की अहले सुबह जब अनंत सिंह को 15 दिनों के पैरोल पर बेउर जेल से बाहर निकाला जा रहा था, उस समय जेल के बाहरी एवं भीतरी सुरक्षा को चुस्त दुरुस्त कर दिया गया था। अनंत सिंह की पत्नी नीलम सिंह वर्तमान में राजद के विधायक हैं। बिहार में वर्तमान में लोकसभा का चुनाव चल रहा है। चौथे चरण 13 में को बिहार के मुंगेर में लोकसभा के चुनाव का मतदान होना है। इसे लेकर भी अनंत सिंह के जेल से बाहर आने को लेकर राजनीतिक गलियारे में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व कार्टूनिस्ट दिवस पर कार्टूनिस्ट अमरेन्द्रहुए सम्मानित



फतुहा। रविवार को स्टेशन रोड स्थित होमियोपैथी अस्पताल में वरिष्ठ पत्रकार एवं होमियोपैथी चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह ने विश्व कार्टूनिस्ट दिवस पर ह्लकार्टूनिस्ट अमरेन्द्रह्ल को अंगवस्त्र, डायरी और कलम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह ने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है कि हमारे शहर में एकमात्र व्यंग्य चित्रकार कार्टूनिस्ट अमरेन्द्र है। जिनका कार्टून देश-विदेश के पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुका है और सम्मान भी मिला। वहीं कार्टूनिस्ट अमरेन्द्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह का आभार व्यक्त किया और कहा कि कार्टूनिस्ट हर तरह के विषयों पर चुटिला व्यंग्य चित्र बना कर आइना पेश करता है। वहीं जिसके मनमुताबिक कार्टून नहीं बना हो उस व्यक्ति, पार्टी के कोपभाजन का शिकार भी बनता है। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर विकाश कुमार गुप्ता, अरूण पटेल मौजूद रहे।

### महागठबंधन की सरकार बनेगी : मीसा भारती

दानापुर नगर के अंतर्गत ।केन्द्र में इस बार महागठबंधन की सरकार बनेगी। एनडीए का सफाया होने जा रहा है। पाटलिपुत्र की जनता इस बार मीसा भारती को भारी मतों से विजई बनाकर लोकसभा भेजेगी ।उक्त बातें पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने रविवार को राजद के कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। कि बीजेपी जैसा झुठा पार्टी कोई नहीं है ।चुनाव आने पर सैनिकों पर हमला और हिन्दू मुस्लिम क्यों होता है। कहा कि जहां-जहां वे लोग जा रहे हैं वहां उनका विरोध हो रहा है ।आर्य समाज रोड स्थित खटाल में आयोजित सम्मेलन में राजद के प्रायः सभी स्थानीय नेताओं ने भाग लिया ।राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने कहा कि हमारी जीत होती है तो ग्रामीण,दियारा क्षेत्रों में शिक्षा,चिकित्सा व्यवस्था में सुधार लायेंगे। मंहगाई और बेरोजगारी पर विशेष ध्यान रहेगा। केन्द्र महागठबंधन की सरकार बनती है तो रोजगार को लेकर तेजस्वी माडल पुरे देश में लाने का काम करेंगे ।दस वर्षो में पाटलिपुत्र क्षेत्र में विकास कार्य एक भी नहीं हुए और नहीं केन्द्र में प्रयास किया गया ।कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशियों की जीत देखकर अभी से एनडीए के लोगों की नींद उड़ गई है ।हमने राज्यसभा फंट से क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य कराने का काम किए ।घंटों चले कार्यक्रम में उत्साहित कार्यकताओं ने राजद सुप्रीमो के जयकारे लगाते रहे ।मौके पर पूर्व मंत्री रामानंद यादव,पूव जिला पार्षद ओमप्रकाश राय,केडी यादव, बृज कुमार,अफरोज आलम,अर्जुन कुमार, पप्पू कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अज्ञात शव बरामद

दानापुर खगौल रेल पुलिस ने दानापुर नेउरा के बीच पोल संख्या 556/ 15 -16 के पास से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बतायी जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ऐसा प्रतित होता है जैसे किसी ट्रेन से गिड़ने के कारण मौत हुई हो। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद शव को सुरक्षित रखा गया है। फिलहाल शव का शिनाख्त नही हो सका है। उधर दूसरी घटना में रेल पुलिस ने दानापुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1 एवं 1ए के बीच डीवाईआरएसपी कार्यालय के पास एक वृद्ध की शव बरामद किया है। मृत्यु के कारण अधिक उम्र व लू लगना माना जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

फतुहा। शनिवार की रात फतुहा पुलिस ने जयनंदनपुर गांव में छापेमारी कर हत्या के आरोपी रंजन सिंह को गिरफ्तार किया है। गत 26 मार्च को उसी गांव में दो पक्षों के बीच जमकर रोड़ेबाजी और गोलीबारी हुई थी। रोड़ेबाजी में जयनंदनपुर निवासी 60 वर्षीय कृष्णनंदन सिंह घायल हो गए थे बाद में पीएमसीएच में उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सूबे में एनक्यूएएस प्रमाणीकरण पर जोर

## जिलों में स्वास्थ्य केंद्रों का मुआयना कर रही राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय टीम

- एनक्यूएएस के बहाने लक्ष्य सर्टिफिकेशन पर भी ध्यान
- राज्य के 10 जिला स्तरीय अस्पतालों को मिल चुका है राष्ट्रीय एनक्यूएएस प्रमाण

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत संरचनाओं के मानकों पर खरा उतरने के लिए सूबे के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) के प्रमाणीकरण के लिए तैयारियां जोरों पर है। सूबे के कटिहार, वैशाली, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, मुंगेर, रोहतास सारण और अररिया सहित अन्य जिलों में भी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय टीम की विजिट जारी है। एनक्यूएएस पर जिला अस्पताल की तैयारियों में सहयोग कर रही पीरामल संस्था में फेलोशिप कर रहे मुदित पाठक ने बताया कि एनक्यूएएस के साथ इस बार लक्ष्य सर्टिफिकेशन की भी तैयारी जोरों पर है। इससे लेबर रूम के साथ ओटी में दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं को मानक अनुरूप बेहतर किया जाता है। जानकार सूत्रों के मुताबिक जिन जिलों में लक्ष्य का प्रमाणीकरण हुआ है वहां सामान्य संस्थागत प्रसव में 5 से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी तथा सिजेरियन में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही रेफर, डेथ तथा लामा में भी कमी आयी है। राज्य में सरकारी संस्थानों में वर्ष में औसतन 17 लाख संस्थागत प्रसव हो रहे हैं।

**एनक्यूएएस के लिए तीन स्तर पर होती है जांच**

एनक्यूएएस के प्रमाणीकरण के लिए तीन स्तर पर जांच दल के द्वारा छह मानकों पर कम से कम 70 फीसदी की अर्हता जरुरी होती है। पहले स्तर पर जिला स्तरीय टीम प्रमाणीकरण में शामिल होने वाले स्वास्थ्य केंद्र का आकलन करती है। संतुष्ट होने पर राज्य स्तरीय टीम उस स्वास्थ्य केंद्र पर मानक के अनुरूप दी जाने वाली सुविधाओं पर अंक देती है। हर मानक पर कम से कम 70 प्रतिशत अंक आने पर ही राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन किया जाता है। राष्ट्रीय टीम के जांच और न्यूनतम अर्हता के प्रतिशत के बाद ही वह स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणीकृत हो पाता है। सूबे में इस बार 10 संस्थान राष्ट्र स्तर से और 24 संस्थान राज्य स्तर से सर्टिफाइड हुए हैं।

**फामेर्सी और लेबोरेटरी भी है जरूरी**

एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के तहत ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, लेबर रूम, मेडिकल रिकॉर्डस, मेडिकल एंड डेथ ऑडिट का मूल्यांकन किया जाता है। वहीं, फामेर्सी, एंबुलेंस, उपकरणों का रखरखाव, लेबोरेटरी तथा नर्सिंग से संबंधित गतिविधियों का भी मूल्यांकन होता है। साथ ही अस्पताल के प्रबंधन और गुणवत्ता प्रोसेस के तहत मरीजों का फीडबैक, मरीजों के अधिकार, अस्पताल का कार्यप्रदर्शन, आपदा प्रबंधन सहित सेवाओं का मूल्यांकन भी इसमें शामिल है।

# पाँच दिवसीय राम कथा शुरू, बाजे के साथ निकाली शोभा यात्रा



- भगवान राम के आदर्शों को केवल सुनें नहीं, अपने जीवन में उतारें, तभी जीवन सार्थक :- सुश्री गौरांगी गौरी

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी प्रखंड क्षेत्र के नया जनपारा गांव में पाँच दिवसीय रामकथा का शुभारंभ रविवार को भव्य शोभा यात्रा से हुआ। गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा के जरिए क्षेत्र में पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जयकारे गूंज उठे। सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री गौरांगी गौरी के नेतृत्व व माँ आदिशक्ति सेवा ट्रस्ट की अगुवाई में निकली शोभा यात्रा में विश्व शांति का संदेश दिया गया। यात्रा नया जनपरा से शुरू होकर देवी मंदिर होते हुए पुराना जनपरा, बेरर, बराह, पतुत, शेलगढ, कनपा होते हुए कथा स्थल पहुंची। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने ध्वज पताका के साथ अबीर व गुलाल उड़ाते श्रीराम के जयघोष किया। भक्तों ने भजन पर नृत्य कर क्षेत्र में राममय माहौल कर दिया` यात्रा में आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह व मुखिया प्रतिनिधि अंजनी कुमार शर्मा समेत सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें` कथा के पहले दिन कथा वाचिका गौरांगी गौरी ने कहा कि राम जी के आदर्श को केवल सुनें नहीं, जीवन में उतारें तो जीवन सार्थक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अहंकारी भक्त भगवान को पसंद नहीं, क्रोध और अहंकार मनुष्य के लिए ही नहीं अपितु देवों के लिए भी अपमान और कष्टकारक साबित हुआ है। अनुचित चितन के कारण ही देवर्षि नारद को अहंकार हुआ। उसको दूर करने के लिए भगवान ने उनको हरि का रूप दिया। इससे कुपित देवर्षि ने श्राप दिया और भगवान श्रीराम को सीता की खोज में भटकना पड़ा। उन्होंने कहाकि जब भक्त अहंकारी हो जाता है तो भगवान को वह अच्छा नहीं लगता` भगवान उसके अहंकार को नष्ट करने का कारण तैयार करते हैं। कथा के बाद भगवान की झांकी सजाकर आरती उतारी गई। कथा में मनीष सिंह व अंजनी कुमार शर्मा समेत सैंकड़ों की संख्या सनातनी भक्त मौजूद रहे ।

# दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग कार्यशाला का आयोजन

## एनआईटी पटना तथा पटना विश्वविद्यालय के छात्रों ने लिया भाग





- बर्ड वॉचिंग के दौरान कई दुर्लभ पक्षियों सहित 50 से अधिक पक्षियों की हुई पहचान

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एनआईटी पटना, इन्वायरमेंटल वारियर्स और हमारी गौरैया,पटना, बिहार के द्वारा दो (4-5मई) दिवसीय बर्ड वॉचिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें एनआईटी पटना तथा पटना विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। रविवार को छात्रों द्वारा एनआईटी कैंपस से लेकर दरभंगा हाउस तक पक्षियों का अवलोकन किया जिसमें उन्हें 50 से अधिक प्रजाति की 400 से अधिक पक्षी देखा। एनआईटी परिसर में पेड़ों पर दर्जनों बड़ी चिड़ियों के घोंसले मिले, कई पर चिड़ियों को बैठा देखा गया। इनमें आईयूसीएन की दुर्लभ सूची में शामिल चंद्रवाक यानि काली-मुकुटधारी रात्रि बगुला (क्राउन्ड नाइट हेरोन) भी शामिल है।

अन्य पक्षियों में मवेशी बगुला, छोटा बगुला, शिकरा, काली चील, बुलबुल, तोता, बैंक मैना, बसंता,ग्रीन हॉर्नीबिल,गौरैया, रुफस पा ट्री आदि दिखी। एनआईटी के डॉ अनुराग सहाय ने ब्लैक क्राउन नाईट हेरॉन तथा कैटल इग्रेट की घोंसलों का अवलोकन छात्रों को करवाया। मौके पर डॉ सहाय ने बताया कि परिसर में बड़ी संख्या में चिड़ियों ने घोंसले बनाये हैं और अंडे भी दिये हैं कई के बच्चे भी निकले। उन्होंने कहा कि गरमी की वजह से कई जमीन पर गिरी जिन्हें रेस्क्यू कर ठीक किया गया। बर्ड वॉचिंग कार्यशाला में गौरैया संरक्षण में सक्रिय पीआईबी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने बताया कि गंगा नदी का किनारा चिड़ियों के लिए आहार पाने का केंद्र है।

साथ ही प्रदूषण आदि से सुरक्षित हैं। पटना में गंगा नदी के किनारे बड़ी संख्या में पक्षियों का मिलना सुखद है। उन्होंने बर्ड फोटोग्राफी के तकनीक, पक्षी अवलोकन की तैयारियों, तथा पक्षियों को पहचानने संबंधित जानकारी बच्चों को दी। बर्ड वॉचिंग कार्यशाला में गौरैया संरक्षण में सक्रिय पीआईबी के उपनिदेशक संजय कुमार, एनआईटी पटना के प्रो. डॉ अनुराग सहाय, इन्वायरमेंटल वारियर्स के निदेशक निशांत रंजन, विक्रम पाटिल, तनुश्री कुमारी, दिग्विजय सिंह, आकाश राज, नवनीत निगम, मासूम रंजन, ऋषिकांत आर्या, देव कुमार, प्रतीक वायासे आदि लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# समाजसेवी साकेत सिंह ने त्रिभुवन पुस्तकालय में किया बिजली, पंखा व पानी का प्रबन्ध



- दर्जनों युवा करते हैं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सुविधा का है अभाव, सरकार कर रहीं नजरअंदाज

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्थानीय बाजार स्थित अनुमंडलीय त्रिभुवन पुस्तकालय जहां क्षेत्रीय दर्जनों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, पुस्तकालय में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण अध्यनरत छात्र छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है` पुस्तकालय कर्मियों व स्थानीय लोगों की माने तो सरकार व विभागीय अधिकारियों द्वारा इसे नजरअंदाज किया जाता रहा है` इधर तपती गर्मी में पढ़ाई करने आ रहे विद्यार्थियों के लिए पंखा व शुद्ध पेयजल का भी अभाव था जिसकी उपलब्धता के लिए पुस्तकालय के सह संरक्षक शशांक शेखर मिश्र व स्थानीय बीडीओ प्रशांत कुमार क्षेत्रीय समाजसेवियों व अधिकारियों से लगातार प्रयास कर रहे थे` इसी क्रम में स्थानीय अख्तियारपुर स्थित जगवंदन सेवा संस्थान के चेयरमैन सह मुखिया प्रतिनिधि साकेत सिंह ने रविवार को पुस्तकालय में इनवर्टर, बैट्री, पंखा, व पानी का जार उपलब्ध कराया। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार के द्वारा भी शुद्ध पेयजल हेतु आरओ की व्यवस्था की गयी है, जिससे पुस्तकालय कर्मियों व अध्ययनरत छात्रों का उत्साहवर्धन हुआ है` मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्रीय समाजसेवियों द्वारा पुस्तकालय को पुस्तक व अलमारी आदि समेत उपयोग के कई अन्य चीजे उपलब्ध कराया जा रहा है` पुस्तकालय कर्मियों ने विरासत को संजोए रखने व भविष्य निर्माण में सहयोग के लिए क्षेत्रीय लोगों से यथाशक्ति सहयोग की अपील की है `मौजूद लोगों व पुस्तकालय कर्मियों ने समाजसेवी साकेत के इस पहल को भी खूब सराहा उनके प्रति आभार जताया है` लोगों की माने तो दशकों से बिक्रम का विकास बाधित है।

# आग से बचने को लेकर अग्निशमन द्वारा झुग्गी झोपड़ी क्लस्टरों में चलाय गया विशेष अभियान



प्रात :किरण संवाददाता

पटना :- गोपाल विद्यार्थी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि शमन सेवाएं की महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा शोभा अहोतकर के निदेशानुसार रविवार को पटना जिला अंतर्गत सभी 10 अग्निशामालयों में कुल 76 झुग्गी झोपड़ी के क्लस्टरों में जन-जागरूकता का विशेष अभियान चलाया गया। उक्त जन-जागरूकता अभियान में पुलिस महानिरीक्षक-सह-अपर महासमादेष्टा एम० सुनिल नायक, पुलिस उप महानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार चौधरी, अपर निदेशक-सह-सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी-राकेश कुमार, सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी विद्यासागर, जिला अग्निशमन पदाधिकारी पटना के नेतृत्व में सभी अग्निशामालय प्रभारी के सहभागिता से विभिन्न झुग्गी झोपड़ी के क्लस्टरों में एल.ई.डी वैन, मॉकड्रील से प्रचार प्रसार नुक्कड़ नाटक तथा अन्य पोस्टर पंपलेट वितरण के कार्यकम किये गयें। मिली जानकारी के मुताबिक पटना जिला अन्तर्गत कुल-मॉक ड्रिल-165, पंपलेट का वितरण 15240, जीविका दीदी के साथ बैठक-38, प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार-प्रसार-68, नुक्कड़ नाटक-18, बैनर-हार्डिंग-46 एवं स्कूल/कॉलेज में जन-जागरूकता कराया गया । उपरोक्त कार्यकम में न सिर्फ आम लोगो को जागरूक किया गया बल्कि अग्नि से बचाव के संबंध में अग्निकांड होने के पश्चात क्या करें क्या ना करें बताया गया व अग्नि से सुरक्षा एवं बचाव को लेकर कई उपाय बताए गए । मौके पर लगभग 15000 से अधिक पम्पलेट का भी वितरण किया गया ।

# 1 जून को अपने मताधिकार का प्रयोग कर इस उत्सव में शामिल हों: ज़िलाधिकारी

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे ज़िला में सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हर कार्यक्रम को मतदाता जागरूकता थीम पर संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुनः संपूर्ण पटना में मतदान सभा का आयोजन किया गया। सभी 4,881 बूथ के संपर्क क्षेत्रों में * मतदान सभा, मार्च टू बूथ कार्यक्रम तथा सेल्फी विद बूथ कार्यक्रम* बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में लाखों निर्वाचकों ने भाग लिया एवं मतदान करने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। मतदाता जागरूकता अभियान अब जन-अभियान का रूप ले चुका है। लोग स्व-प्रेरित होकर निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय तौर पर शामिल हो रहे हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएसन; बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज; बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएसन; बिहार केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएसन; बिहार टैक्सटाईल्स इन्डस्ट्रीज, अन्य व्यापार तथा वाणिज्य संघों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 5 साल पर आया है। मतदान करने में 5 मिनट का समय लगता है। 5 साल में 5 मिनट का आपका प्रयास हमारे लोकतंत्र की नई दिशा तय करेगा एवं उसकी आधारशिला को मजबूत करेगा। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से अपील किया है कि आप सभी मतदाता 1 जून को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। ज़िला प्रशासन, पटना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एक मई को भी पटना जिला के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों में सहायक निवार्ची पदाधिकारियों के पर्यवेक्षण में मतदान केंद्रवार मतदान सभा का आयोजन किया गया था। इसी तरह आज भी सभी प्रखंडों के गाँवों, पंचायतों एवं वाड्र्स तथा नगर क्षेत्रों-शहरों में यह आयोजित हुआ । इसका उद्देश्य लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में वीटीआर में सार्थक वृद्धि के लिए हरसंभव प्रयास करना था। जिलाधिकारी के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के परिप्रेक्ष्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं सहभागितापूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक निर्वाचन की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने एवं स्वीप गतिविधियों के तहत 1मई एवं 05मई के साथ ही 12मई एवं 19मई को भी सभी नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों के प्रत्येक वार्ड में मतदान सभा/ कराने का निर्णय लिया गया है ताकि इसबार जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए पहले के चुनावों के मुकाबले मतदान प्रतिशत में काफी वृद्धि हो सके। आज के मतदान सभा के दौरान प्रतिनियुक्त अधिकारियों ने सभी मतदाताओं को निम्नलिखित जानकारियों से अवगत कराया: मतदान की तिथि, मतदान केन्द्र लोकेशन: मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम एवं उनका मतदान केन्द्र कहां अवस्थित है। मतदाताओं को वोटिंग का मौका तभी मिलेगा जब उनका नाम मतदाता सूची में होगा। अतः इस सभा में उन्हें यह जानकारी दी गई कि वे मतदाता सूची में अपना नाम एवं मतदान केन्द्र कहाँ है, की जानकारी अवश्य कर लें। हेल्पलाईन 1950 पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी, मतदाताओं के पहचान के लिए एपिक के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक दस्तावेजों की जानकारी यथा ,1. आधार कार्ड; 2. मनरेगा जॉब कार्ड 3. बैंक/डाकघरों द्वारा जारी की गयी फोटोयुक्त पासबुक 4. श्रम मन्त्रालय योजना अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड 5. ड्राईविंग लाईसेंस 6. पैन कार्ड 7. राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) अन्तर्गत भारत के महारजिस्ट्रार (आरजीआई) द्वारा निर्गत स्मार्ट कार्ड, 8. भारतीय पासपोर्ट, 9. फोटोयुक्त पेन्शन दस्तावेज , 10. केन्द्रीय/ राज्य सरकार/ पीएसयू/ पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, 11. सांसदों/विधायकों/विधान पार्षदों को जारी किये गये आधिकारिक पहचान पत्र, 12. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र-यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी)। इसके साथ ही मतदाताओं को मतदान सभा में अन्य जानकारियों से भी अवगत कराया गया। जैसेः 1. ईवीएमझ्रवीवीपैट से मतदान प्रक्रिया के बारे में, 2. मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकरण प्रक्रिया, 3. मतदाताओं को होने वाली मतदान संबंधित किसी भी तरह के शिकायत समाधान हेतु हेल्प लाइन नंबर 1950 एवं उ-ङ्म' ऐप की जानकारी, 4. अधिक जानकारी हेतु का प्रयोग किया जा सकता है। यहां पर वे अपना नाम खोजने एवं मतदान केन्द्र के बारे में जानकारी लेने के कई तरीके के बारे में जान सकेंगे। इसमें वोटर आईडी कार्ड में दर्ज एढक्क नम्बर/मोबाइल नम्बर/ अपनी पर्सनल डिटेल के माध्यम से भी खोज सकते हैं।, 5. इसके अलावा उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि वे हेल्पलाईन 1950 या श्ङ्गश्१ ल्ली'स्र्'ल्ली ऐप से भी मतदाता सूची में अपना नाम एवं मतदान केन्द्र का पता लगा सकते हैं। श्ङ्गश्१ ल्ली'स्र्'ल्ली ऐप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसे प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।, 6. मतदान सभा में मतदाताओं को इस बात से भी जागरूक किया जा रहा है कि मतदान के दिन मतदान केंद्र पर प्रशासन के द्वारा निम्न सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। जैसेः सभी मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर अंतर्गत रैम्प, पेयजल, बिजली, फर्निचर, शौचालय आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। गर्मी से राहत के लिए प्रतीक्षालय कक्ष की भी व्यवस्था रहेगी ।गर्मी से बचाव हेतु छादन) की भी व्यवस्था रहेगी।प्रत्येक मतदान केन्द्र पर शुद्ध पेयजल की उत्तम व्यवस्था रहेगी। मतदान केंद्रों पर गर्मी/लू को देखते हुए चिकित्सीय उपचार की भी उत्तम व्यवस्था रहेगी। दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं की गई है। जैसेः> रैम्प एवं व्हीलचेयर ब्रेल लिपि युक्त ई०वी०एम० विशेष सहायक वोट डालने में प्राथमिकता सांकेतिक भाषा दिव्यांगजनों के लिए परिवहन सुविधा लोकतंत्र के महापर्व के रूप में लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 पूरे देश में मनाया जा रहा है। जनता ही सभी शक्तियों का स्त्रोत है। जनता के पास संविधान द्वारा प्रदत अमूल्य वयस्क मताधिकार है। लोकसभा चुनाव में इसका रिकॉर्ड संख्या में प्रयोग करके अपने समृद्ध लोकतंत्र को नया आयाम दें। ज़िलाधिकारी ने कहा कि मतदान भारत के समृद्ध लोकतंत्र का उत्सव मनाने का दिन है। सभी मतदाता 1 जून को अपने मताधिकार का प्रयोग कर इस उत्सव में शामिल हों।

# अग्नि से बचाव के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना अनिवार्य : जिलाधिकारी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जिला प्रशासन पटना द्वारा नियमित तौर पर विभिन्न माध्यमों यथा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, होर्डिंग बैनर इत्यादि माध्यमों से लगभग 2 महीना पूर्व से ही जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आम जनता अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक हों। यह सभी के लिए आवश्यक है। गैस सिलेण्डर की आग से सुरक्षा एवं बचाव गैस सिलेण्डर से खाना बनाने के दौरान आग से बचाव हेतु ध्यान देने योग्य बातें क्या करें, क्या न करें गैस सिलेण्डर से खाना बनाने के दौरान असावधानियाँ होने पर आग की घटनाएँ घटित हो जाती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए क्या करें, क्या न करें संबंधी ध्यान देने योग्य बातें निम्नवत है:

क्या करें:

. सुरक्षा कैप को नायलॉन धागे से सिलेण्डर के साथ बांध कर रखें।, . गैस सिलेण्डर लेते समय एवं रेगुलेटर फीट करने के बाद भी पानी से जाँच लें कि बुलबुला दे रहा है या नहीं।, जब सिलेण्डर उपयोग में न हो तो वॉल्व पर सुरक्षा कैप लगा दें।, . गैस सिलेण्डर हमेशा खड़े रखें।, गैस स्टोव को गैस सिलेण्डर के स्तर से सदैव ऊँचे प्लेटफॉर्म पर रखें।, जलते हुए चुल्हे को पहले रेगुलेटर से उसके बाद स्टोव वाल्व से बंद करें।, . रेगुलेटर का पाईप समय-समय पर साफ करते रहें एवं समय पर पाईप बदल दें।, किचेन में एक सूती कपड़ा भिंगोकर हमेशा रखें ताकि आपात स्थिति में आग लगने पर बुझाया जा सके।, खाना बनाते समय एक बाल्टी पानी के साथ मग अवश्य रखें।, एक पोर्टेबल अग्निशमन यंत्र 04 केजी एबीसी टाईप किचेन में अथवा दरवाजे के पास बाहर रखें।, कपड़ों में आग लगने पर भागे नहीं बल्कि जमीन पर लुढ़कें अथवा कम्बल से लपेटकर रोल करें।, किचेन में हमेशा एक ही सिलेण्डर रखें।,

क्या न करें : . सिलेण्डर को यथासंभव बंद स्थान में न रखें।, चुल्हे पर उबलते हुए चाय, दूध आदि को छोड़कर किचेन से बाहर न जायें, . खाना बनाते समय ढिला-ढाला वस्त्र का प्रयोग न करें।, अगर किचेन में गैस की गंध आ रही तो इलेक्ट्रिक पैनल / स्वीच के साथ छेड़-छाड़ न करें।, माचिस, सिगरेट, लाईटर एवं गैस सिलेण्डर को बच्चों के पहुँच से दूर रखें। . बच्चों को कभी अकेले रसोई घर में न जाने दें। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अग्नि सुरक्षा से संबंधित ध्यान देने योग्य बातें क्या करें, क्या न करें जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर फूस एवं खपरैल की मकानें अधिक होती है, जिसमें खाना बनाने, दीप जलाने, लालटेन जलाने इत्यादि के दौरान असावधानियाँ होने पर आग की घटनाएँ घटित होने की संभावना रहती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए क्या करें, क्या न करें संबंधी ध्यान देने योग्य बातें निम्न है:

क्या करें : एक बड़े से ड्रम (200 ली०) में पानी हमेशा भरकर घर या खेत खलिहानों में रखें। . कुछ छोटी बाल्टी में रेत या बालू रखें। एक-दो जूट की पुरानी बोरी को पानी में भीगों कर रखें। रोशनी के लिए बैट्री वाले संयंत्र जैसे टार्च, इमरजेंसी लाईट आदि का प्रयोग करें। यदि आसपास कोई तालाब या अन्य जल स्त्रोत हो, तो वहाँ से खलिहान तक का पाईप (सिंचाई में उपयोग आने वाले पाईप) और पम्पसेट तैयार रखें।

क्या न करें:

. थ्रेसर चलाने में उपयोग होने वाले डीजल इंजन या टैक्टर के धुआँ वाले पाईप से हवा की दिशा में अनाज का बोझा नहीं रखें। बिजली के तार के किसी भी जोड़ को ढीला या खुला न छोड़ें। बिजली के जोड़ को कभी भी प्लास्टिक से नहीं बाँधे बिजली के कनेक्शन के लिए कम या खराब गुणवत्ता वाले तार का प्रयोग न करें। खलिहान के आस-पास बीड़ी, सिगरेट स्वयं न पीयें और न किसी अन्य को पीने दें। आग लगने पर 101 /112 डायल करें। जिलाधिकारी ने जिला अग्निशाम पदाधिकारी को लोगों के बीच आग की घटनाओं से बचने के लिए सभी क्षेत्रों में संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया है।

# पीएम मोदी के शासन में संविधान और उसके मूल्यों की प्रतिष्ठा बढ़ी : विजय

## कहा- राजद-कांग्रेस का विधवा विलाप सुनने नहीं जा रही जनता

● सजायाफ्ता को आज संविधान की हो रही चिंता

विजय कुमार सिन्हा



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आजकल बिहार के सजायाफ्ता पूर्व मुख्यमंत्री और उनके शहजादे को संविधान, लोकतंत्र, युवा, गरीब और बिहार के विकास की बड़ी चिंता हो रही है। लेकिन उनके विधवा विलाप को कोई आज कोई सुनने वाला नहीं है। श्री सिन्हा ने कहा कि ये और इनके सहयोगियों की जमात तमाम असंवैधानिक काम खुद करते हैं। इनके सहयोगी देश में आपातकाल लगाते हैं, शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निरस्त करके नया कानून बनाते हैं, संसद के विधेयक को सरेआम फाड़ देते हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि सजायाफ्ता पूर्व मुख्यमंत्री बताएं कि क्या उनके शासनकाल में लोगों के मूल अधिकार तक सुरक्षित थे क्या ? क्या राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का पालन होता था क्या ? शिल्पी-गौतम सरीखे हत्याकांडों से लेकर नरसंहारों के दोषियों को संरक्षण और जांच प्रक्रिया में लीपापोती क्या संवैधानिक था ? राष्ट्रगीत का सम्मान नहीं करने वालों का तुष्टिकरण क्या संवैधानिक है ?

श्री सिन्हा ने कहा कि इनका जब शासन था तो इनके जंगलराज के कारण देश में आजादी के बाद सबसे बड़ा आंतरिक पलायन हुआ। युवा गोली या गाली खाने को मजबूर था। इनकी लूटशाही के कारण निवेशकों का आना तो दूर की बात थी, राज्य के छोटे-बड़े व्यवसायी पलायन के लिए मजबूर थे। श्री सिन्हा ने कहा कि लोगों को भलीभांति पता है कि संसद की सीढ़ियों पर सिर नवा कर जबसे मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली है, तबसे देश के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिष्ठा बढ़ी है। मोदी जी ने धारा 370 को हटाकर संविधान की मूल भावना का सम्मान किया है, उसी तरह नारी वंदन अधिनियम से लेकर गरीब कल्याण, युवा कल्याण की योजनाएं संविधान के आदर्शों को ही जमीन पर उतारने वाले हैं। बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े स्थानों को तीर्थस्थल का दर्जा देने से लेकर संविधान दिवस मनाने जैसी पहल ये बताते हैं कि मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में संविधान और उसके मूल्य धर्म की तरह हैं। जिसके लिए प्राण तो दिया जा सकता है पर उन्हें त्यागा नहीं जा सकता। श्री सिन्हा ने कहा कि 4 जून को राजद-कांग्रेस के झूठ, भ्रम और लूटशाही के दुकान पर जनता अपने प्रचंड जनादेश से ताला लगाने जा रही है।

# देश में नागपूरिया संविधान स्थापित करने के फिराक में मोदी : अखिलेश

● विकासशील स्वराज पार्टी ने किया कांग्रेस के राज्यव्यापी समर्थन का एलान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



रविवार का दिन कांग्रेस पार्टी के लिए शुभ संकेत लेकर आया जब विकासशील स्वराज पार्टी की राष्ट्रीय एवं राज्य इकाई ने मुक्त स्वर से कांग्रेस के समर्थन का एलान किया। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में एक विशेष प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद ने एलान किया कि उनकी पार्टी के कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जिसने मल्लाह समुदाय को उचित सम्मान प्रदान किया एवं टिकट बंटवारे में उसे प्रतिनिधित्व दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन अति पिछड़ों के साथ अत्याचार करता रहा है जिससे निजात पाने का एक ही तरीका सूझा कि कांग्रेस का हाथ मजबूत किया जाय। इसी उद्देश्य से विकासशील स्वराज पार्टी अपना समर्थन कांग्रेस को बिना शर्त प्रदान करती है।

बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने बिहार की राजनीति में बेलदार, नोनिया एवं निषाद जाति के अति पिछड़ों के योगदान को सराहा एवं कांग्रेस के समर्थन के लिए धन्यवाद किया। डा सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा देश में अति पिछड़ों के अधिकार को कुचलना चाहती है तथा नागपुरिया संविधान स्थापित करने के फिराक में है। उन्होंने विकासशील स्वराज पार्टी से अपील की कि वह पूरे इंडिया गठबंधन को अपना पूरा समर्थन दें ताकि भाजपा प्रदेश में एक सीट के लिए भी तरस जाए।

प्रेसवार्ता में विकासशील स्वराज पार्टी के जो नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहे उनमें शामिल हैं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक डा उमाशंकर सहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामप्रवेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष डा मनोज रविदास, प्रदेश प्रधान महासचिव डा सुरेन्द्र सहनी, प्रदेश महासचिव जर्नादन सिंह कुशवाहा, प्रदेश महासचिव श्रीमती गीता सहनी एवं प्रदेश सचिव लाल बाबू पंडित।

प्रेस कॉन्फ्रेंस मे डा अम्बुज किशोर झा, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजकिशोर सिंह, शिशिर कौन्डिल्य, सुदय शर्मा, शशि रंजन, निधि पाण्डेय, रवि गोल्डेन, ममता निषाद ,विमलेश तिवारी आदि शामिल रहे।

# प्रदेश की सभी 40 सीटों पर एनडीए के प्रति जनता का उत्साह चरम पर : उमेश

## कहा- पहले दो चरणों के चुनाव में धराशायी हुआ विपक्ष



पटना। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने तीसरे चरण में होने वाले मतदान को लेकर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बयान जारी कर कहा कि चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए तीन चरणों के सारे लोकसभा क्षेत्रों में हमें जाने का मौका मिला और इस दौरान हमें प्रदेश की जनता में गजब का उत्साह दिखा है। सभी सीटों के जमीनी माहौल को देखकर हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि बिहार की जनता तय कर चुकी है कि इस बार सभी 40 लोकसभा सीटें एनडीए की झोली में जाएगी। पहले व दूसरे चरण में आम जनता का रुझान एनडीए की तरफ था और तीसरे चरण में भी एनडीए सबसे आगे है। कई सीटों पर तो विपक्ष का उम्मीदवार अपनी जमानत बचाने के लिए संघर्ष करता दिखाई दे रहा है। जमीनी हकीकत यह है कि चुनावी मैदान में विपक्ष पूरी धराशायी हो चुका है। श्री कुशवाहा ने कहा कि हमलोग बड़े अंतर से यह चुनाव जीत रहे है, 4 जून को सिर्फ औपचारिक घोषणा बाकी है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनकल्याण के क्षेत्र में इतने काम किए हैं की उसकी चर्चा करने के लिए पूरा दिन भी काफी नहीं है। दूसरी ओर हमारे विपक्षी हैं जिनके पास गिनाने के लिए अपने काम नहीं है इसलिए हमारे नेता के कामों का झूठ श्रेय ले रहें हैं। लेकिन बिहार की होशियार जनता हकीकत को अच्छी तरह से जानती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विरोधी दल के लोग लाख कोशिश कर लें, वे बिहार की जनता को अपने भ्रमजाल में नहीं फंसा सकते हैं। प्रदेश की जनता का वोट नए बिहार और नए भारत के लिए होगा। बिहार सहित पूरे देश में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत सुनिश्चित है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार रिकॉर्ड बहुमत से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

# आरक्षण को घटाने की तैयारी में है राजद-कांग्रेस: राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने राजद-कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सत्ता से बेदखल किये जाने से राजद-कांग्रेस दोनों के युवराज अब इतने बेचौन हो गये हैं कि अब यह जनता से बदला लेने की तैयारी में है। एक तरफ कांग्रेस के युवराज जहां लोगों की विरासत में मिली संपत्ति पर टैक्स लगाने की फिराक में हैं वहीं दूसरी तरफ राजद के युवराज नीतीश सरकार द्वारा दिए गये 75 प्रतिशत आरक्षण को घटाने संबंधी बयान दे रहे हैं। वह जान लें कि 14 करोड़ बिहारी मर-मिट जायेंगे लेकिन आरक्षण घटाने और पुरखों की संपति पर टैक्स लगाने के उनके मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर जी के समय केवल दलित समाज को आरक्षण मिला करता था। लेकिन कपूरी ठकुर जी ने पिछड़े-अतिपिछड़े समाज की गरीबी को समझा और पहली बार उन्हें आरक्षण देने का क्रांतिकारी काम किया। उस समय उन्होंने पिछड़े समाज को 8 प्रतिशत और अतिपिछड़े समाज को 12 प्रतिशत का आरक्षण दिया था। बाद में कांग्रेस और राजद की सरकारें आयीं, लेकिन उनका पूरा ध्यान परिवार की तिजोरी भरने पर लगा रहा। उन्होंने न तो किसी नये वर्ग को आरक्षण दिया और न ही दलितों-पिछड़ों-अतिपिछड़ों के आरक्षण को बढाया। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कपूरी ठाकुर के बाद यह नीतीश कुमार ही थे जिन्होंने बदलते वक्त के हिसाब से पिछड़े व अतिपिछड़े समाज के आरक्षण को बढ़ाकर क्रमशः 12 व 18 प्रतिशत कर दिया। बाद में जातिगत गणना करवा कर नीतीश सरकार ने इसे और बढ़ाते हुए पिछड़ा समाज के आरक्षण को 18 व अतिपिछड़ा समाज के आरक्षण को 25 प्रतिशत कर दिया। इसी तरह नीतीश सरकार ने दलितों को मिल रहे 15 प्रतिशत आरक्षण को भी बढ़ाकर पहले 16 प्रतिशत किया और अब जातिगत गणना के बाद इसे 20 प्रतिशत करने का निर्णय ले लिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के राज में दलितों-पिछड़े व अतिपिछड़े वर्ग का हुआ यह सशक्तिकरण तेजस्वी को रास नहीं आ रहा। इसीलिए यह कपूरी ठाकुर जी के जमाने वाला आरक्षण लागू कर के नीतीश सरकार में बढ़े आरक्षण को कम करने की बात कह रहे हैं।

# पटना साहिब के लोगों का उज्ज्वल भविष्य मेरा संकल्प : अंशुल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

यह चुनाव जनता और भाजपा के बीच में है, मैं पटना साहिब की जनता का प्रतिनिधि बनकर यह चुनाव लड़ रहा हूं। उक्त बातें पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ.अंशुल अविजित कुशवाहा ने लोगों के बीच में रखी।

अंशुल अविजित ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के गोलघर स्थित अखंडवासनी मंदिर में दर्शन करते हुए दिन की शुरूआत की। इसके पश्चात वे बासघाट झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में कार्यकताओं के साथ लोगों का दर्द बांटने पहुंचे, लोगों ने बताया कि आग लगने के इतने समय के बाद भी उनके पास प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं पहुंची है। इसके पश्चात उन्होंने लोदीपुर, चंदपुरा दुपुलवा (वार्ड नंबर 17) में जनसंपर्क किया, इस दौरान उन्होंने पूर्व वार्ड पार्षद सोनी देवी से मुलाकात की और क्षेत्र के हालात का जायजा लिया। अंशुल अविजित ने बताया कि लोग भाजपा के कुशासन से परेशान हैं और अब बदलाव चाहते हैं। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है, अब देश में चंद उद्योगपतियों की नहीं बल्कि जनता की सरकार काम करेगी।

# मार्क्स ने दुनिया के मजदूरों को एक होने का दिया नारा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य केंद्र द्वारा कार्ल मार्क्स की 206 वीं जयंती जनशक्ति भवन में मनाई गई। इस मौके पर खासी संख्या में कम्युनिस्ट कार्यकर्ता, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाकृतिकर्मी आदि इकट्ठा हुए। सर्वप्रथम कार्ल मार्क्स की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय नारायण मिश्रा ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अपनी ऊर्जा कार्ल मार्क्स के बनाए सिद्धांतों से ग्रहण करती है। अपने जीवन काल में उन्होंने सबसे अधिक पूंजीवाद की कार्यप्रणाली को समझने की कोशिश की। उन्होंने जो नारा दिया दुनिया के मजदूरों एक हो उसने शोषितों - पीड़ितों में एक उम्मीद जगाई। हम सबों को आज उनके विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। सी.पी.आई के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामलला सिंह ने कहा हम कम्युनिस्ट कार्यकताओं को आज मार्क्स की रचनाओं को ठीक से अध्ययन करने की आवश्यकता है ताकि हम खुद को उन सिद्धांतों से लैस। कर सकें जो दुनिया को भौतिकतावादी ढंग से समझने और उसे बदलने में हमारी सहायता कर सके। मार्क्स की यह मशहूर पंक्ति आज भी हमारे लिए प्रेरणा देने का काम करती है दार्शनिकों ने दुनिया की व्याख्या की है मूल सवाल उसे बदलने का है। इस मौके पर मौजूद लोगों में प्रमुख थे एटक के राज्य अध्यक्ष गजनफर नवाब, उपमहाचिव डी.पी यादव, पटना विश्विद्यालय में लोक प्रशासन के प्राध्यापक प्रो सुधीर कुमार, विकास कुमार, अवध किशोर , विजय कुमार वर्मा, प्रगतिशील लेखक संघ के उपमहासचिव अनीश अंकुर, चौथम के पूर्व प्रखंड प्रमुख महेंद्र महीप, जनशक्ति के संपादकीय विभाग से जुड़े सिद्धेश्वर , अंचल पांडे आदि प्रमुख थे।

# ख्वाबों की दुनिया से बाहर निकलें राजद के युवराज: सेतु

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश महासचिव और मीडिया पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राजद नेता तेजस्वी यादव से ख्वाबों की दुनिया से बाहर निकलने के लिए कहा है। कहा है कि सपने सपने ही होते हैं, वास्तविकता से सामना होने ही वे चकनाचूर हो जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे वह नींद में प्रलाप कर रहे हों कि 4 जून को जब मतों की गिनती होगी तो पूरे देश में इंडिया गठबंधन की जीत होगी।

श्री सेतु ने कहा है कि नेता विपक्ष तेजस्वी यादव का यह कहना कि सुन भाई सुन देश की धुन, इंडिया इज कमिंग ऑन 4 जून, बिल्कुल दिन में सुनहरे सपने देखने जैसा है। उनको अपनी पार्दी राजद का पिछली बार के लोकसभा चुनाव का प्रदर्शन भी दिमाग में रखना चाहिए, जब राजद का खाता भी नहीं खुला था। वह तो कांग्रेस के भरोसे महागठबंधन को मात्र एक सीट पर जीत हासिल हो सकी थी। उन्होंने या उनकी पार्टी ने इन पांच साल में ऐसा कोई तीर नहीं मारा है कि जनता उनको सिर आंखों पर बिठा लेगी।

श्री सेतु ने कहा है कि दोष अकेले तेजस्वी का नहीं है। कांग्रेस के युवराज का भी यही हाल है। इंडिया गठबंधन की जीत के खोखले आश्वासन से राजद और कांग्रेस दोनों के युवराज लोगों को गुमराह कर रहे हैं। एक देश का पीएम तो दूसरा बिहार का सीएम बनने के हसीन सपने देख रहा है, जो कभी भी पूरा होने वाला नहीं है। इन दोनों पदों पर कोई वेकेंसी नहीं है।

# जदयू चुनाव अभियान समिति की बैठक में चुनावी रणनीतियों पर चर्चा

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में रविवार को लोकसभा चुनाव अभियान समिति बैठक हुई। इस बैठक में बाकी बचे 5 चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर गहन विमर्श किया गया साथ ही प्रचार-प्रसार से संबंधित विषयों पर भी आगे की रणनीति बनाई गई। इस दौरान दो चरणों में सम्पन्न हुए चुनाव को लेकर भी पार्टी के नेताओं ने विस्तार से चर्चा की और उन्होंने कहा कि दोनों चरणों में प्रदेश की जनता का रुझान एनडीए गठबंधन की तरफ रहा है।

इस बैठक की अध्यक्षता चुनाव अभियान समिति के सह-संयोजक एवं माननीय विधानपार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह ने की। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े, विधान पार्षद जनाब अफाक अहमद खान, माननीय विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह एवं डॉ नवीन कुमार आर्या मौजूद रहें।

# विशेष बच्चों में कौशल-विकास हेतु प्रेम और निरन्तर प्रेरणा परमावश्यक

## हेल्थ इंस्टिच्युट में आयोजित तीन दिवसीय वैज्ञानिक-कार्यशाला का हुआ समापन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



प्रतिभागियों को मिले प्रमाण-पत्र

विशेष आवश्यकता वाले वच्चों और व्यक्तियों में निजी-कौशल के साथ-साथ सामाजिक-कौशल के विकास हेतु आवश्यक है कि उन्हें मानसिक-बल प्रदान किया जाए। उनके साथ प्रेम और सम्मान पूर्वक व्यवहार हो।उन्हें निरन्तर प्रेरणा दी जाए तथा उनसे जुड़ा और जोड़ा जाए। किसी भी व्यक्ति का जीवन, भले वह दिव्यांग हो अथवा सामान्य, तभी सार्थक और मूल्यवान हो सकता है, जब उसमें सामाजिक-दृष्टि विकसित हो। मानसिक रूप से असक्षम दिव्यांगों के लिए यह अवश्य कठिन है, किंतु अन्य प्रकार की शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे दिव्यांग इस हेतु सक्षम बनाए जा सकते हैं। भारतीय पुनर्वास परिषद, भारत सरकार के सौजन्य से, इंडियन इंस्टिच्युट औफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च, बेउर में, ह्लविशेष बच्चों में निजी और सामाजिक कौशल विकासह्व विषय पर आयोजित तीन दिवसीय वैज्ञानिक-कार्यशाला के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए, संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने रविवार को यह बातें कही। समारोह के मुख्य अतिथि और पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि विशेष बच्चों में, सामान्य जीवन जीने योग्य कौशल और उनके सामाजिक-सरोकार बढ़ाने के कौशल के विकास में विशेष शिक्षाकों की भूमिका सबसे बड़ी है। सबसे पहली आवश्यकता यह है कि विशेष-शिक्षकों को अधिकाधिक सक्षम बनाया जाए। ये शिक्षक ही बार-बार समझाकर विशेष बच्चों को अपना जीवन जीना और अन्य लोगों के साथ संबंध विकसित करना सिखा सकते हैं। अन्य बच्चों और समाज के अन्य लोगों के साथ वे कैसे घुल-मिल सकते हैं, इसके लिए उन्हें तैयार कर सकते हैं। न्यायमूर्ति प्रसाद ने प्रतिभागी पुनर्वासकर्मियों को प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। सुप्रसिद्ध नैदानिक मनोवैज्ञानिक डा नीरज कुमार वेदपुरिया, वाक्-श्रवण-विशेषज्ञ डा ज्ञानेन्दु कुमार, मनोवैज्ञानिक सामाजिक कार्यकर्ता निशान्त कुमार, विशेष संसाधन शिक्षक प्रेमलाल राय, सुनील कुमार यादव तथा रजनीकांत ने आज के सत्र में अपने वैज्ञानिक-पत्र प्रस्तुत किए। मंच का संचालन कार्यशाला के समन्वयक प्रो कपिल मुनि दूबे ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन देवराज ने किया।

# मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है कांग्रेस : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कांग्रेस से सवाल पूछा है कि बताएं कि विरासत टैक्स क्या है?... असल मुद्दों से ये जनता का ध्यान भटकाना चाहते हैं और जाति की राजनीति को बढ़ावा देना चाहते हैं।

काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है कितनी बार लोगों को इस बात का डर दिखाया जाएगा। आज मेरे प्रधानमंत्री दस सालों से देश के प्रधानमंत्री हैं, इन 10 सालों में बताइए कौन से संविधान का खतरा आ गया, कौन से आरक्षण पर खतरा आ गया, कौन से लोकतंत्र पर खतरा आ गया ? यह लोग अपना जवाब क्यों नहीं देते कांग्रेस की गोद में जो लोग बैठे हैं क्या ये वो कांग्रेस नहीं है जिसने आपातकाल लगाने का काम किया था और यह जो लोग अपने को जेपी के अनुयायी कहते हैं क्या था जेपी का नारा उन्होंने संपूर्ण क्रांति का नारा इसी कांग्रेस की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए दिया था और आज उन्हीं के साथ गठबंधन में रहकर यह लोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। जिस कांग्रेस के साथ ये लोग सत्ता में हैं ये कांग्रेस गरीब लोगों की संपत्ति हड़पना चाहती है। बताएं कांग्रेस द्वारा विरासत पर जो टैक्स लगाए जाने की बात हो रही है क्या है ये विरासत का टैक्स 55% संपत्ति गरीब किसानों की ये लोग हड़पना चाहती है ? 55% संपत्ति गरीब मजदूरों की लोग ये हड़प्पना चाहती है महिलाओं की संपत्ति जो गहना जेवर ये लोग इकट्ठा की है उसको ये लोग हड़पना चाहते हैं इनहेरिटेंस टैक्स के माध्यम से और ये तो उनकी परंपरा रही है। लैंड फॉर जॉब किसने शुरू की है इन्हीं लोगों ने की और जब लैंड फॉर जॉब की परंपरा शुरू किए हैं अब उसको ये विधिवत तरीके से अब जमीन को हथियाना चाहते हैं तो क्या होगी वो विधि वो है इनहेरिटेंस टैक्स लागू कर कर अब ये सारी बातें जनता के बीच नहीं आए तो भ्रमित करने के लिए कभी आरक्षण,कभी संविधान, कभी लोकतंत्र तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, मेरे प्रधानमंत्री गुजरात में कौन सा इन्होंने कानून बदल दिया, कौन सा आरक्षण हटा दिया ऐसे में ये लोग ऐसी बातें करते हैं मुद्दों से जनता को यह लोग भटकाना चाहते हैं और ये अपनी जात-पात धर्म मजहब से बांटने की जो राजनीति, जो राजद-कांग्रेस का कल्चर रही है 90 के दशक से उस कल्चर को ये लोग बढ़ावा देना चाहते हैं।

# डोला में बैठाकर पुत्र ने किया मां की अंतिम विदाई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मां और संतान के आत्मीय संबंध का अहसास करना दूसरे के लिए अकल्पनीय है। पुत्र के लिए पिता के स्नेह से कहीं ज्यादा मां की ममता से लगाव होता है। मां सिर्फ उसे अपनी संतान को जन्म ही नहीं देती बल्कि उसे स्तनपान करा उसका बड़े ही जतन से लालन- पालन कर उस योग्य बनाती है कि बुढ़ापे में उसे अपने ही जैसा उसकी संतान भी उसका देखभाल कर सके। ऐसा ही एक दृश्य देखने को मिला है। जहां एक पुत्र ने मां के निधन के बाद उनकी अंतिम विदाई चार कंधों के सहारे नहीं बल्कि अपने सिर पर रखकर की। सतनाम सत्य है के जयघोष के साथ समाधी स्थल तक शवयात्रा पहुंची। इस वक्त परिजन के साथ-साथ आसपास के लोग भी भावुक हो गये। ऐसा शायद ही देखने को मिलता है। शवयात्रा निकलने के पूर्व पुत्र डॉ प्रो धर्मवीर भास्कर ने अपनी मां के पार्थिव शरीर की आरती उतारी और चरण पखारा। बीच-बीच में उनकी आंखें नम हो जाती थी। इस वक्त उनका पूरा परिवार एवं समाज के लोग मौजूद थे। डोला पर मां की अंतिम विदाई के बारे में डॉ भास्कर ने बताया कि अगर आप माता-पिता का अकेले पुत्र हैं और आसपास में कोई नहीं है तो आप आराम से माता-पिता की अंतिम विदाई कर सकते हैं। चार कंधे की कमी महसूस नहीं होगी। बता दें कि डॉ डीके भास्कर की माता आचार्य हीरा साहेब और पिता आचार्य देवेन्द्र सहेब कबीर पंथ मानने वाले थे। पिता का निर्वाण कुछ वर्ष पहले हो चुका है और माता हीरा साहेब (80 वर्ष) का निर्वाण बीते शुक्रवार को हो गया। इसके बाद हीरा साहेब के अनुयायियों एवं सद्गुरु कबीर के मानने वालों में शोक की लहर दौड़ गयी। डॉ भास्कर ने बताया कि उनके माता-पिता पूरी जिंदगी संतों एवं अनुयायियों की सेवा में समर्पित कर दिये। माता हीरा साहेब 12 बजे रात्री में भी संतो एवं अनुयायियों को भोजन बनाकर कराने में संकोच नहीं करती थी। आज मां अनंत यात्रा पर चली गयी हैं, पंचतत्व में विलीन हो गयी लेकिन ऐसा अहसास हो रहा है कि वे हमारे बीच हैं। वे अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्रियों सहित पूरा परिवार और अनुयायियों को छोड़ गोलोक के लिए प्रस्थान कर गयी हैं।

# लालू परिवार तेजस्वी यादव को वंशवादी गुट का युवराज बनाने में जुटा है : रेणु

## पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा - प्रधानमंत्री ने आर्थिक, राजनीतिक और बौद्धिक क्षेत्र को समृद्ध कर नौजवानों का भारत बना दिया

प्रात : किरण संवाददाता



दपटना। बिहार की पूर्व उप मुख्यमंत्री और पशु और मत्स्य संसाधन विभाग की मंत्री रेणु देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तेजस्वी यादव द्वारा पीरजादे यानि बुजुर्ग बोलने पर आईना दिखाते हुए कहा कि एक व्यक्ति एक दिन में तीन रैलियां और रोड शो करके अपने कार्यकाल की कहानी देश की जनता की बताने की पूरी कोशिश कर रहा है। हर एक रैली में उतनी ही उत्साह के साथ जनता के साथ रूबरू हो रहा है। वहीं चांदी के चम्मच पर पला एक राजकुमार उत्साह के साथ एक रैली नहीं कर पा रहा है।

उन्होंने कहा कि पता नहीं कि किस सियासी जुबान से प्रधानमंत्री को बूढ़ा कहने की हिमाकत करते हैं यह लोग। प्रधानमंत्री आर्थिक राजनीतिक और बौद्धिक क्षेत्र में समृद्ध कर नौजवानों का भारत बना दिया और वे लोग बूढ़ा बात रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति की उम्र पर टिप्पणी कर सियासी खेल खेलने वाला शहजादा को चुनाव में जनता आईना दिखाने का काम करेगी।

भाजपा मीडिया सेंटर में रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री ने तेजस्वी पर तंज कसते हुए कहा कि ह्लपहले किया बिहार का बंटाधार, अब कर रहा झूठ का व्यापार, यही है राहुल का नया यार...बाप ने बहाया खून की धार, बहन फर्जी डिग्री पर करती है प्रचार और भाई करता झूठ का व्यापार ह्व

उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव कहते है कि कमाई, दवाई, पढ़ाई, सिंचाई, सुनवाई और कारवाई जैसे मुद्दों पर जनता चुनाव लड़ रही है। वे एकदम सही बात कही है। जनता इसी मुद्दे पर वोट करने जा रही है। कमाई मतलब प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप और मेक इन इंडिया। दवाई मतलब प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना। पढ़ाई मतलब, आईआईटी, नया विश्वविधायल, नई शिक्षा नीति। सिंचाई मतलब प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना। सुनवाई मतलब राम मंदिर, सीएए, 3701 कारवाई मतलब भ्रष्टाचारियों पर चोट देश विरोधियों पर एयर स्ट्राइक।

उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन हो चुका है। जनता गुंडाराज को भगाने और सुशासन को लाने के लिए वोट करेगी। घोटालेबाजों को बचाने के लिए, खुद जेल जाने से बचने के लिए, तेजस्वी बेचैन हो गए हैं। इन्हें कुछ सूझ नहीं रहा कि क्या बोले। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को मोदी फोबिया हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम, विजन और गारंटी पर जब चुनाव जीता जाएगा, तो चुनी लालू यादव के नाम पर धुनी थोड़े रमाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सिर्फ संसद नहीं बल्कि पूरा देश और विदेश में रह रहे देशवासी मोदी -मोदी धुनी रमा रहे हैं। रमाएं भी क्यों नहीं? आखिर इतने सालों के बाद एक व्यक्ति भारत को आर्थिक सांस्कृतिक और राजनीतिक आजादी दे रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन के फंडिंग से चलने वाले न्यूज चैनल का पोषित पार्टी राजद अपने राज्य भर में अस्तित्व का तलाश कर रहा है और बात इंटरनेशनल लेवल का कर रहा है। राजद जब से सिंगापुर से कैंडिडेट को मंगाकर चुनाव लड़वा रहा है, तब से उनके नेता लोग विदेशी भाषा बोलने लगे हैं। श्रीमती देवी ने कहा कि विपक्ष की हालात ये हो गयी है कि वंशवादी गिरोह के हेड राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए, प्रियंका गांधी जी ने इनकार कर दिया। ये लोग जनता को बरगलाने का काम कर रहा है। लालू प्रसाद यादव का परिवार पार्टी पूरी तरह कांग्रेस को नेस्तनाबूद करने में लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि 53 साल की उम्र के राहुल गांधी इनके लिए युवा नायक बनकर तैयार है। 77 साल की उम्र में सोनिया गांधी इनकी राजमाता बनी हुई है। 69 वर्षीय अपनी मां राबड़ी देवी को विधान परिषद भेजा जा रहा है। खुद 47 साल की उम्र में तीसरी बार हारने के लिए पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। ऐसी महिला पूरे विश्व में पताका फहरा रहें आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के उम्र का जिक्र करके उन पर हमला कर रहे हैं। उनके नफरत का तकाजा समझा जा सकता है।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि मीसा भारती को बताना चाहिए आप एमबीबीएस में टॉप कैसे की? डॉक्टर की पढ़ाई करने के बाद अपने कितने मरीजों का इलाज किया ? आपकी शादी में जो खर्चा हुआ था,रुपया कहां से आया था? आपके पति शैलेश मनी लॉन्ड्रिंग केस के मुख्य अपराधी कैसे बने? प्रेस वार्ता में मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार, प्रेस पैनलिस्ट सुमीत शशांक उपस्थित थे।

# पटना नगर निगम को अप्रैल माह में 11.76 करोड़ की हुई राजस्व प्राप्ति

## घर बैठे संपत्ति कर का भुगतान करने वालों की संख्या बढ़ी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

प्रोपर्टी टैक्स में 5 प्रतिशत की छूट का लाभ लेते हुए आम जन टैक्स का भुगतान कर रहे है। गौरतलब है कि संपत्ति कर एवं कचरा शुल्क के रूप में *पटना नगर निगम को इस वर्ष सिर्फ अप्रैल में ही 11.76 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है। यह कुल 44,417 सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों से प्राप्त हुई है।

पिछले वर्ष 6.25 करोड़ का आया राजसव

अप्रैल 2024 में होल्डिंग्स, जो रुपये से काफी अधिक है। अप्रैल 2023 के दौरान 19,778 संपत्तियों से 6.25 करोड़ रुपये एकत्र किए गए।

अप्रैल 2023 में प्राप्त राशि :
कुल होल्डिंग्स - 19,778
राजस्व प्राप्ति - 6.25
ऑनलाईन जमा करने वाले संस्थान झ 7581
ऑनलाईन जमा की गई राशि- 1.91 करोड़

अप्रैल 2024 में प्राप्त राशि
कुल होल्डिंग्स - 44,417
राजस्व प्राप्ति 11.76 करोड़ रुपये
ऑनलाईन जमा करने वाले संस्थान झ 25,632
ऑनलाईन जमा की गई राशि- 5.54 करोड़

ऑनलाईन भुगतान करने वाले लोगों की बढ़ी संख्या

संपत्ति कर का भुगतान करने वाले लोगों में ऑनलाइन भुगतान करने की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। आम जन अब घर बैठे ही संपत्ति कर का भुगतान निगम के विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाते हुए कर रहे है।

पिछले वर्ष 38 प्रतिशत लोगों ने संपत्ति कर का भुगतान ऑनलाइन किया था वहीं इस वर्ष 58 प्रतिशत पहुंच चुका है।

**घर बैठे क्यूआर कोड के जरीए कर सकते है भुगतान :**

पटना नगर निगम द्वारा पहली बार क्यूआर कोड लगे हुए डिमांड वार्डो में भेजे गए है। नगर निगम कर्मी घर-घर जाकर आमजनों से प्रोपर्टी टैक्स का भुगतान करवाएंगे। यह डिमांड हर व्यक्ति के टैक्स के अनुसार तैयार किया गया है। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही आमजन को अपनी बकाया राशि की जानकारी मिल जाएगी। जिसके बाद ऑनलाइन किसी भी एप ( फोन पे, गुगल पे एवं पेटीएम) के माध्यम से भुगतान कर सकते है। इसके साथ ही *पटना नगर निगम की बेवसाइट एवं टैक्स काउंटर ( सुबह 9 से 7) की सुविधा दी गई है। गौरतलब है कि आमजन 30 जून तक संपत्ति कर के इस छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, सोमवार, 06 मई, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### सहायक महाप्रबंधक बनने पर हर्ष

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के महिषी रूपौली खुर्द निवासी अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक शूलपानी झा के पुत्र संतोष कुमार झा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सहायक महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वर्तमान में वे वाराणसी में पदस्थापित है। उनके सहायक महाप्रबंधक बनने पर महषी पंचायत के पूर्व मुखिया कपिलेश्वर कुंवर, रंधीर ईसर, कमल किशोर, बिंदेश्वर कुंवर, रमेश कुंवर, अजीत झा, पवन कुमार झा शत्रुघ्न मिश्र आदि ने बधाई दी है।

### विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

कलयाणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो विदेशी शराब के कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान छोटी सलाह गांव निवासी कपिल सहनी के पुत्र संजय कुमार सहनी ओर कोशल ठाकुर के गोरव कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। वहीं दोनों गिरफ्तार कारोबारी के पास से पुलिस ने चार बोतल विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं चकमेहसी थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट दिए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

### इंडिया महागठबंधन के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। इंडिया महागठबंधन के उजियारपुर प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विभूतिपुर विधानसभा के सिंघिया घाट में पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम ने किया। मौके पर पूर्व विधायक मंजू प्रकाश, राजेश्वर महतो, अरविंद कुमार, श्याम किशोर कमल, मिथिलेश सिंह, अजय कुमार, कपिलेश्वर कुंवर, सरोज ठाकुर, श्याम किशोर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### विभूतिपुर विधानसभा में बनाए गए 36 सेक्टर

विभूतिपुर, उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभूतिपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर निगरानी रखने के लिए 36 सेक्टर बनाए गए हैं। प्रत्येक सेक्टर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात रहेंगे। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में भरपुरा पटपरा, बेलसंडी तारा, सिंघिया बुजुर्ग उत्तर, महथी उत्तर, सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण, आलमपुर कोदरिया, वाजिदपुर बम्बैया, महिषी, केराई एवं चकहवीब, चकहवीब, मुस्तफापुर एवं कल्याणपुर उत्तर, कल्याणपुर उत्तर, कल्याणपुर दक्षिण, विभूतिपुर उत्तर, विभूतिपुर उत्तर एवं महथी दक्षिण, महथी दक्षिण एवं बोरिया, नरहन, नरहन एवं विभूतिपुर पूरब, विभूतिपुर पूरब एवं भूसवर, चोरा टभका, चोरा टभका एवं टभका, महम्मदपुर सकड़ा, खास टभका दक्षिण, खास टभका उत्तर, सुरौली, गंगौली मंदा, साखमोहन, पतैलिया, पतैलिया एवं देशरी करर्ख, देशरी करर्ख, वहीं दलसिंहसराय प्रखंड अंतर्गत बुलाकीपुर, कमरॉव, कमरॉव मालपुर एवं नगर परिषद क्षेत्र मालपुर, नगर परिषद क्षेत्र रामपुर जलालपुर, नगर परिषद क्षेत्र अजनौल एवं अजनौल, अजनौल एवं बम्बैया हरलाल को सेक्टर बनाया गया है।

### टोटो चोरी की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सोनवारचक निवासी पवन यादव के पुत्र रोहित यादव ने टोटो गाड़ी चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से बताया गया कि 3 मई की संध्या रोसड़ा से दाहू चौक टोटो चलाकर आया। थक जाने के कारण चौक से 500 मीटर की दूरी पर काली मंदिर के पास गाड़ी लगाकर आराम करने लगा। इसी बीच आंख लग गई और जब आंख खुली तो टोटो गाड़ी गायब था। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया। लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया।


### महिला के साथ छेड़खानी का प्रयास, प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने छेड़खानी का प्रयास किया। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने विभूतिपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें गांव के ही दो लोगों को नामजद की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला खेत से काम कर घर लौट रही थी। तभी गलत नीयत से गांव के ही एक व्यक्ति पीछे से पकड़ लिया। खेत की ओर खींचने लगा। तथा जान मारने की नीयत से गला दबाने लगा। महिला के घिघियाने पर आसपास के लोगों को जुटते देख आरोपी महिला के मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया।

# साइबर अपराधियों में नहीं रहा पुलिस का खौफ, डीआईजी और एसपी के नाम से बनाया फर्जी फेसबुक अकाउंट

## फेक फेसबुक अकाउंट से आधे से कम दामों में कीमती फर्नीचर बेचने के फ्रॉड का कर रहे प्रयास

- डीआईजी बाबूराम के नाम से तीन और एसपी विनय तिवारी के नाम से चल रहा एक फेक अकाउंट, डीआईजी ने ऑथेंटिक प्रोफाइल से लोगों को किया आगाह
- लोगों को फेसबुक मैसेज भेज मांगा जा रहा है उनका मोबाइल नंबर




समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

बढ़ते टेक्नोलॉजी के इस दौर में लगभग हर कोई मोबाइल और इंटरनेट का प्रयोग कर रहा है। हर हाथ में मोबाइल आ जाने से खाने-पीने के समान के साथ-साथ अब लगभग हर चीज ऑनलाइन और होम डिलीवरी की सुविधा का लाभ इंटरनेट उपयोगकर्ता उठा रहे हैं। इसके साथ ही बिजली बिल जमा करने के साथ-साथ लगभग हर चीज में ऑनलाइन की व्यवस्था है। टेक्नोलॉजी के इस चमत्कारिक युग में लोग ऑनलाइन वर्क कर लाखों रुपए कमा भी रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही जागरूक नहीं रहने के कारण लोग अपने कमाए हुए रुपए गंवा भी रहे हैं। आए दिन ऑनलाइन फ्रॉड की खबरें आती रहती हैं। इसी को देखते हुए राज्य के अन्य जिलों की तरह समस्तीपुर जिले में भी साइबर थाने की शुरआत की गई थी। लगभग एक साल पहले एसपी विनय तिवारी के द्वारा महिला थाना के ऊपरी तल्ले पर स्थित साइबर थाना का उद्घाटन किया गया था। उद्देश्य था कि साइबर थाना खुलने के बाद लोगों को अपनी साइबर फ्रॉड से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। हालांकि अब तक इसका पूर्ण रूपेण लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। बहुत सारे मामलों में वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद साइबर थाना में मामला दर्ज हो पाता है। कई मामलों में पुलिस साइबर अपराधियों तक नहीं पहुंच पाती है, क्योंकि टेक्नोलॉजी का प्रयोग का साइबर अपराधी अपने आईपी एड्रेस और लोकेशन को छुपाए हुए रहते हैं। इस कारण पता नहीं चल पाता है कि साइबर अपराधी आपके गली-मोहल्ले में बैठे हुए हैं अथवा सुदूर किसी क्षेत्र से बैठकर फ्रॉड की घटना को अंजाम दे रहे हैं। साइबर अपराधी जहां पहले आम लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट को क्लोन कर अथवा फेक आईडी से अपना सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर लोगों को झांसे में लेकर फ्रॉड की घटना करते थे। वहीं अब उनके मन से पुलिस का खौफ पूरी तरह से मिट चुका है और यही कारण है कि साइबर अपराधी अब पुलिस पदाधिकारियों के नाम से फेक अकाउंट बनाकर लोगों के साथ फ्रॉड करने का प्रयास कर रहे हैं। ताजा मामला मिथिला प्रक्षेत्र के डीआईजी बाबू राम का है। बदमाशों ने उनके नाम से उनकी तस्वीर का इस्तेमाल कर फेक फेसबुक आईडी बना लिया है। डीआईजी बाबूराम के द्वारा अपने ऑथेंटिक फेसबुक अकाउंट के माध्यम से इसकी जानकारी दी गई है। जिसमें उन्होंने बताया है कि साइबर अपराधियों के द्वारा उनके नाम से तीन फेसबुक अकाउंट बनाया गया है। जिसका एक फेसबुक अकाउंट आईपीएस बाबू राम के नाम से है और उसके फ्रेंड लिस्ट में 167 लोग जुड़े हुए हैं। दूसरा फेसबुक अकाउंट बाबू राम के नाम से है और उसमें 278 लोग जुड़े हुए हैं। तीसरा फेसबुक अकाउंट आईपीएस बाबूराम के नाम से फेसबुक पेज है और इसमें 163 फॉलोअर जुड़े हुए हैं। आईपीएस बाबू राम ने अपने ऑथेंटिक फेसबुक अकाउंट के माध्यम से लोगों को उनके नाम से चल रहा है फर्जी फेसबुक अकाउंट के प्रति आगाह करते हुए कहा है कि वह सभी फेसबुक उपयोगकताओं को सूचित करते हुए कहना चाहते हैं कि उनके नाम से किसी व्यक्ति ने द्वितीय धोखाधड़ी करने की मंशा से उनकी तस्वीर व अन्य व्यक्तिगत जानकारियों का उपयोग करते हुए फेसबुक आईडी बनाया है। उन्होंने बताया है कि उनके नाम से बने फर्जी फेसबुक आईडी से संतोष कुमार सीआरपीएफ अधिकारी को उनका अभिन्न मित्र बताकर संतोष कुमार का कीमती फर्नीचर अत्यधिक कम कीमत पर बेचने का मैसेज उनके फेसबुक मित्रों को भेजा जा रहा है। उन्होंने लोगों से इस धोखाधड़ी से बचकर रहने की सलाह दी है। उनके नाम से बने फेक आईडी के माध्यम से मोबाइल नंबर और रुपए आदि की मांग अगर की जाती है तो उसे लोग सावधान रहें और उसके झांसे में न आएं। वहीं समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के नाम से भी एक फर्जी फेसबुक अकाउंट इन दिनों चल रहा है। यह फेसबुक अकाउंट विनय तिवारी आईपीएस के नाम से चल रहा है। इसके फ्रेंड लिस्ट में 58 लोग जुड़े हुए हैं। इस फर्जी फेसबुक अकाउंट के माध्यम से भी लोगों को मैसेज भेजा जा रहा है सीआरपीएफ अधिकारी संतोष कुमार उनके मित्र है और उनका ट्रांसफर हो गया है और ऐसी स्थिति में वह अपना कीमती फर्नीचर बहुत ही कम दामों में बेचना चाह रहे हैं। इसलिए लोगों से उनका मोबाइल नंबर भी मांगा जा रहा है। लोगों को दिए जा रहे मैसेज में कहा जा रहा है कि सीआरपीएफ के ट्रक से वह कीमती फर्नीचर आदि उनके घर तक डिलीवर किया जाएगा। हालांकि यह मामला एसपी विनय तिवारी के संज्ञान में आने के बावजूद भी अभी तक उनके नाम से चल रहा फर्जी फेसबुक अकाउंट के विरुद्ध कोई एक्शन नहीं लिया गया है। बताते चलें कि टेक्नोलॉजी के जानकारों के अनुसार साइबर थाना रविवार को बंद रहता है और इसी को देखते हुए साइबर अपराधी आमतौर पर रुपए ठगी करने के लिए शनिवार का दिन चुनते हैं। साइबर थाना के ऑनलाइन आंकड़े के अनुसार इस वर्ष 15 अप्रैल तक साइबर क्राइम से संबंधित 14 मामले दर्ज किए गए थे। वहीं पिछले वर्ष जून से लेकर दिसंबर तक 52 मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से अधिकांश मामले ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया पर अश्लील तस्वीर शेयर करने व फर्जी फेसबुक अकाउंट से संबंधित हैं।

## महिला हत्याकांड का हुआ उद्भेदन, हत्यारा प्रेमी गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र पिछले दिन हुए प्रेम प्रसंग में हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है।इस मामले में महिला के हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है। मामला मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र का है। जहां बीते दिनों संदिग्ध स्थिति में एक विवाहित महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था। मामले में मृतक महिला के भाई ने अज्ञात लोगों के द्वारा अपनी बहन की हत्या किए जाने का आवेदन साहेबगंज थाने की पुलिस को दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी राकेश कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ सरैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।इसके बाद पुलिस ने मोबाइल डिटेल और आम सूचना के आधार पर मोतीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले अखिलेश राय को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद पुरे मामले का खुलासा हो गया। गिरफ्तार आरोपी ने अपनी स्वीकारोक्ति में पुलिस को बताया कि मृतक महिला गीता देवी और वह दोनो मोतीपुर थाना क्षेत्र के ही रहने वाले है और दोनो साथ में ही मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक प्लाई फैक्टरी में साथ काम करते थे। इसी बीच दोनो को एक दूसरे से प्यार हो गया। बीते 26 अप्रैल को अखिलेश राय के बहन के ननद की शादी थी। जिसमे जानें के लिए गीता देवी ने अखिलेश राय पर दबाव बनाया। जिसके बाद अखिलेश राय अपनी प्रेमिका को लेकर अपनी बहन के यहां जानें के लिए निकला। रास्ते में अखिलेश राय की उस कथित प्रेमिका ने कहा कि अपने बहन के ननद के शादी वाले मंडप में ही वह दोनों भी शादी कर लेंगे। इसपर अखिलेश राय ने शादी करने से इंकार कर दिया । जिसके बाद दोनो के बीच मारपीट हो गई और गुस्से में आकर अखिलेश राय ने अपनी कथित प्रेमिका गीता देवी की गला दबा कर हत्या कर दी। पुलिस ने पुछताछ के बाद आरोपी प्रेमी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## बगावत करने वालो की खैर नहीं : नीतीश



कलयाणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव को लेकर कल्याणपुर प्रखंड के कालाजार भवन के परिसर में रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए के प्रत्याशी शांभवी चौधरी के चुनावी सभा संबोधन करने के लिए आए थे। वहीं चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जीविका दीदी देशभर में आजीविका बन गई है। जीविका दीदी को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर जोड़ दिया गया है। जिसे महिलाएं भी बहुत अच्छा बोल लेती है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश में पति-पत्नी का सरकार बना जिसमें जनता का कोई भलाई नहीं हो सका। वहीं उन्होंने कहा कि पार्टी में रहकर बगावत करने वाले को अब खैर नहीं है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज कई जगह पर खोलने की बात कही है। भाजपा से मेरा 25 वर्षों का पुराना संबंध रहा है। वहीं एनडीए के प्रत्याशी शांभवी चौधरी को लोजपा रामविलास की पार्टी से जीतने की अपील लोगों से किया। वहीं उन्होंने कहा कि बिहार में 40 सीट पर एनडीए गठबंधन जीत रही है। मुख्यमंत्री को मखाना का मामला पहनाकर कार्यकर्ता ने स्वागत किया गया। वहीं सभा की अध्यक्षता जयदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने किया। संचालन भाजपा ओमप्रकाश कुशवाहा ने किया। मौके पर बिहार महिला आयोग के अध्यक्ष अश्वमेघ देवी, अनिल सिंह, शकुंतला वर्मा, रामदेव महतो सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चुनाव संपन्न कराने को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी लोकसभा चुनाव को लेकर जयनगर थाना प्रभारी अनूप कुमार के नेतृत्व में बीएसएफ सहित सुरक्षा बलों के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया जो मैन रोड भेलवा चौक ब्लॉक रोड कमला बराज सहित अन्य जगह से घूम कर सुरक्षा को लेकर फ्लैग मार्च कर लोगों से शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च निकाल कर पुलिस ने इस बात का संदेश दिया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कोई भी लॉ एंड ऑर्डर को तोड़ने का प्रयास करता है तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। शांति व्यवस्था बनाये रखना और आमजन को निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने की प्रेरणा देना था। साथ ही बदमाशों और असामाजिक तत्वों में भय का माहौल उत्पन्न करना था। जनता को निर्भीक होकर मतदान कराने के लिए प्रशासन पूर्णता तैयार है। निष्पक्ष निर्भीक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस फ्लैग मार्च के जरिये चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को संदेश दे रही है। इस फ्लैग मार्च मे अपर थाना प्रभारी गोपाल कृष्णा मुकेश कुमार रामजी सिंह शेषनाथ कुमार मुकेश कुमार अनिल कुमार विनोद राम एवं पैंथर मोबाइल के अशोक कुमार महमूद आलम रितेश कुमार राहुल कुमार सहित कई अधिकारी एवं बीएसएफ जवान मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आज पोखारभिंडा हाई स्कूल स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दरभंगा के अलीनगर विधानसभा के पोखारभिंडा में 6 मई को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा की तैयारी को लेकर एनडीए के नेताओं की ओर से बैठक आयोजित किया गया इस अवसर पर जदयू के जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिन के 11 बजे पोखारभिंडा हाई स्कूल स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसमें एनडीए उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर के समर्थन में आम जनता कों सम्बोधित करेंगे। दरभंगा में एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में जबरदस्त लहर चल रही है और विपक्ष का नामोनिशान मिट चुका है। मुख्यमंत्री की पोखारभिंडा जनसभा के बाद यह तय हो जाएगा कि बिहार में सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लहर है। इस जनसभा में मुख्यमंत्री के अलावे, एनडीए उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर, राज्यसभा सांसद संजय झा, राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता,दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी, अमन भूषण हजारी, स्वर्णा सिंह, मिश्री लाल यादव, बेनीपुर विधायक विनय कुमार चौधरी के अलावे अन्य नेता उपस्थित रहेंगे। वहीं दरभंगा भाजपा किसान मोर्चा के दरभंगा जिला अध्यक्ष व अलीनगर विधानसभा के संयोजक संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में अलीनगर विधानसभा की जनता ने भारी से भारी संख्या में पहुंचकर अपना योगदान दिया उसी तरह से आदरणीय नीतीश कुमार की जन सभा को सफल बनाने का मन अलीनगर विधानसभा की जनता ने बना लिया है। उन्होंने कहा कि दरभंगा लोकसभा में कहीं भी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है और एक तरफा एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में लहर चल रही है। बैठक में जदयू के नेता राजकुमार झा प्रदेश किसान मोर्चा जे प्रवक्ता सह अलीनगर विधानसभा के प्रभारी अश्विनी यादव, सह प्रभारी प्रोफेसर कौशलेंद्र, लोजपा रामविलास पासवान पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष उगन यादव, दरभंगा भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झा सहित एनडीए के अन्य नेता उपस्थित थे।

## कामरेड अतुल कुमार अंजान के निधन से वामपंथी आंदोलन को भारी नुकसान : राजीव चौधरी

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दुनिया के विख्यात कम्युनिस्ट नेता, स्वामीनाथन कमीशन के इकलौते किसान सदस्य, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, एआईएसएफ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड अतुल कुमार अंजान की शोक व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सीपीआई के जिला सह सचिव राम नरेश राय की अध्यक्षता में पार्टी के जिला कार्यालय लालबाग में संपन्न हुई। जहां वक्ताओं ने कहा कि कामरेड अतुल कुमार अंजान के निधन से दुनिया के अंदर कम्युनिस्ट आंदोलन को गहरा क्षति पहुंचा है। कॉ० अतुल कुमार अंजान प्रखर वक्ता थे। वह देश के दलित, शोषित, पीड़ित, किसान-मजदूर छात्र नौजवान के पीड़ा को बड़ी प्रमुखता से किसी भी पटल पर रखते थे। उनके जाने से पूरे देश में सभी वर्गों में काफी हताश है। पार्टी इस अवसर पर पूरे देश में तीन दिवसीय शोक घोषित की है। आज इसी कड़ी में हम लोग उनके निधन के उपरांत शोक व श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर रहे हैं। इस अवसर पर हम लोग यह संकल्प लेंगे की कामरेड अतुल कुमार अंजान ने जो बेहतर भारत की सपना देखा था उसे हम लोग पूरा करने का काम करेंगे। ज्ञात होगी 3 मई को अगले सुबह बरसों से कैंसर से पीड़ित कॉ० अतुल कुमार अंजान का निधन लखनऊ के निजी अस्पताल में हो गयी। वे अपने पीछे पूरे भरे पूरे परिवार को छोड़कर गए हैं। वे हिंदी,बज्जिका, भोजपुरी, जापानी, इंग्लिश, उर्दू सहित कई भाषाओं के विद्वान थे। उनका जन्म बिहार के बांका जिला में हुआ था। उनके पिता देश के एक बड़े प्रतिष्ठित चिकित्सक थे। शोक सभा में किसान सभा के राज्य अध्यक्ष राम कुमार झा, नारायण जी झा सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, अहमद अली तमन्ना सचिव किसान सभा दरभंगा जिला, मणिकांत झा, चंद्र किशोर झा,जीवछ पंडित , विश्वनाथ मिश्र , शिव कुमार सिंह , हर्ष राजवर्धन रामनाथ पंजियार ,पवन चौधरी ,राम आशीष राम ,अखिलेश चौधरी, सुधीर कुमार, शरद कुमार सिंह, हरे कृष्णा राम, ललित कुमार मिश्रा आदि ने गहरा शोक व्यक्त कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## लोकसभा चुनाव पर वामदलों का कन्वेंशन आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय चन्द्रशेखर भवन में सीपीआई (एमएल) की मुजफ्फरपुर जिला कमेटी के बैनर तले आज लोकसभा चुनाव 2024 और प्रगतिशील एवं क्रांतिकारी शक्तियों का दायित्व विषय पर एक कन्वेंशन का आयोजन किया गया। इस कन्वेंशन में करीब 150 लोगों की भागीदारी हुई। कन्वेंशन की अध्यक्षता पार्टी की मुजफ्फरपुर जिला कमिटी के सचिव उदय चौधरी ने की। कन्वेंशन को सम्बोधित करने वाले प्रमुख वक्ताओं में भाकपा (माले) की केन्द्रीय कार्यकारिणी कमेटी के सदस्य अरविन्द सिन्हा, बिहार प्रांतीय कमिटी के सचिव . नन्द किशोर सिंह, प्रांतीय कमिटी के सदस्य अखिलेश्वर प्रसाद एवं सुनील कुमार , सीपीआई के जिला कमिटी के सचिव राम किशोर झा , एमसीपीआई(यू) के जिला कमिटी सचिव भूप नारायण सिंह, राजनीतिकर्मी राधिका रमण, सामाजिक कार्यकर्ता आनन्द पटेल , जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी के नेता कृष्ण मुरारी , उल्लेखनीय रहे। कन्वेंशन को सम्बोधित करते हुए अरविन्द सिन्हा और नन्द किशोर सिंह ने विस्तार से विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में फासिस्ट एवं साम्प्रदायिक भाजपा एवं उसके सहयोगियों को परास्त करने के लिए वोट देना चाहिए। शासक वर्गों की जनविरोधी एवं साम्राज्यवादपरस्त आर्थिक नीतियों का पदार्फाश करना चाहिए। साथ ही आम जनता की समस्याओं के स्थाई समाधान के मद्देनजर नव जनवाद और समाजवाद के लिए जनसंघर्षों को तेज करना चाहिए।

## भारत नेपाल की सीमा 72 घंटे के लिए सील

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में आगामी 7 मई को होने वाली चुनाव को लेकर इंडो- नेपाल बॉर्डर को 72 घंटे पहले सील कर दिया जाएगा यानि शनिवार की देर शाम से मंगलवार की देर शाम तक बॉर्डर सील रहेगा। एसडीएम बीरेंद्र कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश के अनुसार 72 घंटे बॉर्डर सील रहेगा। आवश्यक कार्यों को छोड़ दोनों देश के पैदल व वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। एसएसबी के द्वारा भारतीय क्षेत्र में बॉर्डर के इंट्री प्वाइंट पर चौकसी बढ़ा दी गयी है। वहीं बॉर्डर के उस पार नेपाल एपीएफ के जवान चौकसी कर रहे हैं। दोनों देश के सुरक्षा बलों ने अपनी अपनी तरफ बॉर्डर के आने जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर सील कर दिया है। वहीं दोनों ओर 24 घंटे पेट्रोलिंग बढ़ा दी गयी है ताकि कोई भी असामाजिक तत्व इधर से उधर न आ जा सके। एसएसबी के पटना फ्रंटियर के आईजी पंकज दराद ने बताया कि चुनाव को लेकर इंडो- नेपाल बॉर्डर के चुनावी क्षेत्र के बॉर्डर को 72 घंटे तक सील किया गया है। सभी इंट्री प्वाइंट पर एसएसबी अधिकारी के नेतृत्व में जवान तैनात हैं। इंट्री प्वाइंट को बैरिकेडिंग कर दिया गया तथा दिन रात सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। बता दें कि शनिवार की देर शाम से मंगलवार को चुनाव समापन के उपरांत देर बॉर्डर खोल दिया जाएगा। इधर दोनों देश के सुरक्षा कर्मी आपस में समन्वय बना कर संयुक्त पेट्रोलिंग करेंगे।

## छापेमारी में 40 गोली व फाइबर का पिस्टल बरामद, बदमाश फरार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना क्षेत्र के काशीपुर स्थित तिरहुत एकेडमी रोड में बने एक मकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में गोली, फाइबर का बना हुआ पिस्टल व लोहे का बना हुआ बंदूक जैसा सामान बरामद किया है। इस संबंध में नगर थाना के ईआरवी-2 में पदस्थापित एसआई अखिलेश्वर सिंह के आवेदन पर घटहो थाना क्षेत्र के खजुरी के स्व रामसागर सिंह के पुत्र सुजीत सिंह चंदेल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। दर्ज एफआईआर में एसआई अखिलेश्वर सिंह ने बताया है कि शुक्रवार की शाम गश्ती के दौरान शहर के गोला रोड में उन्हें गुप्त सूचना मिली कि सुजीत सिंह चंदेल शहत के तिरहुत एकेडमी रोड में बने एक मकान में रह रहा है और उसके पास भारी मात्रा में हथियार व गोली है। उन्होंने इसकी सूचना नगर थानाध्यक्ष को दी और वहां से मामले के सत्यापन का निर्देश मिलने के बाद बताए गए मकान में छापेमारी की गई। हालांकि इस दौरान सुजीत सिंह चंदेल भागने में कामयाब रहा। वहीं छापेमारी में पुलिस ने उसके कमरे से 40 गोली, फाइबर का बना हुआ पिस्टल व लोहे का बना हुआ बंदूक जैसा सामान बरामद किया है। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि बरामद गोली व हथियार जैसे सामान के आधार पर सुजीत सिंह चंदेल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मोहनपुर पुल के पास बाइक लूट का प्रयास, असफल रहने पर मोबाइल व रुपए छीनकर भागे बदमाश

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर पुल के पास बाइक सवार बदमाशों के द्वारा शनिवार की अहले सुबह बाइक छिनतई का प्रयास किया गया। छिनतई में असफल रहने पर बदमाशों ने बाइक सवार युवक का मोबाइल और रुपए लूट लिया। इस संबंध में पीड़ित युवक सरायरंजन थाना क्षेत्र के भागवतपुर पंचायत के गावपुर निवासी कमलाकांत झा के पुत्र मणिकांत झा ने मुफ्फसिल थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मुफ्फसिल थाने में दिए अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि उनके पिता कमलाकांत झा आदर्शनगर चौक के पास मोहनपुर रोड स्टेट एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। शनिवार की अहले सुबह वह गांव से अपने पिता के पास जा रहा था। इसी दौरान पहले से पीछा कर रहे बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार नकाबपोश दो बदमाशों के द्वारा उनकी बाइक को जबरन रोककर लूटपाट का प्रयास किया गया। हालांकि इस दौरान बाइक के नीचे जमीन पर गिर जाने के कारण बाइक के बंद हो जाने से बदमाश बाइक को नहीं छीन पाए, लेकिन बदमाशों ने इस दौरान उनके पास से एक मोबाइल और जेब में रखे कुछ रुपए छीन लिया और फरार हो गए। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आधार पर सनहा दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## गुटखा खाकर फेंकने कि विवाद में मारपीट

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भूसवर वार्ड 6 निवासी मनीष कुमार राय ने गुटखा खाकर फेंकने के विवाद में हुई मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें 10 लोगों को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से बताया गया कि 29 अप्रैल को नरहन स्थित दुर्गा मंदिर के निकट मिडिल स्कूल के सामने पूर्व के विवाद को लेकर एक लड़का अत्यधिक मात्रा में गुटखा खाकर आगे बैठे लड़का के ऊपर फेंक रहा था। इस विवाद को सुलझाने के लिए गए तभी उपयुक्त नामित सभी मारपीट करने लगा एवं हथियार का भय दिखा कर एक लाख रुपए मांगने लगा। मेरे पास दस हजार रुपए था उसे दे दिया। पुनः बाकी पैसा एक सप्ताह के अंदर नहीं देने पर जान मारने की धमकी दिया। एवं एवं गर्दन से सोना का चैन छीन लिया।

## तीन नाबालिग छात्रा घर से एक साथ हुई फरार, थाने में दिया आवेदन

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक ही स्कूल और कोचिंग में पढ़ने वाली तीन नाबालिक छात्रा अपने घर से फरार हो गई। छात्रा के परिजनों ने अपने स्तर से उसकी काफी खोजबीन की परंतु आज तक तक तीनों का कोई पता नहीं चल सका है। छात्रा के परिजन स्थानीय थाना में आवेदन देकर अपहरण की आशंका जताई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गत 3 मई की सुबह अपने घर से नहा-धोकर तीनों एक दूसरे को बुलाकर कोचिंग जाने के लिए निकली थी परंतु तब से तीनों अपने घर वापस नहीं लौटी है। तीनों परिवार में मातम छाया है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष आनंद कश्यप ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला प्रेम-प्रसंग का प्रतीत होता है। आवेदन के आलोक में करवाई शुरू कर दी गई है।

## सभी अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा की जांच निर्धारित तिथि पर कराया : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राजीव रौशन के आदेश के आलोक में दरभंगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यथीर्यों को सूचित किया है कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा की जांच निर्धारित तिथि के अनुसार कराना है। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 14-दरभंगा लोकसभा आम निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यथीर्यों का व्यय पंजी का निरीक्षण किया जाता है। सम्पूर्ण प्रचार अवधि के दौरान व्यय पंजी को कम-से-कम तीन वार निजी रूप से या अपने निर्वाचन एजेंट के द्वारा चुनाव के दौरान किये गये चुनाव खर्च का मिलान अभ्यर्थी व्यय पंजी एवं अभ्यर्थी सैडो पंजी का अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय एवं लेखा कोषांग के लेखा पदाधिकारी के समक्ष किया जाना है। द्वितीय जांच कि तिथि 07.05.2024 एवं तृतीय जांच कि तिथि 11.05.2024 निर्धारित कि गई है। निर्धारित समय 10 बजे पूर्वांहन से 5 बजे अपराह्न है। निर्धारित लेखा निरीक्षण का स्थान कार्यालय राज्य कर अपर आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा। सभी 14-दरभंगा लोक सभा आम निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि समय एवं स्थान पर स्वयं या घोषित अधिकृत प्रतिनिधि या एजेन्ट के माध्यम से अपने लेखा की जांच करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि लेखा जांच में विफल रहने पर अथवा उपस्थित नहीं होने की स्थिति में निर्वाचन आयोग के प्रावधानानुसार विधिसम्मत कारवाई की जायेगी।

सम्पादकीय

## सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस पर हमले के अभियान में पाकिस्तान एक नया कनेक्शन है। हालांकि शुरू आती चुनाव से ही पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध खतरे के रूप में चिह्नित किया जाता रहा है। ताजा आरोप है कि पाकिस्तान शहजादेझ यानी राहुल गांधी की ताजपोशी के लिए बहुत उछल रहा है। यह चुनाव को प्रभावित करनेझ का एकरेखीय आरोप नहीं है, जैसा कि चीन-रूस के बारे में अमेरिका का होता है। प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की राहुल में दिलचस्पी के दुष्परिणामों को आंतरिक और बा, दोनों स्तरों पर दिखाते हैं। इससे देश में इस्लामिक जेहाद-आतंकवाद जोर पकड़ेगा, राष्ट्रीय एकता-अखंडता खंडित होगी, सुरक्षा-व्यवस्था कमजोर पड़ेगी और नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। यह कांग्रेसी राज का दुर्भाग्यपूर्ण फिनोमिना रहा है। इससे भारत की चहुंदिस जारी वैश्विक प्रगति भी थम जाएगी। रिकॉर्ड्स पर टिके मोदी के इस आकलन से शायद हीअसहमति होगी। पाकिस्तान से दो-दो लड़ाइयां जीतने के बावजूद कांग्रेसी हुकूमत के बनिस्बत मोदी की सुरक्षा व्यवस्था निस्संदेह पुख्ता है-कश्मीर में आतंकवाद की छिटपुट वारदात के बावजूद। घर में घुस कर मारनेझ की बात अब चेतावनी नहीं होती। इसलिए दुश्मन में दहशत पैदा करती हैं। पर क्या पाकिस्तान वास्तव में इस हालत में रह गया है कि वह आज के भारत को नुकसान पहुंचा सके? आतंक के मोर्चे पर यह आज भी सही है। इसलिए ही, पाकिस्तान आम भारतीयों में अलगाववाद और खून-खराबे के जेहाद का नाम है। इसका केवल चुनाव के समय ही नहीं, बाकी दिनों में भी किया गया उल्लेख अधिकतर भारतीयों के विचारों को ध्रुवीकृत कर देता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी की वोट जेहाद की अपील, जो एक सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी से है, बहुसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण कर सकती है। मोदी इन मुद्दों का फायदा उठाना चाहते हैं। आरक्षण और संविधान, जो चुनाव में अंडरकरंट मुद्दे हैं, उनमें भी मत-विभाजन का लाभ चाहते हैं। इस मामले में बैकफुट पर चल रहे मोदी को कांग्रेस पर हमले के नये तर्क मिल गए हैं। वे उसके अल्पसंख्यक-प्रेम को ओबीसी कोटे की हकमारी बताते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, इसकी वे कांग्रेस से लिखित गारंटी चाहते हैं। यह भय का वैसा ही तर्क है, जैसा कांग्रेस जनमानस में बिठा रही है कि मोदी आए तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण कुछ भी नहीं बचेगा।

## चुनावी समर में कूदे विदेशी महारथी

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश के लोकसभा चुनावों पर पूरी दुनिया की नजर है। अनेक देश तो इन चुनावों को प्रभावित करने के लिए अपने स्तर पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष दखलनदाजी भी करने लगे हैं। पाकिस्तान ने तो खुलकर कांग्रेस के पक्ष में मोर्चा खोल दिया है। इमरान सरकार में केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय सम्हालने वाले पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए उनके वीडियो को री-शेयर करते हुए राहुल आन फायर तक लिखा है। श्री चौधरी ने मोदी की आलोचना करते हुए एक चैनल पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रोकने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा है कि जो भी कोई अतिवादियों के खिलाफ बात करेगा, उसे मेरा समर्थन है। मुझे लगता है कि राहुल गांधी ने भारत के मौजूदा हाल की तस्वीर को सही तरीके से सामने रखा है। कांग्रेस के पैत्रिक नेता राहुल गांधी के सम्मान में पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने जमकर कसीदे पढे। देश के लोकसभा चुनावों के दौरान पाकिस्तान से आने वाले बयानों, फरमानों और जुमलों ने जिस तरह से राहुल गांधी को समर्थन देकर प्रधानमंत्री की कुर्सी दिलाने हेतु पहल की है उससे कहीं न कहीं कांग्रेस का पाक प्रेम ही उजागर होता है। चौराहों से लेकर चौपालों तक इस मुद्दे को चर्चा का विषय बनाया जा रहा है। लोगों को कश्मीर के वे दिन याद आने लगे हैं जब हमारी सेना के जवानों को वहां के पाकपरस्त लोगों की जमात सरेआम थप्पड, घूंसे और डंडों से मारा करती थी, जान बचाने के लिए एक आंतकी को जीप में बांध कर निकलने पर फौज के अधिकारी को दण्ड दिया गया था, पत्थरबाजों से लेकर आतंकवादियों तक को सेनानी घोषित किया जाता था। तब के वाक्यरहित मुखिया की सरकार अपने आका के रिमोड के बिना हिल भी नहीं पाती थी। हथियारबंद सेना के जवान कश्मीर में फैले आतंकियों से मार खाते थे, उनके हाथ सरकार ने बांध दिये थे और होते थे आतंकवादियों के हमलों में शहीद। नये भारत की बदलती तस्वीर से केवल पाकिस्तान ही नहीं बौखलाया है बल्कि चीन भी भारत के लोकसभा चुनावों पर अपने सरकारी मीडिया यानी ग्लोबल टाइम्स व्दारा प्रधानमंत्री मोदी, देश की नीतियों और कार्यप्रणाली पर खासा प्रहार कर रहा है। चीन के इशारे पर नेपाल ने गत शुक्रवार को अपने सौ रुपये के नये नोट पर भारत के क्षेत्र को अपना क्षेत्र दिखाया कर छापने की घोषणा की है। वहां के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में सौ रुपये के नये नोट पर नेपाल के संशोधित मानचित्र को छापने का निर्णय लिया गया है। इस नोट पर छपने वाले नेपाली मानचित्र में भारत के लिपूलेख, लिंपियाधुरी तथा कालापानी को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि नेपाल से भारत के पांच राज्यों की 1850 किलोमीटर की सीमा लगी है। इन सीमावर्ती सिक्किम, पश्चिमी बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड राज्यों के रास्ते चीन की शह पर खुलेआम तस्करी होती है, अपराधियों की आमद दर्ज होती है और होती है विदेशी आतंकवादियों की घुसपैठ। चीन ने मालदीप के रास्ते से भारत पर अप्रत्यक्ष हमला करना शुरू कर दिया है जिसे चुनावी काल में बयानों की लपटों से तेज किया जा रहा है। इसी चुनावी दौर में ही चीन के साथ गलबहियां करने वाले कनाडा ने भी अपनी धरती से खालिस्तान की मुहिम चलाने वाले कुख्यात आंतकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया है। अल्बर्टा के एडमान्टन में रहने वाले 22 वर्षीय करण बरार, 28 वर्षीय करण प्रीत सिंह तथा 22 वर्षीय कमल प्रीत सिंह को गिरफ्तार करने के बाद वहां के असिस्टेन्ट कमिश्नर डेविड टेबोल ने कहा है कि गिरफ्तार किये गये लोगों के भारत सरकार के साथ संबंधों की बारीकी से जांच की जायेगी। कनाडा की धरती से खालिस्तान के आतंकी अपनी गतिविधियों के निर्विघ्न रूप से निरंतर संचालित कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चंदा जुटाने वाले एक कार्यक्रम में भारत को अप्रवासियों से घृणा करने वाला देश निरूपित कर दिया है। उन्होंने जेनोफोबिक की संज्ञा से संबोधित करते हुए भारत की निंदा करते हुए स्वयं को प्रवासियों का रहनुमा घोषित कर दिया है। वहीं अमेरिका सरकार के इशारे पर वहां की मीडिया ने दुनिया भर में भारत के जासूस फैले होने की खबरें प्रकाशित करना शुरू की हैं। इस रिमोड मीडिया ने पन्नू की हत्या से लेकर पाकिस्तान में मारे जा रहे आतंकवादियों तक में भारत की खुफिया एजेंसी की भूमिका प्रकाशित की है। इन प्रकाशनों में साक्ष्य के रूप में केवल शब्द जाल, संभावनायें और अटकलों की ही भरमार है। इन्हीं रिपोर्ट के आधार पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बिलूच ने विश्व समुदाय के सामने भारत पर मनगढन्त आरोप लगाना शुरू कर दिया है। इसी दौर में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी अमेरिका सहित अनेक देशों ने प्रधानमंत्री मोदी के विरुध्द मोर्चा खोल दिया था। कांग्रेस के खातों पर होने वाली कानूनी कार्यवाही पर भी दुनिया के अनेक देशों ने आंसू बहाये थे। वाशिंगटन में रहने वाले बंगलादेशी नागरिक मुश्फिकुल फजल अंसारे से अमेरिका के विदेश विभाग तथा यूएन की प्रेस ब्रीफिंग में अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सवाल उठवाया गया था।

इस बंगलादेशी नागरिक पर एक एनजीओ की आड में कुछ खास कृत्यों को अंजाम देने के भी आरोप लगते रहे हैं। अपने अमेरिका प्रवास के दौरान राहुल गांधी ने तो श्री अंसारे से खासतौर पर मुलाकात भी की थी। इस बंगलादेशी नागरिक पर हमेशा से ही भारत विरोधी षडयंत्र करने, अफवाहों के लिए धरातल तैयार करने तथा व्यक्तिगत लाभ कमाने के आरोप लगते रहे हैं। अपुष्ट सूत्रों की मानें तो श्री अंसारे बंगलादेश का भगोडा है जो किन्हीं खास कारणों से निरंतर हिन्दुस्तान के विरोध में काम कर रहा है। इसने अपने फेसबुक प्रोफाइल में लिखा है कि वह साउथ एशिया पर्सपेक्टिव्स का कार्यकारी संपादक, राइट टू फ्रीडम का कार्यकारी निदेशक, जस्ट न्यूज बीडी के लिए व्हाइट हाउस संवाददाता है। जमात-ए-इस्लामी और बीएनपी व्दारा मुश्फिकुल फजल अंसारे के संगठन राइट टू फ्रीडम को फंड देने की बातें भी उजागर हो रहीं है। इसी की पहल पर जर्मनी ने भी तब भारत विरोधी टिप्पणी की थी। यूएन में मानवाधिकार परिषद के प्रमुख वोल्कर टर्क ने भारत की चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल खडे किये हैं। उन्होंने 96 करोड मतदाताओं को उनके स्वतंत्र अधिकार देने, पत्रकारों पर हमले होने तथा विशेष समुदाय के खिलाफ भेदभाव करने जैसे आरोप लगाकर देश के लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास किया है। दुनिया के अनेक देशों को खटक रहे नये भारत के स्वरूप को नस्तनाबूत करने के लिए वर्तमान में बंगाल, वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस सहित उनके पर्दे के पीछे के कथित आका भी पूरा जोर लगा रहे है। वहां की सरकारी मशीनरी कभी संदेशखाली में आतंक मचाने वाले आरोपी शाहजहां को बचाने में ऐडी चोटी का जोर देती है तो कभी आरोपियों को बचाने के लिए उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुध्द याचिकाकर्ता बनकर उच्चतम न्यायालय के दरवाजे पीटती है।

# पाकिस्तान : किसका दोस्त किसका दुश्मन?

दोनों जगह इसका मकसद एक ही होता है कि जनता का ध्यान कथित राष्ट्रवाद में उलझाकर उसे रोजगार, मंहगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मूलभूत सुविधाओं के बारे में सोचने व चर्चा करने का मौका ही न दिया जाये। इस बार स्वयं प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में पाकिस्तान को जोर शोर से याद किया है। दरअसल पाकिस्तान में इमरान खान सरकार के एक पूर्व मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने यह कह दिया कि पाकिस्तान को राहुल गांधी का समर्थन करना चाहिए क्योंकि मोदी सरकार की नीतियां पाकिस्तान के खिलाफ हैं। हालांकि फवाद उस हद तक भी नहीं गये जैसे कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका जाकर ह्यअब की बार ट्रंप सरकारह्ल का नारा तक लगवा दिया था। हालांकि चौधरी फवाद हुसैन के इस बयान पर राहुल गाँधी या कांग्रेस द्वारा कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गयी है। परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके इसी बयान को आधार बना कर बात का बतंगड़ खड़ा करने की कोशिश जरूर की है। वे चुनावी जनसभाओं में कहते फिर रहे हैं कि पाकिस्तान कांग्रेस के शहजादे को प्रधानमंत्री बनवाना चाहता है। मोदी कहते हैं कि कांग्रेस मरी, तो पाकिस्तान रोया। अब पाकिस्तान दुआ कर रहा है। कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का इशारा पाते ही पूरे देश में भाजपाई सेनापति राहुल और कांग्रेस पर हमलावर हो उठे हैं और कांग्रेस को पाकिस्तान परस्त बताने की पुरजोर कोशिश होने लगी है।





तनवीर जाफरी
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

देश में लोकसभा चुनाव हों और पाकिस्तान की इंट्री न हो ऐसा बहुत कम ही देखा गया है। पाकिस्तान के चुनाव में भी प्रायः भारत विशेषकर कश्मीर का मुद्दा उठाया जाता है। दोनों जगह इसका मकसद एक ही होता है कि जनता का ध्यान कथित राष्ट्रवाद में उलझाकर उसे रोजगार, मंहगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मूलभूत सुविधाओं के बारे में सोचने व चर्चा करने का मौका ही न दिया जाये। इस बार स्वयं प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में पाकिस्तान को जोर शोर से याद किया है। दरअसल पाकिस्तान में इमरान खान सरकार के एक पूर्व मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने यह कह दिया कि पाकिस्तान को राहुल गांधी का समर्थन करना चाहिए क्योंकि मोदी सरकार की नीतियां पाकिस्तान के खिलाफ हैं। हालांकि फवाद उस हद तक भी नहीं गये जैसे कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका जाकर ह्यअब की बार ट्रंप सरकारह्ल का नारा तक लगवा दिया था। हालांकि चौधरी फवाद हुसैन के इस बयान पर राहुल गाँधी या कांग्रेस द्वारा कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गयी है। परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके इसी बयान को आधार बना कर बात का बतंगड़ खड़ा करने की कोशिश जरूर की है। वे चुनावी जनसभाओं में कहते फिर रहे हैं कि पाकिस्तान कांग्रेस के शहजादे को प्रधानमंत्री बनवाना चाहता है। मोदी कहते हैं कि कांग्रेस मरी, तो पाकिस्तान रोया। अब पाकिस्तान दुआ कर रहा है। कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का इशारा पाते ही पूरे देश में भाजपाई सेनापति राहुल और कांग्रेस पर हमलावर हो उठे हैं और कांग्रेस को पाकिस्तान परस्त बताने की पुरजोर कोशिश होने लगी है। ऐसे में कांग्रेस व भाजपा व उनके नेताओं के पाकिस्तान से रिश्तों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाना बेहद जरूरी है। गौर तलब है कि भारत पाकिस्तान के मध्य अब तक चार युद्ध हुये हैं। इनमें पहला युद्ध आजादी के फौरन बाद 1948 में लड़ा गया जिसका केंद्र कश्मीर था। उसके बाद 1965 में दूसरा युद्ध हुआ जबकि 1971 में वह तीसरा ऐतिहासिक युद्ध हुआ जिसने विश्व का भूगोल बदल दिया। इसी युद्ध में पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए व बांग्लादेश नामक नये राष्ट्र का जन्म हुआ। यह तीनों ही युद्ध कांग्रेस के शासनकाल में लड़े गये। जबकि 1999 में एन डी ए के शासनकाल में अटल बिहारी वाजपई के प्रधानमंत्रित्व काल में ऑपरेशन विजय नामक कारगिल युद्ध, मई और जुलाई 1999 के बीच लड़ा गया। इस युद्ध में पाकिस्तान की सेना ने कश्मीरी उग्रवादियों के वेश में उनसे मिलकर नियंत्रण रेखा पार करने और भारत की जमीन पर कब्जा करने का दुस्साहस किया था। उपरोक्त सभी युद्ध में पाकिस्तान को भारतीय सेना के हाथों मुंह की खानी पड़ी थी। परन्तु पाकिस्तानी सरकार विशेषकर पाक सेना को 1971 का वह युद्ध भुलाये नहीं भूलता जिसने न केवल पाकिस्तान का नक़्शा बिगाड़ दिया बल्कि इसी युद्ध में पाकिस्तानी सेना द्वारा भारतीय सेना के समक्ष विश्व का अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्म समर्पण भी करना पड़ा था। अपनी उसी टीस को मिटने के लिये पाकिस्तान आज तक भारत विरोधी साजिशें यहाँ तक कि भारत में आतंकवाद तक को प्रायोजित करता रहता है। लिहाजा यह प्रचारित करना कि पाकिस्तान कांग्रेस का हितैषी है सरासर दुष्प्रचार के सिवा और कुछ नहीं। परन्तु इसी सन्दर्भ में भाजपा नेताओं विशेषकर स्वयं प्रधानमंत्री मोदी के पाकिस्तान के प्रति उदारतापूर्ण बर्ताव की बात करना भी जरूरी है। याद कीजिये जून, 2005 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी पाकिस्तान के संस्थापक नेता कायदे आजम मोहम्मद अली जिन्ना की कराची स्थित मजार पर श्रद्धांजलि देने गये थे। उसी समय वे पाकिस्तान के प्रथम प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की मजार पर भी श्रद्धांजलि देने गये थे। इस दौरान आडवाणी ने जिन्ना को धर्मनिरपेक्ष नेता बताते हुए कहा था कि वह एक अलग शख्सियत थे तथा उन्होंने इतिहास बनाया था। उस समय संघ व भाजपा में तो आडवाणी के इस कदम का विरोध जरूर हुआ था मगर कांग्रेस ने चुनाव में इसे मुद्दा कभी नहीं बनाया गया। उसके बाद मई 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने उस समय उन्होंने दक्षेस देशों के प्रमुखों को अपने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इसमें पाकिस्तासन के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी भारत आए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरीफ को उनकी मां के लिये एक शॉल भेंट किया था। शरीफ जब वह बेशकीमती शॉल लेकर पाकिस्तीन पहुंचे तो उनकी बेटी मरियम शरीफ ने इस तोहफे के लिए मोदी का शुक्रिया अदा किया। मरियम ने ट्विटर पर लिखा, ह्यमेरी दादी के लिए इतना बढ़िया शॉल गिफ़्ट करने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्योवाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मेरे पिता ने खुद अपने हाथों से यह तोहफा दादी को दिया। ह्य इस के फौरन बाद जून 2014 के प्रथम सप्ताह में ही नवाज शरीफ ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए तोहफे में ह्यरिटर्न गिफ़्ट ह्य के रूप में एक कीमती साड़ी भेजी। उस समय मोदी ने भी ट्वीट किया था -ह्ल कि नवाज शरीफ ने मेरी मां के लिए शानदार सफेद साड़ी भेजी है। मैं उनका आभारी हूं। जल्द ही मैं साड़ी अपनी मां के पास भेज दूंगा। ह्यऔर उसी दिन देर शाम तक शरीफ का ये कीमती तोहफा मां हीराबेन तक पहुंच भी गया था। इस तोहफे के लिए नरेंद्र मोदी ने उस समय प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का शुक्रिया भी अदा किया था। पड़ोसी देश के साथ आत्मीयता और कीमती तोहफों के लेनदेन की ऐसी मिसाल कांग्रेस के शासनकाल में तो कभी नहीं सुनाई दी? नरेंद्र मोदी व शरीफ के बीच आत्मीयता के रिश्ते की यही एक कहानी नहीं। याद कीजिये 25 दिसंबर, 2015 को जब वो पहली बार नवाज शरीफ की पोती के निकाह में शामिल होने के लिये बिना किसी पूर्व घोषित कार्यक्रम के पाकिस्तान पहुंच गये थे। उस दिन वो शरीफ की पोती की निकाह में भी शामिल हुए थे। उस समय मोदी ने नवाज शरीफ को अफगानिस्तानी गुलाबी साफा भी तोहफे में दिया था, जिसे शरीफ ने उसी समय विवाह समारोह में पहना भी था। तो क्या आडवाणी या मोदी का पाकिस्तान के प्रति दोस्ताना व सद्भावपूर्ण रवैया सौहार्द बनाने की कोशिश माना जाये और पाकिस्तान की नजरों में हमेशा खटकने वाली कांग्रेस पार्टी को पाकिस्तान परस्त? 2015 में अमित शाह बिहार चुनाव के दौरान कहते फिरते थे कि यदि लालू -नितीश का महागठबंधन चुनाव जीता और भाजपा हारी तो पाकिस्तान में पटाखे फूटेंगे। आज वही नितीश कुमार भाजपा के साथ हैं तो क्या अब नितीश की जीत पर पाकिस्तान में पटाखे नहीं फूटेंगे? अवसरवादिता और राजनैतिक शातिरपने की भी आखिर कोई इन्तेहा होती है? सच तो यह है कि कांग्रेस व भाजपा के

# विरासत के सहारे जीत की तलाश

कांग्रेस में राहुल गांधी भले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन उनकी हैसियत आज भी अध्यक्ष से कहीं अधिक है। परन्तु सवाल यह है कि राहुल दो सीट से चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। क्या उनको अपनी जीत के प्रति अंदेशा है या फिर उनको एक और पराजय का भय सता रहा है। पहले राहुल गांधी अमेठी में हार का स्वाद चख चुके हैं। अब वायनाड से रायबरेली आकर फिर से कई प्रकार से सवाल छोड़ दिए हैं। हालांकि कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को राष्ट्रीय नेता के रूप में प्रचारित किया जाता है, इसका तात्पर्य यही है कि राहुल को देश के किसी भी हिस्से से चुनाव लड़ने में किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस उनके लिए सुरक्षित ठिकाने ढूंढकर खुद ही संशय की स्थिति निर्मित कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तरप्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखित कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और माँ सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं।





सुरेश हिंदुस्तानी
(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस की स्थिति कमोवेश ऐसी ही है, जिसमें कांग्रेस के बड़े बड़े नेता देश की संसद में पहुँचने के लिए सुरक्षित सीट की तलाश करते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस में राहुल गांधी भले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन उनकी हैसियत आज भी अध्यक्ष से कहीं अधिक है। परन्तु सवाल यह है कि राहुल दो सीट से चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। क्या उनको अपनी जीत के प्रति अंदेशा है या फिर उनको एक और पराजय का भय सता रहा है। पहले राहुल गांधी अमेठी में हार का स्वाद चख चुके हैं। अब वायनाड से रायबरेली आकर फिर से कई प्रकार से सवाल छोड़ दिए हैं। हालांकि कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को राष्ट्रीय नेता के रूप में प्रचारित किया जाता है, इसका तात्पर्य यही है कि राहुल को देश के किसी भी हिस्से से चुनाव लड़ने में किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस उनके लिए सुरक्षित ठिकाने ढूंढकर खुद ही संशय की स्थिति निर्मित कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तरप्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखित कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और माँ सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहाँ सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहाँ से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थीं, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पायी है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहाँ लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहाँ तक कि प्रियंका वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए। ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहाँ कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू गांधी परिवार की विरासत भी है। कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहाँ से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेंगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। जब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, जब उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तरप्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तरप्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी। वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको प्रत्याशी घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद भी की जा रही थी, लेकिन प्रियंका को इस बार चुनाव लड़ने से दूर कर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी के रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस

# चुनाव में सभी दलों की निगाहें युवाओं पर टिकी

संजय गोस्वामी

अगर लोकतंत्र के महायज्ञ की बात करें तो समारोह की घोषणा 28 मार्च को माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा शुरू हो गया मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जो 19 अप्रैल से 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सात चरणों में होगा। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सभी सात तारीखों पर मतदान होगा, जबकि जम्मू और कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा, सात जिलों में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल को खत्म हो गई और 1 जून तक सभी सात जिलों में मतदान पूरा हो जाएगा। । पूरे देश में वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 4 जून दोपहर तक नई सरकार की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। सत्ता की चाभी विशेषकर महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं के हाथ में लगती दिख रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, युवा मतदाताओं की मुखरता नतीजों में झलक रही है। लोकसभा के पिछले दो चुनावों में वह युवा मतदाताओं यानी श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ रहे हैं। हालाँकि, जिन देशों में क्षेत्रीय दल और सरकारें सत्ता में रही हैं, उनमें युवाओं ने क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह नहीं है कि युवा भाजपा के समान ही हैं, बल्कि युवा, राष्ट्रवाद और राजनीतिक दलों का स्तर भी अलग-अलग स्तर पर देखा गया है। युवा और महिला मतदाताओं ने वोट देने की पहल की है और इसमें कोई संदेह नहीं है, 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाएं और युवा भाजपा के लिए मजबूत मतदाता पाए गए हैं। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे जटिल लोकतंत्र है। मतदाताओं की बहुसंख्यक आबादी, विविधताएं और भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियां बेहद गंभीर हैं, खासकर चुनाव आयोग और चुनाव आयोग के लिए।

लेकिन हमें गर्व है कि हमारा चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली दुनिया के देशों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। दुनिया, उसके देश और हमारी सरकार व चाहतों पर नजर रहती है। पहले चुनावों ने देश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोग हमारे चुनावों और मतदान के साथ-साथ मतगणना में भी रुचि रखते हैं। वे देखने और समझने आते हैं। पूरी दुनिया, देशों की नजर हमारे सपनों पर रहती है। यहां खास बात यह है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था भी होनी चाहिए, इसलिए प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बंद व्यवस्था की आलोचना की गई है। मतदाता मतदान आसान, सुलभ हो गया है और राजनीतिक दलों या अन्य बाहरी प्रभावों पर मतदाताओं की निर्भरता समाप्त हो गई है। जबकि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र समान है, हमारे इंडिया में कुल मतदाताओं की तुलना में 18 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाता अधिक हैं। इसके अलावा 26 से 35 वर्ष तक के मतदाता भी युवा और युवा वर्ग की श्रेणी में आते हैं। हमारे देश में विश्व के सबसे अधिक मतदाता संख्या वाले देशों की कुल संख्या से भी अधिक मतदाता हैं। इस साल 18वीं विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में 98।6 फीसदी मतदाता हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय संघ में 40 फीसदी, इंडोनेशिया में 20।4 फीसदी, अमेरिका में 16 फीसदी और पाकिस्तान में 12।8 फीसदी मतदाता होंगे। वह एक बिगड़ैल वोटर हैं। जो धर्म के नाम पर चुनाव का नतीजा तय करती है खैर, यह अलग बात थी, लेकिन लोकसभा में पहले दो मुकाबलों के नतीजों से यह साफ हो गया कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया, वही सरवेरा बन गया। दिलचस्प बात यह है कि युवाओं और महिलाओं में यह विश्वास ही नई सरकार की कुंजी है, खासकर भारत सरकार को मजबूत करने में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी नतीजों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96।8% पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 82 लाख नए पंजीकृत मतदाता हैं, 47।15 लाख महिला मतदाता हैं और 49।7 नए पंजीकृत मतदाता हैं। जहां 17वीं लोकसभा चुनाव में लगभग 1।5 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे, वहीं 18वीं लोकसभा चुनाव में 1।82 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे। वे क्या उपयोग करेंगे? दूसरे, पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं को दो श्रेणियों यानी 18 से 25 साल और 26 से 35 साल में बांटकर वोटिंग प्रतिशत का आकलन और विश्लेषण किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### बीडीओ और सीओ ने ग्रामीणों को समझाया लोकतंत्र के मजबूती के लिए मतदान आवश्यक

रामगढ़ । मतदान की तारीखें नजदीक आते ही जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव कुमार राय अंचलाधिकारी सुश्री रश्मि ने विदामंचक अहिवास पंचायत में रात्रि में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को मतदान करने के लिए आग्रह किया। जिविका दीदी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि के द्वारा गांवों में रंगोली मेंहदी आदि प्रतियोगिता आयोजित कर महिलाओं को वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शनिवार को जागरूकता अभियान को गति देने के लिए बीडीओ केशव कुमार राय ,अंचलाधिकारी सुश्री रश्मि ने मोर्चा संभाला। गांवों में जाकर ग्रामीणों को मिलकर 1 जून को मतदान करने के लिए आग्रह किया ।पंचायत सचिव सुमन सौरभ भी मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर पंचायत के ग्रामीणों को एक जून को मतदान के लिए आग्रह किया।

### तृतीय पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वर्गीय राममूर्ति सिंह



संझौली(रोहतास)। संझौली प्रखंड स्थित स्वर्गीय राममूर्ति सिंह काम्प्लेक्स में रविवार की पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वर्गीय राममूर्ति सिंह की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। अध्यक्षता रामअशीष व संचालन उनके पुत्र ई.प्रभात कुमार ने की। इस मौके पर मौजूद दर्जनों लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व व आदर्श जीवन पर चर्चा करते हुए लोगो ने कहा कि राममूर्ति सिंह की सादगी व ईमानदारी की चर्चा आज भी होती रहती है। इस मौके पर संझौली प्रखंड प्रमुख समीरचन्द चौधरी,करमैनी पंचायत समिति सदस्य मंटू कुमार उर्फ नरेन्द्र सिंह,पूर्व सरपंच उत्तम कुमार, संझौली पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र सिंह,जगदेव सिंह,त्रिलोकी सिंह,ददन सिंह,सत्येंद्र सिंह,अरुण कुमार,रमेश सिंह,गुड्डू सिंह,विकास सिंह, हरसू तिवारी, संतोष कुमार,विष्णु दयाल सिंह,विश्वामित्र सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### एलजी ने पहली तिमाही में रिकॉर्ड-तोड़ सेल्स दर्ज की

LG

पटना। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वर्ष की पहली तिमाही में रिकॉर्ड-तोड़ सेल्स दर्ज की है। इस बेहतरीन प्रदर्शन के बीच कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप फीचर रेंज को पेश किया है। इस नई रेंज में एनर्जी मैनेजर और आर्टकूल एयर कंडीशनर शामिल हैं। कंपनी ने 2024 में रिकॉर्ड समय के भीतर 10 लाख एसी का ऑर्डर हासिल कर यह माइलस्टोन हासिल किया है। एलजी ने अपनी इस सफलता का श्रेय 2024 में कंपनी की प्रोडक्ट रेंज को लेकर किए गए लेटेस्ट इनोवेशन को दिया है। वहीं कंपनी की लेटेस्ट रेंज में 77 नए मॉडल शामिल हैं। होंग जू जियोन- एमडी ने कहा कि 2024 में हमारा पूरा ध्यान सभी प्रोडक्ट कैटेगरी में अपनी मार्केट लीडरशिप की स्थिति को और मजबूत बनाने पर है।

### सिंगरस्थन जलाशय से संबंधित वार्ड में जलापूर्ति बाधित रहेगी आठ मई तक

गया। अक्षयवट में सिंगरस्थान जलाशय के 1000 ब्यास के राइजिंग मेन पाइपलाइन में उत्पन्न लिकेज के मरम्मति का कार्य बुडको द्वारा दिनांक 6के रात्रि से 8के सुबह तक किया जायेगा। इसके फलस्वरुप सिंगरस्थन जलाशय से दिनांक 6के शाम, दिनांक 07 के शाम तथा दिनांक 8 के सुबह में जलापूर्ति बाधित रहेगी। अतः सिंगरस्थन जलाशय से संबंधित वार्ड यथा वार्ड 25 से 33 एपी कॉलोनी, मगध कॉलोनी, हनुमान नगर, चंदौती, भटबिगहा, कटारी हिल, अलीगंज, करीमगंज, इत्यादि) के नागरिकों से अनुरोध है की जलापूर्ति के अवधि के दौरान जल का संग्रह कर ले।

### कार व बाइक की टक्कर में दो युवक जख्मी

संझौली(रोहतास) संझौली थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम मुख्य पथ पर बैरी पेट्रोल पंप के समीप शनिवार रात्रि करीब 12 बजे कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक जख्मी हो गए। घायल यवक झूलन कुमार उम्र 15 वर्ष पिता राजेश चौधरी व रिशु कुमार उम्र 18 वर्ष पिता मनोज चौधरी दोंनो चैता बहोरी गांव के निवासी बताए जाते है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि चैता बहोरी गांव में किसी का बर्थडे पार्टी था, वे दोनों बाइक से चैता गांव से किसी को लाने के लिए बिक्रमगंज की तरफ जा रहे थे। इस बीच बैरी गांव के समीप कार व बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई।

# इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा - माले उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने का लिया गया निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता



आरा, व्यवसायी संघ भोजपुर का एकदिवसीय बैठक हुआ। बैठक में जिले के आरा, पीरो, जगदीशपुर, बिहियां, शाहपुर,चरपोखरी, कोइलवर, गड़हनी, बड़हरा, अगिआंव सहित जिले भर के लगभग दो सौ व्यवसायी शामिल हुए। जिसमे में मुख्य रूप से सुदामा प्रसाद, प्रतयाशी आरा लोकसभा, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सचिव, उमा शंकर सिंह, राज गौरोटाइगर, सोनू सरदार, मंगल गुप्ता, उत्तम चौरसिया, श्रीनिवास यादव, राजेन्द्र मिनयरा, रामेश्वर तेली, राजेश गुप्ता, पप्पू नैयर, मो. शहाबुद्दीन, धीरज गुप्ता, राजेन्द्र कुमार सिन्हा, कृष्ण रंजन गुप्ता, बबलू गुप्ता, राजेन्द्र यादव, धन्नजय कुशवाहा, विकास गुप्ता, सुनील चंद्रवंशी, अमित कुमार बंटी, दिलराज प्रीतम सहित कई व्यवसायी शामिल हुए। बैठक में यह बाते सामने आई कि पिछले दस वर्षों में छोटे व्यवसायियों का स्थिति दयनीय हुई है और इसके लिए भाजपा सरकार जिमेवार है। इसलिए सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि आरा में इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा - माले उम्मीदवार सुदामा प्रसाद का समर्थन करेंगे। यह भी निर्णय हुआ कि व्यवसायी संघ की ओर से जिले सभी चट्टी - बाजारों पर प्रचार अभियान चलाया जाएगा। हर जगह अपना मत सुदामा प्रसाद के पक्ष में करने का अपील किया जाएगा।

बैठक को सम्बोधित करते हुए सुदामा प्रसाद ने कहा कि जब से मोदी सरकार केंद्र में आई है उनके जनविरोधी, व्यवसायी विरोधी नीतियों के कारण और कोरोना काल मे लंबे लॉक डाउन के कारण फुटपाति, छोटे - मन्छोले दुकानदारों का हालत दयनीय हो गई थी। वे लोग अपने पत्नी का जेवर और महंगे दर पर कर्ज ले कर परिवार चलाया। लेकिन मोदी के 20 हजार लाख पैकेज का इन्हें एक पैसा नही मिला। इस संकट पर मैंने ध्यानाकर्षण में सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन व्यपार और महंगाई के कारण चट्टी - बाजारों पर तेजी से ग्राहकों की संख्या घाट रही है। हमे विधानसभा में सरकार से मांग किया कि छोटे व्यवसायीयों के समग्र विकास के लिए व्यवसायिक आयोग का गठन किया जाए। चट्टी - बाजारों पर रंगदारी बढ़ रही है। हमारी मांग है कि सभी जगहों पर सीसीटीवी का व्यवस्था हो, नागरिक सुविधाओं का भी व्यवथा किया जाए।

## अक्षय तृतीया को स्थापित हुए थे विष्णु धाम, दर्शन मात्र से ही पूरा होते हैं सब काम

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत मोक्षदायिनी एवं पुण्यदायिनी पुनपुन बटाने के संगम तट पर अवस्थित प्रकृति का अमूल्य धरोहर विष्णु धाम की स्थापना अक्षय तृतीया को हुई थी ।परमहंस सन्यासी खाकी बाबा द्वारा स्थापित इस स्थल का वर्णन पुराणों में भी वर्णित है ।मगध के चार धामों में से एक हैं।

मगध के गया,राजगीर,देवकुंड एवं विष्णु धाम को मगध के चार धाम के रूप में जाना जाता है ।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि विष्णु धाम अत्यंत ही पवित्र एवं वैष्णव परंपरा के मानने वालों उपासकों के लिए महत्वपूर्ण धाम है। औरंगाबाद जिले में वैष्णव उपासना के दो तीर्थ हैं विष्णु धाम एवं सीता थापा। जब कोई भक्त विष्णु धाम पहुंचते हैं और भगवान विष्णु का उन्हें जब दर्शन प्राप्त होता है तो उनके अंदर हृदय में भक्ति की धारा उमड़ पड़ती है। भगवान विष्णु की ऐसी मनमोहक छवि है जिसे भक्तों को बरबस निहारने के लिए बाध्य कर देती है ।प्राकृतिक सुषमा से आच्छादित इस स्थल का संगम तट अत्यंत ही पवित्र माना जाता है संगम तट पर किए गए अनुष्ठान चमत्कारी सिद्ध होते हैं ।विष्णु धाम के दरबार में अन्य देवी देवताओं की भी प्रतिमाएं हमें आकर्षित करती रहती हैं ।शिव परिवार,भगवान भाष्कर,पवन देव मां काली,पुनपुन माता,बद्री नारायण की प्रतिमाएं यह इंगित करती हैं कि अनादि ब्रह्म परम पिता परमेश्वर के दरबार में सभी प्रतिको से ऊर्जा की प्राप्ति हो।

इसी परिसर में खाकी बाबा,नागा बाबा की भी समाधि है जिनकी सूक्ष्म चेतना हमें हजारों वर्षो तक मार्गदर्शन करेगी ।अक्षय तृतीया को ही सतयुग एवं त्रेतायुग की शुरूआत हुई थी। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का अवतरण हुआ था। ब्रह्मा जी के मानस पुत्र अक्षय कुमार का भी इसी दिन जन्म हुआ था ।भक्त सुदामा भगवान श्री कृष्ण से इसी दिन मिले थे। तभी तो खाकी बाबा ने इसी दिन विष्णु धाम की स्थापना की ।सनातनी परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व अक्षय तृतीया के मौके पर विष्णु धाम में गुड एवं आंटा के घोल से द्रवित पदार्थ में छाना गया पूआ का प्रसाद बटता है ।इस दिन भगवान विष्णु की षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन की जाती है एवं पुआ का प्रसाद लेने के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है।

## सदर अस्पताल में व्यवस्था के अभाव में परिजन ने जले तीन मरीजों को हायर सेंटर कराया रेफर

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। भभुआ वार्ड एक हनुमान नगर में घर के अंदर सिलेंडर के रेगुलेटर रिसाव के कारण खाना बनाने के दौरान आग लग गया। जहां पति-पत्नी व बेटा गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के मुताबिक आग से झुलसा भभुआ वार्ड एक हनुमान नगर निवासी सुशील सिंह पत्नी किरण देवी व पुत्र जय पटेल बताया जाता है। उनके परिजनों ने बताया कि सुबह में रसोई घर में सिलेंडर रखा हुआ था जहां रेगुलेटर खराब होने से पहले से गैस रिसाव किया था।

वही खाना बनाने के लिए जैसे ही महिला माचिस जलाई तबतक सिलेंडर के रेगुलेटर में अचानक भयावह रूप से आग लग गया। वहीं महिला को बचाने के लिए पति गया तो पति ने भी आग की चपेट में आ गया फिर उसके बाद बेटा भी गया। जहां तीनों आग से झुलस गया उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा बीच बचाव करते इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। मौके पर पहुंचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल सभी प्रकार का जायजा लिया उन्होंने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में ऐसी चालू नही होने से मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से एसी चालू करने की मांग किया ।वहीं सदर अस्पताल का सिस्टम ठीक नहीं होने से कुछ समय के लिए हंगामा हो गया उनके परिजनों का कहना था कि इतनी भीषण गर्मी में सदर अस्पताल के वर्न वार्ड में एसी नहीं लगाया गया है। देखा गया कि कुछ ऐसे भी मरीज हैं कि अपने घर से कूलर पंखा लगाकर अपने मरीज को इलाज कराने में लगे हुए हैं। इस संबंध में मैनेजर शैलेंद्र कुमार ने कहा कि यहां एसी का पार्ट्स नहीं मिलता है जबकि डीपीएम ऋषिकेश जयसवाल ने कहा कि एक घंटा पहले पता चला कि ऐसी खराब है। वही हंगामा के बाद कुछ समय के लिए तुरंत ही एक एसी चालू कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन का इतनी गड़बड़ व्यवस्था है कि पूछे जाने पर टाल मटोल हो रही है। लेकिन मरीजों का कहना है कि वहीं तीसरे तल्ले पर मेल-फीमेल वार्डो में इतनी भीषण गर्मी के तापमान में मरिज तपते रहते हैं लेकिन कूलर और एसी का उस पर कोई व्यवस्था नहीं है। मरीज के परिजनों ने कहा कि सदर अस्पताल का कंडीशन ठीक नहीं रहने के कारण ही जले हुए मरीजों को हायर सेंटर के लिए रेफर कराया गया ऐसे में सदर अस्पताल का सिस्टम ठीक नहीं रहा तो गंभीर मरीजों का यहां जान भी जा सकता है। मरीजों के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के ऊपर पुरजोर आरोप लगाया है।

## विद्यालय के पास से विद्युत ट्रांसफार्मर हटाने की मांग विद्यालय प्रबंधन ने की

प्रात : किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय अमृत मध्य विद्यालय कुशी के चारदीवारी से सटे लगाए गए विद्युत ट्रांसफार्मर हटाने की मांग विद्यालय प्रबंधन ने विद्युत विभाग से की है । इस संबंध में एक आवेदन विभाग को भेजा गया है । जिसमें कहा गया है कि राजकीय अमृत मध्य विद्यालय कुशी गेट के बगल में चारदीवारी से सटे ट्रांसफार्मर रखने से उसका आधा भाग विद्यालय के चारदीवारी पर जा रहा है । जिससे चारदीवारी को ऊंचा करने में बाधक होगा । साथ हीं बच्चों को पानी पीने के लिए वहीं पर चापाकल भी है और नाली भी है । जिससे भविष्य में कभी भी दुर्घटना हो सकती है । उक्त विद्यालय में बहुत हीं छोटे-छोटे बच्चे आते हैं । यदि उसके साथ किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसका जिम्मेवार विद्युत विभाग होगा । प्रत्येक शनिवार को मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार को होने वाले दुर्घटना एवं जोखिम के बारे में बच्चों को सतर्क करते रहते है । इस ट्रांसफार्मर से हमेशा जोखिम की सम्भावना बनी रहेगी । उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुष्पेन्द्र कुमार राय ने कहा कि इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारियों को भी इस संबंध में जानकारी दी गई है ।

## सदर अस्पताल बिल्डिंग में आग लगने से मची अफरातफरी



सासाराम (रोहतास) जिला सदर अस्पताल सासाराम के एसएनसीयू बिल्डिंग में शॉर्ट सर्किट के आग से अफरातफरी मच गया। बताया जाता है कि इस बिल्डिंग में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से पूरा परिसर धुआं धुआं हो गया। जिससे वहां भर्ती बच्चों के परिजनों में अफरातफरी मच गई। सदर अस्पताल सासाराम के स्वास्थ्य कर्मी ऋषि सिंह ने बताया कि अचानक शॉर्ट सर्किट से एस एन सी यू बिल्डिंग में धुआं धुआं हो गया। आग लगने कि सूचना पर पहुंचकर भर्ती बच्चे के परिजन के सहयोग से बच्चे को अन्य जगह भर्ती कराया गया है। लेकिन इस हादसा में अन्य कोई क्षती नहीं हुआ है। सूचना पर तत्काल पहुंचने पर बिघुत आपूर्ति बंद कर दिया गया तथा मरम्मत कार्य जारी है। भर्ती बच्चे के परिजन ने बताया कि आग लगने से अफरातफरी मच गई जहां अस्पताल प्रशासन ने पीड़ित बच्चे को अन्य वार्ड में भर्ती कराया है।

## महुआ चुनने को ले जंगलों में आग लगाने पर होगी कार्रवाई : डीएफओ

### जंगलों में आग लगने पर मीष्ठ ब्लोअर और फायर बीटर से आग को बुझाते हैं वन विभाग के कर्मी

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। इन दिनों गर्मी के दिन आते ही कैमूर के जंगलों में अचानक आग लग जा रही है। जिससे जंगल में आग लगने पर भयावह स्थिति से जानवर और पक्षियों की भी मौत हो रही है। एक तरफ वन विभाग जंगल को बचाने में दिन रात पूरी मेहनत से उसको बचाने में लगी है। वही जंगल में बसे गांव के लोगों द्वारा महुआ प्यार आदि फल को चुनने के लिए लोग जंगलों में आग लगा देते हैं। लेकिन उनकी एक गलती से जंगल में आग लगा देना खतरा बन जाता है। इस संबंध में वन विभाग के पदाधिकारी चंचल प्रकाशम ने बताया कि गर्मी के दिन आते ही वन विभाग द्वारा एक टीम गठित कर प्रतिदिन वन क्षेत्रों में रेस्क्यू कराई जाती है। जिन जंगलों में आग लगी रहती है उसको बुझाने का प्रयास किया जाता है। कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है की जंगलो में स्थानीय लोगों द्वारा अपने फायदे के लिए आग लगा देते हैं लेकिन ऐसे लोगों पर चिन्हित कर कार्रवाई भी की जाती है। उन्होंने बताया कि जो वन का लकड़ी काटता है और उसमें पकड़े जाने पर जो अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। वही जंगलो में आग लगाने वालों पर भी वही अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई होती है। वन विभाग के टीम द्वारा जंगल में बसे गांव में जाकर आग न लगाने और घर में खाना बनाने के बाद चूल्हे से आग बाहर निकाल कर इधर-उधर ना फेंकने को लेकर लोगों को जागरूक किया जाता है। कहा जाता है कि अगर हम जंगल की सुरक्षा करेंगे तभी हम जीवित भी रह सकते हैं और हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। इसके साथ ही अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने को लेकर लोगों को सलाह दी जाती है। अधौरा के जंगलों में कई जगहों पर आग लग जाती है तो वन विभाग की टीम द्वारा मिष्ठ ब्लोअर फायर बीटर से जंगल में लगे आग को बुझाया जाता है। वही जंगलों में अपने फायदे के लिए अगर वहां के स्थानीय लोग आग लगाते हैं तो वन अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। इसके लिए प्रतिदिन वन विभाग की टीम लगातार जंगल में छापामारी और रेस्क्यू भी कर रही है।

## अरवल मे एनडीए गठबंधन के जिताने के लिए लोजपा रा गांव का किया दौरा : सत्येंद्र रंजन

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल । जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जिताने के लिए लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में चलाया गया जनसंपर्क अभियान । आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 सौ पार सांसद जिताने के संकल्प के साथ जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जिताने के लिए अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में अरवल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम - बेला बिगहा , भगवान बिगहा , मुरादपुर हुजरा , बैदराबाद चौकी , ओझा बिगहा , कशोपुर सहित दर्जनों गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया । उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान एवं बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों के मजबूत करने के लिए जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में मतदान करने के लिए आम मतदाताओं से अपील किया और दिनांक 09 मई 2024 को एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के जहानाबाद के गांधी मैदान में आयोजित नामांकन सभा मे शामिल होने के लिए आम मतदाताओं को आमंत्रित किया ।

## सेना के जवान से बदमाशों ने की छिनतई, एक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गाव के पास रेलवे ट्रैक के पास ट्रेन पकड़ता जा रहे हैं सेना के जवान से छिनतई की गई। जिसका विरोध करने पर छिनतई करने वाले बदमाशों ने उसे चाकू मार घायल कर दिया। घटना की सूचना सेना के जवान ने अपने परिजनों को दी और पुलिस को सूचना दी गई। जिनमें एक को पुलिस हिरासत में लेकर के पूछताछ कर रही है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि नोखा थाना क्षेत्र के छतौना गांव निवासी अजय कुमार भलुआही गांव से रेलवे ट्रैक पड़कर के नोखा रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए आ रहे थे। जैसे ही रघुनाथपुर रेलवे ट्रैक के पास पहुंचे वहां पर तीन, चार लोगो द्वारा उनका समान को छिनने लगे। जिस पर सेना के जवान ने विरोध किया तो वह अपराधियो ने उनसे चाकू से हमला कर दिया। जिसने घायल अवस्था में सूचना अपने परिजनों को दिया। जिसके बाद परिजन घटनास्थल पहुंच एक बदमाश को पकड़ स्थानीय नोखा थाना को सूचना दी ।जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सूर्यभूषण प्रसाद ने बताया कि पीड़ित अजय कुमार द्वारा आवेदन घटना मामले प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी गई।

## लोकतंत्र के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करें

मधुबनी। बीडीओ ने स्वयंसेवी संस्था महिला विकास मंच मधुबनी जयनगर, और रोटी बैंक जयनगर के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया लोकसभा चुनाव मे मत प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदान के महत्व की जानकारी को लेकर जागरूकता अभियान के तहत बीडीओ राजीव रंजन ने स्वयंसेवी संस्था स्वास्थ्यकर्मी जीविका दीदी के साथ प्रखंड कार्यालय से मुख्य बाजार से शाहिद चौक तक मतदाता जागरूकता रैली अभियान चलकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए प्रेरणादायी पोस्टर बनाए। आकर्षक झांकी बना कर स्वतंत्र, सुगम व समावेशी मतदान अभिमान प्रयास की पेंटिंग कर पोस्टर के माध्यम से लोकतंत्र में मतदान के वैल्यू एवं उसके सामाजिक उद्देश्य की जानकारी क साझा की। लोकतंत्र के महापर्व में समाज के हर तबके की भागीदारी जागरूकता अभियान चलाते हुए बीडीओ व प्रखंड अंबेस्टर व अन्य।

सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में युवा बुजुर्ग एवं महिला मतदाताओं को जागरूक किया कि वह सभी अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। हम अपने मतदान के प्रयोग से स्वयं का विकास एवं राष्ट्र का विकास करते हैं। प्रत्येक नागरिक अपने वोट का प्रयोग जरूर करें और मतदाता का वोट उसकी शान है। वोट करना हमारे लिए एक त्यौहार की तरह है, जिससे हम अपने भारत देश के लिए एक श्रेष्ठ व्यक्तित्व का चुनाव करते हैं, जो हमारे मत के प्रयोग से ही संभव होता है। इसलिए मतदान हमारे लिए एक महा पर्व के रूप में देखा जाना चाहिए।

## जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं को शामिल कर दिया गया प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



गया। सी यू एस बी दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में आपदा जोखिम को कम करने और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं को शामिल करने पर प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का पांच दिवसीय कार्यक्रम 29 अप्रैल को प्रारंभ हुआ जिसका आज सफलतापूर्वक समापन हो गया है ।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए कार्यक्रम पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें भारत के विभिन्न भागों से लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान एनआईडीएम और सीएसयूवी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है। मगध विश्वविद्यालय की ओर से चार कार्यक्रम पदाधिकारी ने भाग लिया ने जिसमें गया कॉलेज गया से कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्रा और डॉक्टर प्रियंका कुमारी ने सहभागिता की जबकि एस एन सिन्हा कॉलेज टेकारी से एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर दीनदयाल गुप्ता तथा एस बी ए एन कॉलेज दरहेटा लारी से डॉ शिव कुमार रविदास ने सहभागिता की है। डॉ राजेश कुमार मिश्रा ने इस पांच दिवसी प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्राप्त अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इसमें आपदाओं से निपटने के लिए आपदा से पूर्व, आपदा के दौरान एवं आपदा के पश्चात की जाने वाली तैयारी और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया है ।उसकी मॉक ड्रिल करवाई गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात कार्यक्रम पदाधिकारी अपने-अपने कॉलेज में एवं विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे जो अपने आस पड़ोस एवं नजदीकी क्षेत्र में जाकर लोगों को आपदा के बारे में जागरूक करेंगे। इससे प्रत्येक वर्ष आपदा से होने वाली जन धन की क्षति को बचाने में सहायता मिलेगी ।भारत सरकार का लक्ष्य 2030 तक प्राकृतिक आपदा एवं मानव जनित आपदा में निरंतर कमी लाना और इसे समाप्त करना है। इस कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के द्वारा किया गया है।

## नगर निगम आयुक्त द्वारा शहर में भी प्याउ की व्यवस्था की गई

गया ।भीषण गर्मी तथा कड़ी धूप से आम जनमानस को राहत देने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० ने गर्मी शुरू होते ही जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखंड के सभी पंचायतों के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों/ बाजार एरिया में शुद्ध पेयजल व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया था। ग्रामीण क्षेत्रो के सार्वजनिक चौक चौराहा, हाट बाजार इत्यादि में शुद्ध पेयजल व्यवस्था की निरंतर रहे इसकी निगरानी भी जिला पंचायत राज विभाग द्वारा ली जा रही है। जिले के चौबीसों प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति के मद वीएचएसएनसी जो संबंधित वार्ड सदस्य एवं स्वास्थ्य विभाग के एएनएम इस मद के सदस्य होते हैं। संयुक्त बैंक खाते में राशि है ।उसी राशि से अपने पंचायत के सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड, हाट बाजार, प्रमुख चौराहों पर आम जनों को इस भीषण गर्मी से थोड़ी राहत देने के लिए उन स्थानों पर शुद्ध पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था की गई है, ताकि राहगीर शुद्ध ठंडा पेजल को पी कर अपने मन को तृप्त कर सके।

जिससे राहगीर को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सके। राहगीर इसका भरपूर लाभ ले रहे हू साथ ही इस व्यवस्था को काफी सराहना भी कर रहे हैं ।गर्मी के मौसम में लोगों को शीतल पानी पीने के लिए मिले, इसके लिए मटका में पानी रखा गया है। सभी पंचायतों में इसकी सुविधा लोगों के बीच बेहतर हो, इसलिए स्थानीय लोगों की देखरेख में लगाया गया है, ताकि जो भी राहगीर पानी पीने के लिए पहुंचे तो उन्हें शुद्ध ठंडा पेयजल मिल सके। यह व्यवस्था पूरे गर्मी के मौसम तक दिया जाएगा। अभी के समय में गया जिले में कुल 489 स्थान पर लोगों को शीतल पानी की व्यवस्था की गई है ।इनमें मुख्य रूप से टिकरी में 43 स्थान, आमस में 22 स्थान, बेलागंज में 32 स्थान, खिजर सराय में 43, मोहनपुर में 36, नगर में 35, वजीरगंज में 21, टनकुप्पा में 12, शेरघाटी में 16, परैया में 17, नीमचक बथानी 12, मोहनपुर 36, मानपुर 18, कोच 20, गुरुआ 22, गुरारू 25, फतेहपुर 20, डोभी 17, डुमरिया 12, बोधगया 14, बांके बाजार 11 एवं बाराचट्टी में 11 स्थान पर पर शुद्ध पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था की गई है।

## प्रशिक्षण के दौरान मणिभूषण ने विश्व की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंघा पर लहराया तिरंगा

राजीव कुमार



मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिले के सिकरहना अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बनकटवा प्रखण्ड क्षेत्र के गोढिया निवासी उमाशंकर यादव के पुत्र मणिभूषण कुमार ने विश्व की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंघा को सफलता पूर्वक फतह करने के बाद तिरंगा लहराकर क्षेत्र सहित राज्य का नाम रौशन किया है ।गौरतलब है कि 67वी बीपीएससी में 142 वी रैंक प्राप्त कर असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद पर चयनित हो वर्तमान में विपार्ड (गया) में प्रशिक्षणरत मणिभूषण ने कंचनजंघा की चोटी की सफल चढ़ाई के विषय में बताया की 1200 प्रशिक्षु पदाधिकारियों में से शारीरिक व चिकित्सीय जांच के उपरांत 28 सफल उम्मीदवारों में मेरा भी चयन हुआ ।दो माह के कठोर ट्रेनिंग के बाद सात अप्रैल 2024 को कंचन जंघा पर्वत शिखर की चढ़ाई का सफर शुरू हुआ ।आखिरकार कई मुश्किल व साहसिक संघर्ष के बाद दुर्गम चढ़ाई को सिक्किम राज्य की पहाड़ियों के रास्ते आठ दिन की चढ़ाई के बाद कंचन जंघा पहुंचे। मणिभूषण ने यात्रा के दौरान आने वाली अनेक कठिनाइयों का जिक्र करते बताया की अचानक से मौसम का बदलना, अत्यधिक ठंड हवाएं, बर्फ की मोटी परत, रात्रि विराम कैंप के चारो तरफ बर्फबारी, छोटी-बड़ी पहाड़ी नदियों का रास्ता में आना बहुत जानलेवा थी।

## फाइनेंस कम्पनी के एजेंट से हथियार के बल पर 1.62 लाख रुपये की लूट

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली। नगर के वार्ड 18 के मिरटोली गांव में रविवार की शाम अपराधियों ने हथियार के बल पर कलेक्शन एजेंट से एक लाख बासठ हजार रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया। अस्पन्दना स्फूर्ति फाइनेंस कंपनी के दो कलेक्शन एजेंट एक ही बाइक पर सवार होकर आ रहे थे।

दोनों ने प्रखण्ड के मेहवा व भवानीपुर गांव से कैश कलेक्शन कर कम्पनी के हरसिद्धि शाखा में जमा करने जा रहे थे। जिनमें भैरोगंज थाना के बासगांव मंझरिया निवासी छोटेलाल साह का पुत्र श्रवण कुमार तथा योगापट्टी थाना के मच्छरगांवा निवासी विकासलाल श्रीवास्तव के पुत्र संदीप कुमार शामिल थे। इस बाबत दोनों ने बताया कि हमलोग महिलाओं के समूह को किये गए फाइनेंस के किस्त की एक लाख बासठ हजार एक सौ चालीस रुपये की वसूली मेहवा तथा भवानीपुर गांव से कर हरसिद्धि शाखा में जमा करने जा रहे थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 06 मई, 2024





# सिनेमा के माध्यम की बजाय भूमिका को तवज्जो देती हैं यामी

यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म आर्टिकल 370 खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही हैं, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं। यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी। यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं। काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है। यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं। यामी का कहना है कि उनकी मकसद सिर्फ मशहूर होना नहीं, बल्कि शानदार कहानी पेश करना भी है। यामी गौतम के आगामी प्रोजेक्ट की बात करें तो वह फिल्म धूम धाम में नजर आएंगी। निजी जिंदगी की बात करें तो अभिनेत्री के घर जल्द किलकारी गूंजने वाली है। वर्ष 2021 में यामी ने आदित्य धर के साथ शादी रचाई थी। दोनों अपने पहले बच्चे का स्वागत करने को तैयार हैं।



# टीवी वाले चाहते हैं कि हम बस रोबोट की तरह काम करें

निमकी मुखिया' का किरदार निभाने वाली भूमिका गुरुंग सिर्फ टीवी पर ही नहीं, असल जिंदगी में भी सशक्त हैं। वह सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी आवाज उठाती हैं। पिछले दो साल से उन्होंने टीवी इंडस्ट्री से दूरी बना ली क्योंकि उन्हें टाइपकास्ट होने का डर था। इस बीच, एक्ट्रेस ने फिल्मों और ओटीटी की तरफ रुख किया।हाल ही में उन्होंने हमसे बात की।

## कई चीजों से समझौता करना पड़ता है

'निमकी मुखिया' के बाद मुझे उसी तरह के किरदार ऑफर हो रहे थे इसलिए मैंने टीवी इंडस्ट्री से कुछ समय के लिए ब्रेक ले लिया। मैंने दूसरे माध्यमों की तरफ जाना जरूरी समझा। टीवी से पहचान मिली है, इसलिए मैं उसकी बहुत इज्जत करती हूं। 'निमकी' से मुझे लोकप्रियता हासिल हुई। मैं चाहे कुछ भी कर लूं पर लोग इसके बारे में जरूर बात करेंगे। आप जब टाइपकास्ट होने लगते हैं तो कई चीजों से समझौता करना पड़ता है।

## वेब वाले टीवी एक्टर नहीं चाहते हैं

पिछले दो साल से मैं गायब हूं। इस बीच, मैंने काफी काम किया है। टीवी से ओटीटी की तरफ स्विच करना मुश्किल टास्क है। वेब वाले पहले ही प्रोफाइल देखकर रिजेक्ट कर देते हैं क्योंकि उन्हें टीवी एक्टर नहीं चाहिए। हर अच्छी चीज में समय लगता है। इसके लिए आप में धैर्य होना जरूरी है। मेरे साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ। छोटे-मोटे काम किए। अब जाकर अच्छे प्रोजेक्ट हाथ में आए हैं, जो मैंने शूट कर लिए हैं। साउथ के मेकर्स के साथ भी मैं शूट शुरू करने वाली हूं। मुझे बहुत साधारण काम करना है, जो मेरे मां-बाप साथ बैठकर देख सकें। फिर चाहे वह किसी भी प्लैटफॉर्म के लिए हो।

## कुछ लोग अश्लीलता परोस रहे हैं

जब आप किसी शो से हिट हो जाते हैं तो वैसी छवि बन जाती है। मुझे जो किरदार मिलें, वे महिला सशक्तीकरण वाले होते हैं, जो समाज में बदलाव ला सकते। अब तक मैंने जितना काम किया है, उसमें मेरे किरदार बहुत दमदार रहे हैं। हमारी इंडस्ट्री ने काफी तरक्की कर ली है। हीरोइनों को अच्छे पैसे और इज्जत मिल रही है। हालांकि, कुछ लोग कॉन्टेंट के नाम पर अश्लीलता परोस रहे हैं। मुझे लगता है कि कई बार लव मेकिंग सीन जबरदस्ती डाल दिए जाते हैं, जबकि उनकी जरूरत नहीं होती। अगर आप अपने मां-बाप के साथ कोई शो बैठकर ना देख पाओ तो क्या ही मतलब उसका। मेरे हिसाब से टीवी के मुकाबले फिल्में और ओटीटी पर काम करना ज्यादा आसान है। मैं बहुत सच बोलने वाली लड़की हूं, इस वजह से मेरा नुकसान भी हुआ है। मेरे पहले शो के बाद ये अफवाहें उड़ने लगी थीं कि यह बहुत तंग करती है। मेरे साथ जिन्होंने काम किया है, वे अच्छे से जानते हैं। मैं हर काम में अपना दो सौ फीसदी देती हूं। मैं नहीं चाहती कि कोई मुझ पर सवाल उठाए।



# 'बदतमीज गिल' से तूफान मचाने आ रही हैं वाणी

**बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर अपनी नई फिल्म के साथ दर्शकों के बीच आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री निर्माता नवजोत गुलाटी की आगामी फिल्म 'बदतमीज गिल' में नजर आएंगी। फिल्म को 'आधुनिक युग का नाटक' बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म एक लड़की की कहानी है, जिसका परिवार बरेली और लंदन में है।**

## बरेली में होगी शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जल्द ही बरेली में शुरू होगी। फिल्म में वाणी कपूर के अलावा अभिनेता अपारशक्ति खुराना और परेश रावल अहम भूमिका में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि लड़की के भाई के किरदार में अपारशक्ति खुराना नजर आएंगे और पिता की भूमिका परेश रावल निभाएंगे।

## खूबसूरत और आत्मविश्वासी लड़की की थी तलाश

फिल्म निर्माता निकी भगनानी और विक्की भगनानी ने एक बयान में कहा कि उन्हें एक खूबसूरत और आत्मविश्वासी लड़की की जरूरत थी। जो फिल्म के किरदार के अनुसार अपने परिवार और दोस्तों के लिए उत्पात मचा सके। उन्होंने कहा कि वाणी वास्तविक जीवन में ऐसी ही है। वो जब उनसे मिले तो उन्हें लगा कि उनको मुख्य किरदार मिल गई है। निर्माताओं को लगता है कि वह अपनी मौजूदगी से स्क्रीन को चमका देंगी। वह आशा करते हैं कि वह दर्शकों का अपनी फिल्म से मनोरंजन कर पाएंगे।

## 'बदतमीज गिल' के पीछे है इनका हाथ

'बदतमीज गिल' का निर्माण निकी भगनानी और विक्की भगनानी करेंगे। फिल्म को नवजोत गुलाटी ने लिखा है। वह इस तरह की फिल्में लिखने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 'रनिंग शादी', 'गिन्नी वेड्स सन्नी' लिखी हैं। गुलाटी ने 'जय मम्मी दी' और आगामी फिल्म पूजा मेरी जान का निर्देशन भी किया है।

## वाणी कपूर वर्क फ्रंट

अभिनेत्री के आगामी कार्यों की बात करें तो 'खेल-खेल में' वह अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, एमी वर्क, आदित्य सील, प्रग्या जायसवाल और फरदीन खान के साथ नजर आएंगी।

# मुझे अपनी जिंदगी में ज्यादा एक्सपेरिमेंट करना पसंद नहीं हैं



एक्ट्रेस सायंतनी घोष, जो वर्तमान में शो दहेज दासी में नजर आ रही हैं, ने बताया है कि उन्हें अपनी जिंदगी में ज्यादा एक्सपेरिमेंट करना पसंद नहीं है, वह स्थिरता पसंद करती हैं। वर्ष 2005 में एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस टीवी इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह कमाई का एक नियमित स्रोत भी प्रदान करता है। सायंतनी ने कहा, मुझे अपनी जिंदगी में ज्यादा एक्सपेरिमेंट करना पसंद नहीं है और मैं कुछ स्थिरता चाहती हूं। बीस साल तक सचमुच कड़ी मेहनत करने के बाद, मैं अपनी जिंदगी के इस पड़ाव पर आराम करना पसंद करती हूं। अगर मैं किसी खास शो और भूमिका से खुश हूं, और वह कई साल तक चलता है, तो मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात है। बहुत से लोग लगातार काम करने या काम के घंटों की संख्या के बारे में शिकायत करते हैं, लेकिन इसके साथ इसके फायदे भी हैं। यह आमदनी का एक नियमित स्रोत है। यह रेगुलर रोजगार की तरह है, और इस तरह वित्तीय सुरक्षा भी मिलती है। उन्होंने कहा, यह टिकाऊ है, क्योंकि जब किसी अन्य फॉर्मेट की बात आती है, तो आप एक प्रोजेक्ट करते हैं और फिर एक डाउनटाइम होता है। लेकिन जब आप डेली सोप से जुड़े होते हैं, तो यह काफी समय तक चलता है। मुझे लगता है कि यह एक फायदा है।

# यश की टॉक्सिक से जुड़ीं नयनतारा!

सफल केजीएफ फ्रेंचाइजी में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध यश ने दो आगामी फिल्मों में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें से एक गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित टॉक्सिक और दूसरी नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रामायण है। टॉक्सिक का फिल्मांकन वर्तमान में प्रगति पर है। यश, नितेश तिवारी की रामायण के साथ इस फिल्म का सह-निर्माण भी कर रहे हैं। इसी बीच खबर आई कि करीना कपूर खान ने फिल्म से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। वहीं, अब करीना के किरदार के लिए दमदार साउथ हसीना का नाम सामने आया है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

टॉक्सिक के लिए कास्टिंग के संबंध में रोमांचक घटनाक्रम सामने आए हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि गीतू मोहनदास की फिल्म में यश की बहन की भूमिका के लिए प्रसिद्ध साउथ अभिनेत्री नयनतारा से बातचीत चल रही है। जानकारी हो कि नयनतारा को लेडी सुपरस्टार भी कहा जाता है। ऐसे में वो अगर इस फिल्म का हिस्सा बनेंगी तो निश्चित रूप से फैंस और भी ज्यादा उत्साहित होंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गीतू मोहनदास और यश ने हाल के हफ्तों में नयनतारा के साथ कई चर्चाएं की हैं और बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है।

नयनतारा ने इस भूमिका में गहरी रुचि दिखाई है, फिलहाल चर्चा साजो-सामान संबंधी व्यवस्थाओं पर केंद्रित है। एक मजबूत महिला के रूप में वर्णित चरित्र, नयनतारा के ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व के साथ अच्छी तरह मेल खाता है और वह कथित तौर पर गीतू मोहनदास के महिला पात्रों के चित्रण से प्रभावित हैं। गीतू मोहनदास और यश दोनों नयनतारा के टॉक्सिक के कलाकारों में शामिल होने की संभावना से उत्साहित हैं।





# वॉम्ब का हिस्सा बनना किसी प्रेरणा से कम नहीं

अजितेश शर्मा द्वारा निर्देशित डॉक्यूमेंट्री वीमेन ऑफ माई बिलियन (वॉम्ब) का हिस्सा बनने के लिए प्रियंका चोपड़ा ने आभार जताया है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर डॉक्यूमेंट्री की एक झलक शेयर की, जिसमें भारत में महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली सभी प्रकार की हिंसा के खिलाफ लड़ाई पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें सृष्टि बख्शी की यात्रा को भी दिखाया गया है, जो महिलाओं की कहानियों को उजागर करने और साझा करने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 240 दिनों में 3,800 किमी की दूरी तय करती है। डॉक्यूमेंट्री को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, फ्रबहुत कम ही आप ऐसे लोगों से मिलते हैं जिनकी ताकत आपको हैरान कर देती है। आपके भीतर एक ऐसी कहानी है जो वास्तव में बदलाव ला सकती है। प्रस्तुत है वॉम्ब... सृष्टि बख्शी, अपूर्वा भार्गव द्वारा बनाई गई एक फिल्म, जिसमें साहस, ताकत और जज्बे की कहानियां हैं। इस यात्रा का हिस्सा बनना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। बदलाव की ये कहानियां अब आपकी हैं। 3 मई को शुरू हुए इस शो का निर्माण अपूर्वा बख्शी और मोनिशा त्यागराजन के अवेडेशियस ओरिजिनल्स द्वारा प्रियंका चोपड़ा जोनास की पर्पल पेबल पिक्चर्स के सहयोग से किया गया है।

# एनएच स्टूडियोज के साथ अजय देवगन ने फिर 11वीं फिल्म लिए मिलाया हाथ

अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म औरों में कहां दम था को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म दर्शकों के लिए भी सी लिए खास है, क्योंकि एक बार फिर उन्हें फिल्म में अजय के साथ तब्बू की जोड़ी देखने को मिलेगी। फिल्म को लेकर समय-समय पर नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब एक बार फिर फिल्म पर अपडेट सामने आया है। एनएच स्टूडियोज और अजय देवगन ने अपनी 11वीं फिल्म के साथ अपनी साझेदारी जारी रखी है। अब वे औरों में कहां दम था के लिए भी सहयोग करेंगे। यह सहयोग एक लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते का प्रतीक है, जिसकी शुरुआत 1992 में आई फिल्म जिगर से हुई थी। एनएच स्टूडियोज का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रेयांस हीरावत ने परियोजना के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम इस साल अजय सर के साथ अपना 11वां सहयोग रिलीज करेंगे और यह एक बहुत ही खास फिल्म है। अजय और तब्बू एक परिपक्व प्रेम कहानी के साथ स्क्रीन पर जादू बुनेंगे और फिल्म का निर्देशन कोई और नहीं बल्कि समीक्षकों द्वारा प्रशंसित, प्रसिद्ध निर्देशक, नीरज पांडे कर रहे हैं। श्रेयांस हीरावत ने आगे बताया कि औरों में कहां दम था में रोमांस और थ्रिलर तत्वों का मिश्रण है। फिल्म की कहानी 2000 से 2023 तक फैले 23 वर्षों में सामने आती है। उन्होंने आगे कहा, फिल्म एक थ्रिलर और प्रेम की यात्रा के चित्रण का एक अनूठा संयोजन पेश करने का वादा करती है, जो बड़े पर्दे पर परिपक्व प्रेम और साहचर्य का एक हार्दिक चित्रण है। निर्देशक नीरज पांडे ने भी फिल्म में एक नई प्रेम कहानी की खोज के लिए अपना उत्साह साझा किया। नीरज पांडे ने कहा कि औरों में कहां दम था प्यार की गहराइयों का पता लगाने का प्रयास करता है, जो महज भौतिकता से परे है और मानव मानस की जटिलताओं में गोता लगाता है। यह कहानी बॉलीवुड में काफी हद तक अलग और खास है। शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत, कुमार मंगत पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज और संगीता अहीर द्वारा निर्मित औरों में कहां दम था 5 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म अजय देवगन के साथ नीरज पांडे के पहले सहयोग का प्रतीक है। फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा हो चुका है। अब निर्माता जल्द ही इसके टीजर और ट्रेलर का अनावरण करेंगे।



## संक्षिप्त खबरें

### पैंपर्स गोदाम में लगी आग देख आसपास के इलाके में मची अफरा तफरी

भागलपुर। शहरी क्षेत्र के दक्षिणी भाग स्थित बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर हसनपुर स्थित बच्चों के पैंपर्स गोदाम में भीषण आगजनी की घटना घटित होने का मामला सामने आया है। इस घटना में गोदाम में रखे लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। वही आगजनी की घटना को लेकर स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है, लेकिन घटना के बाबत बताया जा रहा है कि पैंपर्स गोदाम में लगी आग देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपने आगोश में ले लिया था, जिससे गोदाम में रखी करीब लाखों रुपए के मूल्य की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका था। वही स्थानीय लोगों की माने तो आग लगने से गोदाम के भीतर से अचानक धुआं उठता देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी गोदाम मालिक और स्थानीय पुलिस व अग्नि शमन विभाग के दमकल दस्ता को दी गई थी। वही घटना को लेकर अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टिया यह घटना लापरवाही का नतीजा प्रतीत हो रहा है। अब देखने वाली बात है कि इस भीषण आग में और कितना नुकसान हुआ है, जांच के बाद ही पता चल सकेगी।

### जिलाधिकारी ने मढ़ौरा में डिस्पैच स्थल का किया निरीक्षण

छपरा कार्यालय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अमन समीर द्वारा रविवार को निवार्ची पदाधिकारी 20-सारण -सह- अपर समाहर्ता, सारण के सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवम् पुलिस पदाधिकारियों के साथ मढ़ौरा स्थित डिस्पैच स्थल का निरीक्षण किया। लोकसभा आम चुनाव- 2024 के अवसर पर सारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु होने वाले मतदान प्रक्रिया के अंतिम चरण में चल रही तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में मढ़ौरा अनुमंडल अंतर्गत अमनौर एवम् मढ़ौरा विधानसभा हेतु चिन्हित मढ़ौरा आईटीआई कॉलेज परिसर अवस्थित डिस्पैच केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वाहन एवं मतदान कार्य हेतु आनेवाले कर्मियों/पुलिस बलों से संबंधित व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक कार्य ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

### प्रसव के दौरान बच्चा की मौत, आक्रोशितों ने काटा बवाल

जमुई। जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित रेफरल अस्पताल में शनिवार रात 7:30 बजे के करीब लक्ष्मीपुर हरमापहड़ी निवासी सूरज कुमार के 21 वर्षीय पत्नी बेबी कुमारी का प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हो गई। ड्यूटी पर तैनात आयुष चिकित्सक डा० संजय राम ने बताया कि बेबी कुमारी शनिवार दोपहर 1:30 बजे रेफरल अस्पताल में भर्ती हुए थे। एएनएम ललिता कुमारी के देखरेख में सब कुछ अच्छा था। रात्रि 7:30 बजे के करीब बेबी कुमारी ने बच्चे को जन्म दिया। लेकिन जब मैं बच्चे को देखा तो बच्चे में जान था ही नहीं और बेबी कुमारी बहुत कमजोर हो गई थी।जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया गया। लेकिन इस बीच अज्ञात लोगों ने परिजनों को आक्रोशित कर तोड़ फोड़ करना शुरू कर दिया। मौके के नजाकत को देखते हुए इसकी सूचना स्थानीय थाना प्रभारी आलोक कुमार दी गई। जैसे ही पुलिस मौके बार दांत पर पहुंची अज्ञात लोग भाग खड़े हुए और परिवार के लोग शांति पूर्वक अपने घर को प्रस्थान कर गए।तब जाकर रेफरल अस्पताल के डाक्टर एवं अन्य कर्मी ने राहत की सांस ली।

### हाथों की स्वच्छता भी जरूरी, नहीं तो हो सकते हैं संक्रमण का शिकार

पर्यावरण, स्वच्छता, स्वास्थ सहित कई सामाजिक जागरूकता अभियान को लेकर निरंतर अभियान चला रही साईकिल यात्रा एक विचार मंच के सदस्यो द्वारा आज विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर लोगो को अपना हाथ को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर साईकिल यात्रियों का समूह श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम से निकलकर नगर परिषद के बिहारी मुहल्ला पहुंच कर सीपू परिहार के निजी जमीन पर एक दर्जन पौधा लगाई गईएव उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सीपु परिहार को दी गई जो नियमित पानी और उसकी सुरक्षा हेतु उचित देखभाल करेंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लड्डू मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हाथों को साफ-सुथरा रखने की काफी जरूरत होती है. हाथों को साफ रखना कितना जरूरी ये हमने कोरोना काल में सीख लिया है। हाथों की स्वच्छता को मेंटेन करने से कई संक्रमण और बीमारियों से दूर रह सकते हैं। सदस्य सिपू परिहार ने बताया विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है।

# वृक्षारोपण कर जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम का किया गया आगाज

## डीडीसी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता।



भागलपुर। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर समीक्षा भवन के समीप उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग एवं अपर समाहर्ता गण व अन्य पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर समीक्षा भवन के प्रांगण में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर उप विकास आयुक्त ने उदघाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू अपना सहयोग प्रदान किया। जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम के क्रम में उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग ने कहा कि 4 मई 1773 ई. को भागलपुर जिला की स्थापना हुई थीं, आज हम सभी के बीच बड़े हर्ष का दिन है कि जिला स्थापना दिवस का 251वां वर्षगांठ मना रहे हैं।

वही उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्ष में जिला स्थापना दिवस मनाने का प्रस्ताव था, लेकिन आचार संहिता के प्रभावी हो जाने के कारण कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सका है, इस कार्यक्रम को अगले वर्ष हर्षोल्लास के साथ जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अन्य कार्यक्रम भी शामिल रहेगा। वही उन्होंने कहा कि आचार संहिता के मद्देनजर आज सामान्य रूप से जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। वही जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल सभी विभागों के पदाधिकारी को उन्होंने भागलपुर जिला के विकास के लिए अपना विजन (दृष्टिकोण) रखने की बात कही है। वही कार्यक्रम को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने भी वर्तमान वर्ष के लिए अपने विभाग की ओर से डीपीओ सहित शिक्षा विभाग के जुड़े सभी विद्यालयों में आधारभूत संरचना का विस्तार करने, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन ने जिले के सभी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने सभी मरीजों का आधार कार्ड बनवाने, जिसमें मरीज के बीमारी का इतिहास अंकित रहेगा, सभी गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व चार जांच करवाने, शत प्रतिशत टीकाकरण करवाने की बात कही है तो वही कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने मोटे अनाजों के उत्पादन एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने, आईसीडीएस ने शत- प्रतिशत बढ़ावा दिये जाने की बात कही है।

इस दौरान समेकित बाल विकास पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर तरीके से संचालन कराने एवं स्कूल पूर्व के सभी बच्चों एवं महिलाओं को आधार से जोड़ने का आश्वासन दिया है, साथ ही जीविका के तहत कार्यरत सभी दीदियों को रोजगार से जोड़ने, एक लाख दीदियों को लखपति बनाने, कल्याण विभाग ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए संचालित एवं नवनिर्मित विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई करवाने, पीएचईडी ने सभी वार्डों में पेयजल की व्यवस्था करने, आपूर्ति विभाग ने सभी राशन कार्ड धारियों को नियमित रूप से खाद्यान्न मुहैया कराने, नए राशन कार्ड निर्गत करने, लाभुकों का आधार सीडिंग करवाने, जिला समन्वयक एलएसबीए ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के सभी घरों से कचरे का उठाव करवाने, डब्लू पी यू द्वारा कचरे का प्रसंस्करण करवाने, डीपीओ मनरेगा द्वारा जल संरचना में वृद्धि कर भू-गर्व जल स्तर ऊपर उठाने का प्रयास करने, लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण करवाने, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करने, मत्स्य बीज उत्पादन में भागलपुर को आत्मनिर्भर बनाने, पंचायती राज विभाग द्वारा अपने अवशेष सोलर लाइट व पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाने के संबंध में अपने-अपने दृष्टिकोण से अवगत कराया है। इस दौरान अपर समाहर्ता राजस्व ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, अपर समाहर्ता आपदा, संयुक्त निदेशक जन- संपर्क, निदेशक डीआरडीए, सिविल सर्जन तथा अन्य विभाग के पदाधिकारी गण मौजूद थे।

# पानी नहीं, तो कभी सफाई नहीं स्मार्ट सिटी के आड़ ले निगम का चल रहा खिलवाड़ : ग्रामीण

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों नगर निगम के ढुल मूल व्यवस्था व साफ सफाई के नाम पर हर दिन अपनी मनमानी रणनीति को लेकर हर दिन कोई न कोई समस्या खड़ा कर देते नजर आती हैं, निगम के उदासीन कार्यशैली व ढोकले दाबे रवैया से लोग काफी आक्रोशित दिख रहे हैं, दरअसल नाथनगर के वार्ड 12 में पिछले कुछ दिनों से निगम की कूड़ा कचड़ा उठाव व सफाई कर्मियों का समय पर इलाके में नहीं पहुंच पा रही है, जिस कारण स्थानीय वार्ड के आम लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पूरे वार्ड इलाके के गलियारों और सड़क पर कड़े व कचड़े का ढेड़ लगकर बीच रास्ते पर पसरा हुआ दिख रहा है। निगम की गाड़ी नहीं आने के कारण इलाके के गली व सड़कों सहित नलों में भी गंदगी बजबजाती दिख रही है। जिसके कारण आम लोगों के बीच इस बेतहाशा गर्मी में सड़न बजबजाती गंदगी से कहीं ना कहीं किसी बीमारी के होने का खतरा का डर भी लोगों के बीच संसय बना दिख रहा है। वहीं विगत शनिवार व रविवार को वार्ड इलाके में साफ सफाई व कचड़ा उठाव नही होने पर इलाके के तमाम लोग एकत्रित हुए और उन्होंने निगम की स्वच्छता अभियान मिशन के तहत स्वस्थ नगर व स्वच्छ ग्राम के कार्य रवैया को लेकर सवालों के घेरे में ला कर खड़ा कर दिया है, वही उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से निगम की गाड़ी कूड़ा उठाव करने के लिए नहीं आ रही है, ऐसे में वे लोग कचड़ा कहां फेंकेंगे और इलाके की साफ-सफाई नहीं हुई तो सड़कों पर कूड़े कचड़े का अम्बार लगता जा रहा है। जिससे आम लोगों को चलने फिरने में भी काफी परेशानी हो रही है, मोहल्ले वासियों का कहना है कि एक तो निगम के लोग इलाके में नियमित तौर पर सड़क की गंदगी की साफ सफाई नहीं करती है, और उसके बावजूद विगत दिनों से कार्य बाधित कर दिया गया है, जिससे स्थानीय वार्ड के सभी गलियों में कूड़ा कचड़ा का अम्बार लग गया है। काफी समय से सफाई नही होने के कारण कूड़े से सड़न दुर्गंध निकल रही हैं तो वही इस बदबू से तेज हवा के कारण लोगों के घरों में जीना दूभर कर दिया है, आलम यह है कि लोगों को अपने घर में रहना भी दुश्वार है, गंदगी के कारण विषैले तत्व कीड़े मच्छर से उनके स्वास्थ्य पर भी अच्छा खासा नुकसान होता दिख रहा है। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष एकत्रित होकर निगम प्रशासन से जल्द इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगायी है, और साफ सफाई को लेकर उचित व्यवस्था मुहैया करने की अपील की है, साथ ही उन्होंने निगम प्रबंधन पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हमारे अपील पर सुनवाई नहीं हुई तो वह लोग नगर निगम का घेराव करने को बाध्य हो जायेगे। इस दौरान काफी संख्या में मोहल्ले के लोग मौजूद थे।

### फार्म जमा करने हेतु महिलाओं ने किया प्रदर्शन

भागलपुर। जिले कई प्रखंड में सरकार की योजना से लाभान्वित होने की दिशा में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में नाथनगर प्रखंड कार्यालय प्रांगण में इंदिरा आवास योजना का फार्म जमा करवाने हेतु लगातार स्थानीय महिलाएं चक्कर काट रही है।मामले को लेकर बताया जा रहा है कि इंदिरा आवास योजना के तहत कई आवेदन का फार्म जमा नहीं लिया जा रहा है। इस मामले को लेकर नाराज आवेदक महिलाओं ने प्रखंड परिसर में जोरदार बवाल मचाया दिया। वही काफी समय बाद प्रखंड के टूलमूल व्यवस्था से नाराज चल रही तमाम महिलाओं का इंदिरा आवास योजना वाला फार्म जमा कर ली गई है। तमाम महिलाएं आवेदन जमा लिए जाने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से अपने घर के लिए प्रस्थान कर गई है।

# अभिनेत्री अमृता पांडे की मौत में कई अनसुलझे राज : एसएसपी

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। जिले के शहरी क्षेत्र इलाके में विगत दिनों भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडेय की हुई मौत के मामले में पुलिस की टीम द्वारा जांच दिन प्रतिदिन उलझती दिख रही है। दरअसल ज्ञात हो कि विगत 27 अप्रैल की देर शाम आदमपुर स्थित दिव्यधाम अपार्टमेंट के एक कमरे में अभिनेत्री की रहस्यमय तरीके मौत हो गई थी। वह विगत 22 अप्रैल को अपनी बहन वीणा की शादी में शरीक होने भागलपुर आई हुई थी। वही उसकी अचानक मौत हो जाने को लेकर मृतिका के पति चंद्रमणि जांगिड़ और परिवार के अन्य सदस्यों का कहना है कि अभिनेत्री अमृता किसी मानसिक बीमारी से ग्रसित थी, जो मुंबई के किसी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, इसी इलाज के क्रम में डॉक्टर ने उसे हेवी डोज की दवाई लेने की सलाह परामर्श दी थी। गौरतलब हो कि अभिनेत्री अमृता ने इससे पूर्व कई दफा आत्महत्या करने की कोशिश की थी। वहीं उसके पति की मानें तो मृतिका अमृता अपने कैरियर को लेकर काफी चिंतित चल रही थी, जिस कारण उसने खुदखुशी कर ली। वहीं एफएसएल की जांच रिपोर्ट में यह सामने आया है कि अभिनेत्री ने खुदकुशी की है, जबकि उसके पोस्टमार्टम जांच रिपोर्ट ने इस पुरे हाई प्रोफाइल मामले में हत्या का जिक्र किया गया है, जिससे केस पुरी तरह केस को उलझा कर रख दिया है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर जब हमने जिला सीनियर एसपी आनंद कुमार से बातचीत की तो उन्होंने पोस्टमॉर्टम और एफएसएल की रिपोर्ट के अलग-अलग पहलू पर यह कहा है कि जहां एक तरफ आत्महत्या की बात सामने आ रही थी तो वहीं दूसरी तरफ पोस्टमार्टम जांच रिपोर्ट में उसकी गला घोट कर हत्या की बात सामने आ रही है। वही एसएसपी के मुताबिक दोनों जांच रिपोर्ट में मृतिका के विरुद्ध साजिश है जो स्पष्ट तौर पर दिख रहा है, जिसको लेकर अभिनेत्री के खुदकुशी या हत्या के मद्देनजर ध्यान में रखते हुए उच्चस्तरीय जांच करने की बात कही गई है, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल विभाग टीम के एचओडी से इस मामले पर विशेष रूप से विचार विमर्श भी किया जाएगा। वही सिटी एसपी मि. राज के नेतृत्व में विशेष एसआईटी टीम गठित की गई है, जो पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं, निश्चित तौर पर पुलिस केस के तह तक जाएगी और इस उलझी गुत्थी सुलझाने में सफलता प्राप्त करेंगी।

# जनता दरबार में पहुंचा जमीन विवाद के कई मामला

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिले के कई इलाके में जमीन कब्जा करने के उद्देश्य ले भूमाफिया लगातार अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए लगातार कोशिश जारी है। इसी कड़ी में एक और मामला शाहकुण्ड प्रखण्ड के दरियापुर गाँव इलाके में घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दरियापुर गांव में भूमाफिया के द्वारा जमीन हड़पने को लेकर दर्जनों महादलित परिवार के घर पर जेसीबी चलाने का प्रयास किया गया था। वही महादलित परिवार के लोग अपने जमीन व घर को बचाव को लेकर भुमाफिया व उनके समर्थकों से भिड़ गए थे। मिली जानकारी के मुताबिक जमीन बिहार सरकार के होने के कारण उक्त जमीन पर भूमाफिया के लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करने के प्रयास किया है। वही मामले में स्थानीय सजौर थाना पुलिस के हस्तक्षेप करने के बाद किसी तरह विवाद को बड़ा होने से रोक दिया गया था। वही मामले को लेकर अंचल अधिकारी के द्वारा दोनों पक्षों को नोटिस देकर शनिवार को सजौर थाना प्रांगण में आयोजित जनता दरबार में हाजिर होने को कहा गया था। जनता दरबार में अंचलाधिकारी की मौजूदगी में एक पक्ष की तरफ से जदयू अनुसुचित जाति के जिला अध्यक्ष महेश दास दरियापुर महादलित परिवार के साथ जनता दरबार पहुंचे और दुसरे पक्ष से भुमाफिया शंभु चौधरी, रतन झा, श्रीराम पंडित, परसुराम यादव, प्रकाश यादव, अभय सिंह पहुंचने पर जनता दरबार में अंचल कर्मचारी के द्वारा भुमाफिया को अपने जमीन को सरकारी अमीन से नापी करने का आदेश जारी कर दिया गया है। वही जनता दरबार में बिहार सरकार के जमीन और अपने संबंधित जमीन जब तक सरकारी अमीन के द्वारा नापी नहीं हो जाता है।

# उत्पाद कोर्ट में शराब पीकर गवाही देने पहुंचा युवक

## हड़कत को लेकर न्यायालय ने युवक के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। बिहार में पूर्ण रूप से शराबबंदी है बावजूद इसके जिले भर में शराब कारोबारी के मंसूबों को विफल किये जाने लेकर बड़ी से बड़ी पुलिसिया कार्रवाई गतिविधि को आपने जरूर देखी होगी, लेकिन न्यायालय प्रांगण में इस तरह न्यायाधीश के समक्ष शराबबंदी की धज्जियां उड़ाते हुए एक शख्स को आप पहली दफा देखा होगा। कहते हैं न्याय के मंदिर में खड़ा बड़ा अपराधी भी सच बोल उठता है इसकी जीती जागती तस्वीर भागलपुर के न्यायपालिका स्थित दस कोर्ट भवन प्रांगण में उत्पाद कोर्ट 2 में पहली बार देखने को मिली है। दरअसल नवगछिया 222 कांड संख्या में गवाही देने को लेकर एक युवक को हाजिर किया गया था। उक्त यूवक शराब के नशे में धुत्त था जैसे ही उत्पाद कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने गवाह से इजलास पर बुलाकर मामले की पूछताछ पर युवक के मूंह से शराब की गंध आती दिखी जिसपर विशेष लोक अभियोजक उत्पाद भोला मंडल ने युवक से पुछा की क्या वह शराब पिया हुआ है? तो युवक ने कहा वह अभी शराब पीकर कोर्ट में गवाही देने आया है। जिसमें विशेष न्यायाधीश ने शराब पीने के जुर्म में उक्त युवक के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्यवाही की। पीपी भोला मंडल ने बताया कि शराबी युवक का पहले ब्रेथ एनालिसिस मशीन पर जांच करने पर 82 प्रतिशत अल्कोहल पाए जाने पर उसे मेडिकल के लिए भेजा गया है, तक्षण न्यायालय द्वारा विधि संवत कार्रवाई की गई हैं। बहरहाल एक और सवाल यह उठता दिख रहा है कि शराबबंदी वाले बिहार में जहां उसकी धज्जियां उड़ाने की कई खबरें सामने आती रही है तो वहीं एक युवक का न्यायालय के भीतर शराब पीकर जाने का दुस्साहस करना पूरे शराबबंदी की पोल खोलता दिखाई दे रहा है।

# कोढा गैंग के दो झपटमारों को लोगों ने पकड़कर जमकर की धुनाई

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। बैंक से पैसा निकासी कर घर जाने के क्रम में लोगों के साथ छिनतई की घटना को अंजाम देने के मामले में करीब दो दर्जन से अधिक घटना घटित हो चुकी है, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा अबतक छिनतई के एक दो ही मामलों में सफलता प्राप्त हुई है, इसमें भी किसी अपराधी को अबतक मौके से गिरफ्तार करने से पीछे रही हैं, लेकिन छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले शातिरों के विरुद्ध प्रधानाध्यापिका नीतू कुमारी और उनके सहयोगी लोगों की दिलेरी से दो बाइक सवार झपटमारो को रंगेहाथ पड़कर पीरपैंती थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के संबंध में मध्य विद्यालय गोराडीह की शिक्षिका नीतू कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह अपने सहकर्मी शिक्षक निक्की अग्निहोत्री के साथ एसबीआई बैंक से 50 हजार रुपया लेकर जा रही थी, इसी क्रम में उनकी बाइक स्टार्ट नहीं हुई तो वह पैदल ही किसी मैकेनिक के यहां जा रहे थे, तभी पीछे से बाइक सवार बदमाशों ने पर्स छीन कर भागने का प्रयास किया लेकिन उनकी जोरदार पकड़ के कारण बदमाश असफल हो गया, भागने के प्रयास में बाइक सवार की बाइक उलट गई और वे लोग पैदल ही गौशाला के पीछे बगीचे की तरफ भागने लगे इसी क्रम में शोर मचाने पर आसपास के स्थानीय लोगों ने उसे खदेड़कर पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी। दोनों बाइक सवार झपटमारो को पकड़कर पिटाई करने के बाद ही स्थानीय थाना पुलिस को सूचना देकर बुलाकर अध्यक्ष नीरज कुमार के हवाले कर दिया गया है। वही दोनों झपटमार बदमाशों ने अपनी पहचान कोडा गैंग के बबरगंज के रामू यादव के पुत्र प्रकाश यादव व धर्मेंद्र यादव के पुत्र सोमिलाल यादव के रूप में बताई दोनो झपटमारों के पास से दो मौबाईल, दो मास्टर चाबी, खुजली वाला पाउडर व एक व्हाईट कलर अपाची गाड़ी बरामद की गई है।

# 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ हवन पूजन एवं परिक्रमा के साथ हुआ संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक। मशरक के कोड़रांव गांव में 125 वर्ष पुराने श्री राम जानकी मठ के प्रांगण में विश्व कल्याणार्थ 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ का समापन हवन पूजन एवम यज्ञ मनदाओत की परिक्रमा के साथ संपन्न हुआ। आचार्य अवधकिशोर पांडेय,संतोष तिवारी के मंत्रोच्चार के साथ राम जानकी मठ सह यज्ञ संचालन समिति के संरक्षक पूर्व मुखिया छोटे प्रसाद सिंह, यजमान प्रखंड पैक्स अध्यक्ष विश्वजीत सिंह अपनी धर्मपत्नी जूली सिंह, बसंत सिंह के साथ श्रद्धालु ग्रामीण हवन पूजन में शामिल हुए। सैकड़ो कुंवारी कन्या और महिला पीले परिधान में यज्ञ मंडप की परिक्रमा की में शरीक हुए। कलश के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। विश्व कल्याणार्थ विष्णु महायज्ञ में देश प्रदेश के विद्धान संत महात्माओं द्वारा प्रतिदिन प्रवचन किया गया। 9 दिन तक अखंड अष्ट्यम, जप के साथ राम जानकी की विधिवत आरती, रासलीला का भी कार्यक्रम हुआ। मठ के महंत सह यज्ञ संचालक महाराज श्याम सुंदर दास जी के देखरेख में वृहद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। सारण के मशरक प्रखंड अवस्थित कोरराव गांव में 51 बीघा भूमि पर अवस्थित राम जानकी मठ सनातन संस्कृति की धरोहर है। जिसके संस्थापक छोटे प्रसाद सिंह के पूर्वज स्व सियाराम दास जी महाराज आज भी पूजनीय है। इस मठ के अलावे गांव में अवस्थित विश्वकर्मा मंदिर, काली मंदिर, शिव मंदिर में लोग विधिवत पूजा अर्चन करते है। प्रति वर्ष जून माह में रामजानकी मठ का स्थापना दिवस पिछले सौ वर्ष से प्रतिवर्ष छोटे प्रसाद सिंह एवम उनके परिजन के साथ ग्रामीण मनाते।

# एबीवीपी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीण इलाकों में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात: किरण



दरभंगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दरभंगा जिला द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दरभंगा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ने राष्ट्र प्रथम मतदान प्रथम का पर्चा वितरण किया और मतदान के महत्व को समझाते हुए बताया कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए अपनी मनपसंद की सरकार और अपना मनपसंद प्रतिनिधि चुनना चाहिए।आप आपने एक वोट से उस सही प्रत्याशी को चुन सकते है।जो लोगों के लिए समर्पित होकर कार्य कर सके।अगर आप वोट डालने ही नहीं जाएंगे तो गलत प्रत्याशी के जीतने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही उन्होंने 13 मई को पहले मतदान फिर जलपान करने की अपील की. साथ ही छात्रों एवं आमजनों से ऐसे सरकार को चुनने का आग्रह किया जो हमारे देश की स्मिता को पूरे विश्व में शिखर पर पहुंचाए। इस अभियान में मुख्य रूप से प्रदेश सह मंत्री उत्सव पराशर विभाग संयोजक राहुल सिंह,जिला संयोजक वागीश झा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राघव आचार्य,नवनीत चौधरी,जिला सह संयोजक रवि यादव, खेलो भारत के संयोजक सत्यम झा, संजीव कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

पानापुर(सारण)थाना क्षेत्र के भोरहा गांव में शनिवार की रात पारिवारिक कलह से तंग आकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी ।मृत महिला बिजेंद्र ठाकुर की पत्नी गुड़िया देवी बतायी जाती है ।वही मृतका के मायकेवालों ने ससुरालवालों पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।मिली जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद के बाद महिला ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था।घरवाले समझे कि वह सोने चली गयी है ।रविवार की सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नही खुला तो परिवारजनों को शक हुआ ।घरवालों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो पंखे से लटकते गुड़िया के शव को देख तो उनकी आंखें फटी रही गयी। महिला द्वारा आत्महत्या किये जाने की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुँची एवं शव को कब्जे में किया।इस बीच सूचना पाकर मृतका के मायकेवाले भी भोरहां गांव पहुँचे एवं गुड़िया के शव को देख दहाड़ मारकर रोने लगे।घटना से आक्रोशित मायकेवालों ने जमकर तोड़फोड़ की जिन्हें पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराया एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया।वही मृतका के चाचा पूर्वी चंपारण के केसरिया थानांतर्गत खिजिरपुरा गांव निवासी बीरेन्द्र ठाकुर ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया है जिसमे दहेज में बोलेरो गाड़ी के लिए ससुरालवालों द्वारा हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।पुलिस को दिए आवेदन में उसने कहा है कि मेरी भतीजी की शादी 5 मई 2018 को हुई थी।विगत कई दीनो से उसे बोलेरो के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।इस मामले में उसने मृतका के पति बिजेंद्र ठाकुर ,ससुर योगेंद्र ठाकुर ,सास सलेरी देवी एवं वकील ठाकुर को आरोपित किया है।

# राज्य स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर का दरभंगा में रोड शो आज

प्रात: किरण



दरभंगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के अवसर पर मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिले में विभिन्न स्तरों व माध्यमों से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज 06 मई को राज्य स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रोड शो किया जाएगा। अपराह्न 4.30 बजे सुश्री ठाकुर का प्रेक्षागृह लहेरियासराय, दरभंगा में आगमन के पश्चात वरीय पदाधिकारियों द्वारा उन्हें पाग व चादर से सम्मानित किया जाएगा। लगभग 05 बजे अपराह्न वरीय पदाधिकारियों द्वारा स्वीप आईकॉन एवं मतदाताओं का सम्बोधन के पश्चात ,जिला स्वीप आईकॉन मणिकांत झा के पुस्तक के चतुर्थ संस्करण का लोकार्पण होगा। तत्पश्चात राज्य स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर द्वारा संबोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शाम 6 बजे सुश्री ठाकुर का रोड शो का आयोजन होगा, जो कि ऑडिटोरियम से शुरू होकर लहेरियासराय टॉवर-लोहिया चौक-नाका नं0-06, से होते हुए कोतवाली चौक-मिजार्पुर-आयकर चौराहा से श्यामा माई मंदिर चौरंगी तक पहुंचेगी। पुनः वापस दरभंगा स्टेशन होते हुए-दोनार-अल्लपट्टी-कपूर्री चौक-बेंता होते हुए लहेरियासराय टॉवर से आगे लोहिया चौक पर समाप्त होगी।इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी प्रकार की आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस रोड शो में काफी संख्या में स्थानीय मतदाता शामिल होंगे, जिनसे शत प्रतिशत मतदान की अपील की जाएगी।

# लायंस छपरा ग्रेटर ने किया अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण

प्रात: किरण

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर के द्वारा 181 गरीबों एवं भूखे को अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण का कार्यक्रम अंश फ्लैश श्री दावत रेस्टोरेंट के नीचे किया गया।

इस प्रोग्राम के मेहमान खास जो सिवान से आए मौलाना सज्जाद हुसैन रिजवी साहब ने अपने हाथों से गरीबों को खिचड़ी वितरण किया और उन्होंने लायंस क्लब ऑफ छपरा ग्रेटर के कार्यो की काफी सराहना की।

इसी बीच दांत चिकित्सा लायन डॉक्टर ओपी गुप्ता ने गरीबों को कपड़ा वितरण किया। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया कि खिचड़ी-वितरण का यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को दिन में 1:00 बजे से तीन माह से हर शनिवार को किया जा रहा है और इसका काम को सफल बनाने में सभी मेंबरों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका प्रोग्राम अध्यक्ष रिजवी राज, क्लब अध्यक्ष करण सिंह क्लब सचिव राजेश कुमार उपाध्याय की रही। इस कार्यक्रम में क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एस जेड ए रिजवी उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा लायंस क्लब छपरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ ओपी गुप्ता एस एम इब्राहिम संतोष कुमार सिंह शेखर कुमार चंदन शर्मा रिजवी राज लायन साथी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम की जानकारी अध्यक्ष करण सिंह ने दी।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल घोषित

**● 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंडिया और पाकिस्तान एक ग्रुप में ● भारत-पाक मैच 6 अक्टूबर को**




**ढाका (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इस साल बांग्लादेश में 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाली विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। रविवार को ढाका में हुए एक कार्यक्रम में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल को जारी किया गया। इस अवसर पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन, इ्रष्ट के सीईओ ज्योफ एलार्डिस, भारतीय टीम की कप्तान हरमप्रीत कौर और बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने हिस्सा लिया। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम शामिल है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है। इस ग्रुप के सभी मैच ढाका में खेले जाएंगे। वर्ल्ड कप शेड्यूल की घोषणा के दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश की कैप्टन निगार सुल्ताना।

### भारत-पाक के बीच मैच 6 अक्टूबर को होगी भिड़ंत

भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं 6 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ भिड़ेगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को ही क्वालिफायर-1 टीम के खिलाफ करेगी।

### दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें पहुंचेगी सेमीफाइनल में

सेमीफाइनल में दोनों ग्रुप की टॉप दो टीमें पहुंचेगी। पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को सिलहट में और दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को फाइनल ढाका में ही खेल जाएगा।

### क्वालिफायर-1 और 2 का फैसला 7 मई को

वहीं वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर-1 और क्वालिफायर-2 का फैसला 7 मई को आईसीसी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर के होने वाले फाइनल से होगा। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच ढाका में 10 प्रैक्टिस मैच खेले जाएंगे।





# फैंस ने हेनरिक क्लासेन को घेरा, सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ने खोया आपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपने पसंदीदा क्रिकेट स्टार की एक झलक पाना कई प्रशंसकों के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हालांकि इस इच्छा को पूरा करने की उत्सुकता में कुछ समर्थक सीमाओं को लांघ देते हैं जिससे अप्रिय स्थिति पैदा हो जाती है। उनकी हरकतें न केवल उनके लिए बल्कि उन क्रिकेट सितारों के लिए भी असुविधा पैदा कर सकती हैं जिनकी वे प्रशंसा करते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के धमाकेदार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को हैदराबाद में एक ऐसी ही घटना का सामना करना पड़ा जब वह प्रशंसकों द्वारा भीड़ में फंसने के बाद अपना आपा खो बैठे।

सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में क्लासेन और जयदेव उनादकट को संभवतः एक मॉल में प्रशंसकों से घिरे हुए, अराजक स्थिति का सामना करते हुए दिखाया गया। क्लासेन काफी चिढ़े हुए दिखे और उन्होंने प्रशंसकों से शांत रहने का आग्रह किया। इस घटना के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के प्रबंधन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि इससे सवाल उठता है कि प्रशंसक खिलाड़ियों के इतने करीब कैसे आ पाए, जिससे संभावित सुरक्षा जोखिम पैदा हो गया।

आईपीएल 2024 के दौरान क्लासेन की लोकप्रियता कफी बढ़ी है क्योंकि उन्होंने अपनी टीम के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विस्फोटक बल्लेबाज ने 10 पारियों में 48 की शानदार औसत और 189 की स्ट्राइक रेट से 337 रन बनाए हैं।

# पंजाब से लगातार 5 हार के बाद जीती चेन्नई

- पिछले मैच का हिसाब बराबर किया
- जडेजा ने 43 रन बनाए, 3 विकेट भी लिए



**धर्मशाला, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत कर ली है। टीम ने मौजूदा सीजन के 53वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया। चेन्नई की पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद यह पहली जीत है। इस जीत से ष्टस्य् पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आ गई है। चेन्नई के पास 11 मैचों के बाद 12 अंक हैं। धर्मशाला मैदान पर रविवार को पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन बनाए। जवाब में पंजाब 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 139 रन बना सकी। रवींद्र जड़ेजा ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 26 बॉल पर 43 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी हासिल किए।

# आज वानखेड़े में लगेगा रनों का अंबार या गेंदबाजों का रहेगा जलवा?

**मुंबई-हैदराबाद में होगा रोमांचक मुकाबला**

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 53वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में 6 मई यानी सोमवार को खेला जाएगा। 11 में से 8 मुकाबले हारने के बाद मुंबई इंडियंस इस वक्त पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे हैं। वहीं हैदराबाद 10 में से 6 मुकाबले जीतने के बाद पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर हैं। दोनों टीमें आईपीएल 2024 में दूसरी बार एक दूसरे से भिड़ रही हैं। इससे पहले जब दोनों टीमें हैदराबाद में मिली थीं। तो होम टीम एसआरएच ने रनों का अंबार लगाया था और आरसीबी का सबसे बड़ा स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा था। दोनों टीमों के बीच एक और रोमांचक मैच की उम्मीद है। आइये जानते हैं कि इस मैच में मुंबई की पिच कैसा खेलने वाली है।

**मुंबई और हैदराबाद के मैच की**





**पिच रिपोर्ट** - मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। इस मैदान पर जमकर रन बनते हैं। छोटा ग्राउंड होने की वजह से चौके-छक्कों की भी खूब बारिश होती है। गेंदबाज इस पिच पर संघर्ष करते नजर आते हैं। हालांकि स्पिनर्स को इस पिच पर मदद जरूर मिलती है।

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 116 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 53 पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम तो 63 दूसरे बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। जो भी टीम मुंबई में टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी करने को देख सकती है। पहली पारी का औसत स्कोर आईपीएल में वानखेड़े में 170 रन है।

### मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**मुंबई इंडियंस** - हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**सनराइजर्स हैदराबाद** - अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, जथावेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

# सीएसके के लिए बोझ बने अजिंक्य रहाणे

**● बुरी तरह हुआ एक्सपोज, शायद ही अगले सीजन में मिले मौका**

**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 53वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत काफी खराब रही। ओपनर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे सिर्फ 9 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए। इस पूरे सीजन में रहाणे सीएसके के लिए कमाल नहीं दिखा सके हैं। इस सीजन में रहाणे में सीएसके लिए 10 पारियों में सिर्फ 199 रन बना पाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 122.84 का रहा है। इस दौरान रहाणे ने सबसे बड़ी पारी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 45 रनों की खेली थी।अजिंक्य रहाणे का सीएसके के लिए बल्लेबाजी में नहीं चलना टीम के लिए मुश्किल खड़ा किया है, क्योंकि उनसे उम्मीद की जाती रही है कि वह ओपनिंग में एक अच्छा स्टार्ट दें लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।



# बेल्जियम के डेनियल दारदा नें जीता सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब

**ओलबिया, इटली (एजेंसी)।** सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब एक बेहद ही रोमांचक फाइनल मुक़ाबले में बेल्जियम के ग्रांड मास्टर डेनियल दारदा नें अपने नाम कर लिया, दरअसल नौवे राउंड में एक दिन



पहले तक 6.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे दोनों ग्रांड मास्टर स्पेन के एलन पीचोट और इज़राइल के ग्रांडमास्टर यैर पारखोव अंक अपने मुक़ाबले हार गए और चार खिलाड़ी 7 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर आ गए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर बेल्जियम के डेनियल दारदा, रोमानिया के किरिल सावचेंकों , फीडे के मुरजिन वोलोदर और नीदरलैंड के वांन फॉरेस्ट क्रमशः पहले से चौंथे स्थान पर रहे । अंतिम राउंड में डेनियल नें एलन को काले मोहरो से खेलते हुए पराजित किया जबकि पारखोव को वांन फॉरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा । भारतीय खिलाड़ियों में सविता श्री नें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरुस्कार जीता जबकि इसी वर्ग में भारत की वन्तिका अग्रवाल दूसरे स्थान पर रही ।

# आरसीबी वेंटिलेटर से बाहर निकली पर अब भी आईसीयू में है, प्लेऑफ की उम्मीदों पर जडेजा का बेबाक बयान

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजय जडेजा का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 'वेंटिलेटर' से बाहर निकाल दिया है, लेकिन गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद टीम अब भी 'आईसीयू' में है। शनिवार को गुजरात के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 38 गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। फाफ डु प्लेसी (64) और विराट कोहली (42) ने पावरप्ले में 92 रन की साझेदारी की लेकिन आरसीबी ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर बिना विकेट के 92 रन से छह विकेट पर 117 रन हो गया और एक समय गुजरात की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद बंध गई थी।

**जडेजा ने क्या और क्यों कहा** - अजय जडेजा ने 'जियो सिनेमा' से कहा, अब भी कमजोरियां नजर आ रही हैं, आखिर में क्या हुआ। लेकिन मौका है। वे वेंटिलेटर से बाहर हैं,



लेकिन वे अब भी आईसीयू में हैं। विराट और फाफ को बल्लेबाजी करते हुए देखने के बाद हम आज के मैच को लेकर उत्साहित हैं। लेकिन असली काम गेंदबाजों ने किया, एक ऐसा पहलू जिसमें आरसीबी पारंपरिक रूप से संघर्ष करती रही है। गेंदबाजी विभाग ने अब उनके लिए योगदाना देना शुरू कर दिया है और हम सत्र के अंत के बारे में बात कर रहे हैं, यही वह बिंदु है जहां से जीत की वास्तविक संभावना में गति आती है।

**सिराज ने बढ़ाई आरसीबी की उम्मीद** - मोहम्मद सिराज की फॉर्म में वापसी ने आरसीबी की वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिराज ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभमन गिल और ऋधिमान साहा के विकेट लिए। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट चटकाए। पिछले पांच वर्षों से सिराज के साथ काम कर रहे आरसीबी के सहायक कोच एडम ग्रिफिथ ने इस बदलाव का कारण 'गेंद को फिर से स्विंग कराने' को बताया। इस तेज गेंदबाज के अच्छे प्रदर्शन ने अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत दी होगी। आईसीसी की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उनके जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद साझा करने की उम्मीद है।

# बजरंग अस्थायी रूप से निलंबित, डब्ल्यूएफआई ने नाडा पर अंधेरे में रखने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है।

बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का



नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गए थे।

बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिए और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। उन्होंने कहा, 'मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।

बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, 'यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।

उन्होंने कहा, 'वे रहने के स्थान संबंधी शर्तों, लंबी सूची (पेरिस ओलंपिक के लिए संभावित दावेदार) आदि जैसे मामलों पर हमारे साथ संवाद करते रहते हैं। यहां तक कि हमने हाल ही में हुए फेडरेशन कप के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने विजेताओं से नमूने इकट्ठा करने के लिए अधिकारियों को भेजा था। उन्होंने कहा, 'उन्होंने हमें बजरंग पुनिया के निलंबन के बारे में नहीं बताया। मैंने आज सुबह नाडा अधिकारियों को फोन किया और उनके पास मेरे प्रश्न का कोई जवाब नहीं था। अब मैं नाडा को पत्र लिखने और वाडा को इस बारे में सूचित करने की योजना बना रहा हूं।

**आईपीएल 2024**

# विराट कोहली ने फ्लाइंग किस के साथ शाहरुख खान को दिखाया बाहर का रास्ता

**बेंगलूर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ की धुंधली उम्मीदों को कायम रखा। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजी का उनका निर्णय बेहतर साबित हुआ क्योंकि वे जीटी के सभी बल्लेबाजों पर हावी थे। गेंदबाजों ने जल्दी ही प्रहार किया और जीटी ने



पावरप्ले के भीतर अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों को खो दिया था। जीटी के लिए शाहरुख खान शानदार लय में दिखे और उन्होंने स्कोरबोर्ड को नियंत्रण में रखा। वह बड़े स्कोर का लक्ष्य बना रहे थे और विराट कोहली ने उनकी पारी को रोक दिया।

भारत के स्टार बल्लेबाज ने अपनी तेज प्रतिक्रिया दिखाई और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर शाहरुख को उनकी क्रीज से कुछ ही दूरी पर रन आउट कर दिया। जब विराट ने युवा बल्लेबाज को फ्लाइंग किस देकर विदा किया तो दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करने के बाद आरसीबी के लिए स्वप्निल सिंह ने अच्छी शुरुआत की। हालांकि यह तेज़ गेंदबाज मोहम्मद सिराज थे जिन्होंने सबसे अधिक प्रभाव डाला। सिराज ने अच्छी लय के साथ गेंदबाजी करते हुए जीटी के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया।

इसके बाद कैमरून ग्रीन ने शॉर्ट गेंद प फॉर्म में चल रहे साई सुदर्शन क विकेट लिया। परिणामस्वरूप मेहमान टीम के पास सीजन का अपना सबसे कम पावरप्ले स्कोर था।

इसके बाद शाहरुख खान औ डेविड मिलर ने पलटवार करते हु अर्धशतकीय साझेदारी बनाई। जब मिलर 23 रन पर थे, तब कर्ण ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बा मिलर ने अगले ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कर्ण ने 61 रन की साझेदारी को तो दिया। अगले ही ओवर में शाहरुख उनके पी पड़ गए। राहुल तेवतिया ने कुछ चौके लगाए लेकिन आरसीबी ने दो गति वाली पिच क फायदा उठाया और जीटी को मात्र 147 प समेट दिया। पहली पारी के समापन के बा आरसीबी के वुजयकुमार वैश्य ने जीटी के खिलाफ टीम के गेमप्लान का खुलास किया।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 06 मई, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



**संक्षिप्त समाचार**

## मेघालय में युवती से दुष्कर्म का प्रयास, दो आरोपितों की पीट-पीट कर हत्या

**शिलांग , एजेंसी।** मेघालय के पूर्वी वेस्ट खासी हिल्स जिले में 18 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के लिए दो लोगों की भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि जिला मुख्यालय मैरांग के समीप नोनगथलिएव गांव में शुक्रवार दोपहर यह घटना हुई। युवती ने आरोप लगाया कि जब वह अपने घर में अकेली थी तब दोनों ने एक चाकू से उसपर हमला किया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी वहां आ जुटे और दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद भीड़ उन्हें समीप स्थित कम्युनिटी हाल ले गई और पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि भीड़ की पिटाई से बुरी तरह से घायल होने के बाद ही दोनों को हाल से बाहर लाया जा सका। एक की मौत तिरोत सिंग मेमोरियल सिविल अस्पताल में हो गई, जबकि दूसरे की मौत शिलांग सिविल अस्पताल में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। राज्य के दूसरे भाग के निवासी दोनों व्यक्ति नोनगथलिएव में मजदूरी करते थे।

## तमिलनाडु में कांग्रेस नेता का आधा जला हुआ शव खेत में मिला, जांच में जुटी पुलिस

**तिरुनेलवेली, एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में शनिवार को एक जिला कांग्रेस नेता मृत पाया गया। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृत पाए गए जिला कांग्रेस नेता की पहचान केपीके जयकुमार धनसिंह के रूप में हुई है। जिनका आधा जला हुआ शव खेल में मिला। पुलिस ने बताया कि केपीके जयकुमार धनसिंह का आधा जला हुआ शव उनके खेत में मिला। यह वारदात तब हुई जब हाल ही में पीड़ित ने अपनी जान को खतरा होने का दावा किया था। धनसिंह कांग्रेस की तिरुनेलवेली (पूर्व) इकाई के प्रमुख थे। मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने तीन विशेष टीमों का गठन किया है। इस बीच, तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के प्रमुख के सेल्वापेरुन्थागई ने अपने पार्टी सहयोगी के निधन पर शोक व्यक्त किया और पार्टी में उनके योगदान को याद किया।

## कसाब नहीं, पुलिसवाले की गोली से हुई थी हेमंत करकरे की मौतः विजय वडेत्तिवार

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस नेता विजय वडेत्तिवार ने बड़ा दावा किया है। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता वडेत्तिवार ने शनिवार को कहा कि आईपीएस अधिकारी हेमंत करकरे की मौत अजमल कसाब या किसी आतंकी की गोली से नहीं बल्कि एक पुलिस अधिकारी की ही गोली से हुई थी जो कि आरएसएस से जुड़ा था। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी और वकील उज्ज्वल निकम पर आरोप लगाया कि उन्होंने गद्दारी की और इस तथ्य को छिपा लिया। बता दें कि उज्ज्वल इस मामले में सरकारी वकील थे। वडेत्तिवार ने कहा, जांच के दौरान कुछ बड़ी जानकारियों सामने आई थीं। इसके बावजू उज्ज्वल निकम ने इन्हें छिपा लिया। मेरा सवाल है कि अब भाजपा आखिर ऐसेगद्दार को लोकसभा चुनाव में क्यों उतार रही है? ऐसा करके भाजपा एक गद्दार को बचा रही है। वडेत्तिवार के इस बयान का निकम और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी जवाब दिया। फडणवीस ने कहा कि वडेत्तिवार का बयान निराधार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कसाब की समर्थक रही है। वहीं निकम ने कहा कि इस तरह के निराधार आरोपों से हमें बेहद दुख होता है। यह ओछी राजनीति का उदाहरण है। मुझे नहीं पता था कि वोट के फायदे के लिए लोग इतना गिर जाएंगे। वडेत्तिवार केवल मेरा अपमान नहीं कर रहे हैं बल्कि 26/11 के हमले में जिन 166 लोगों की जान गई थी उन सब का अपमान है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस का कहना था कि कसाब निर्दोष है। यहां तक कि पाकिस्तान ने मान लिया था कि वह इस साजिश में शामिल था। सभी को पता है कि कसाब को सजा दिलाने के लिए कानूनी कार्रवाई की गई थी। निकम ने कहा कि 4 जून को इन लोगों को जनता जवाब दे देगी। वहीं फडणवीस ने कहा कि हमारा और निकम का साथ है वहीं कांग्रेस ने कसाब के साथ हाथ मिलाया।

# बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई सामने

### शिवलिंग की ऊंचाई 8 फीट, 29 जून से शुरू होगी 52 दिन की अमरनाथ यात्रा

**अनंतनाग (एजेंसी)।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है।



इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी।

यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।

**यात्रा के लिए ऑन लाइन और ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशनः** यात्रा के लिए 15 अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। मोबाइल एप्लिकेशन से रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं तो श्री अमरनाथजी यात्रा ऐप डाउनलोड करना होगा। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, यस बैंक और जम्मू-कश्मीर बैंक से ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### कैसे पहुंचें यात्रा के लिए दो रूट

1. पहलगाम रूट- इस रूट से गुफा तक पहुंचने में 3 दिन लगते हैं, लेकिन ये रास्ता आसान है। यात्रा में खड़ी चढ़ाई नहीं है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। ये बेस कैंप से 16 किमी दूर है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है।

तीन किमी चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पहुंचती है। यहां से पैदल चलते हुए शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। ये सफर करीब 9 किमी का है। अगले दिन शेषनाग से यात्री पंचतरणी जाते हैं। ये शेषनाग से करीब 14 किमी है। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है।

2. बालटाल रूट- वक्त कम हो, तो बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए बालटाल रूट से जा सकते हैं। इसमें सिर्फ 14 किमी की चढ़ाई चढ़नी होती है, लेकिन एकदम खड़ी चढ़ाई है, इसलिए बुजुर्गों को इस रास्ते पर दिक्कत होती है। इस रूट पर संकरे रास्ते और खतरनाक मोड़ हैं।

**6 लाख यात्रियों के आने की संभावना, इस बार सड़कें चौड़ी**

पिछली बार करीब 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार 6 लाख यात्रियों के आने की संभावना है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं।

पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप के लिए व्यवस्था होगी। ऑक्सीजन बूथ, आइसीयू बेड, एक्स रे, सोनोग्राफी मशीन और लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल की तैयारियां चल रही हैं।

पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा रास्ता 3 से 4 फीट और बालटाल वाला रूट 2 फीट चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया है। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक, बालटाल से गुफा तक का 14 किमी रूट 7 से 12 फीट तक चौड़ा हो गया है। यह मोटरेबल रोड है। साथ ही हेलिकॉप्टर की सर्विस भी उपलब्ध है।

## दिल्ली में गुंडागर्दी, बाइक सवार 3 बदमाशों ने युवक को चाकू से छलनी कर घर के पास फेंकी लाश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के करावल नगर इलाके में गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। यही नहीं बदमाश युवक की लाश को उसके घर के पास फेंककर फरार हो गए। मृतक की पहचान प्रेम विहार गली संख्या आठ निवासी 38 वर्षीय राजकुमार उर्फ बंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश करते हुए मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, राजकुमार, मकान नंबर-118 सी, गली नंबर- आठ में परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने बीएएमएस की पढ़ाई की थी और पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। परिवार में मां लक्ष्मी और दो छोटे भाई हैं। उसके घर में भूतल पर उसकी क्लीनिक है। साथ ही किराने की दुकान भी है। किराने की दुकान उसकी मां देखती थी।

राजकुमार के परिजन ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे गली में रहने वाला एक युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर राजकुमार को घर से बुलाकर लेकर गया था। घर से जाते वक्त राजकुमार ने कुछ देर में आने की बात कही थी। देर शाम तक वह नहीं लौटा तो परिजन उसका इंतजार करने लगे।

रात करीब 9.30 बजे के आसपास बाइक सवार तीन युवक आए और बंटी को गली में घर से थोड़ी दूरी पर अचेत हालत में फेंककर फरार हो गए। उसके सीने पर चाकू से कई वार किए गए थे। इस दौरान आरोपी बाइकसवार बंटी को गालियां भी दे रहे थे। यह देख परिजन तत्काल उसे लेकर अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### शराब घोटाला मामले में कांग्रेस महापौर के भाई अनवर को नहीं मिली जमानत, पूर्व आइएएस टुटेजा से जारी रहेगी पूछताछ

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में चर्चित शराब घोटाले मामले को लेकर आज आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका पर विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई है। मामले में सुनवाई करते हुए ढेबर की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ शराब घोटाले मामले में आरोपी इडी की गिरफ्त में चल रहे पूर्व ब्रूस अनिल टुटेजा की रिमांड बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने टुटेजा को 6 मई तक इडी की रिमांड में भेज दिया है। छत्तीसगढ़ में आज शराब घोटाले मामले को लेकर दो अलग-अलग सुनवाई हुई है। जिसमें जमानत के लिए अनवर ढेबर ने याचिका लगाई थी। इस याचिका की सुनवाई के लिए 4 मई यानी आज का समय तय किया गया था। इस सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील की दलील को अभियोजन पक्ष के द्वारा जमकर विरोध किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए अभियोजन पक्ष की दलील को स्वीकार करने के बाद अनवर ढेबर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। छत्तीसगढ़ में शराब मामले को लेकर इडी ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए मामले में आरोपी अनवर ढेबर की संपत्ति को अटैच किया था। इडी ने अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ की 115 संपत्तियो को अटैक किया गया था।

## आईएस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में बड़ा अपडेट, एसओजी ने 12 आरोपियों पर रखा इनाम

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में उप निरीक्षक (एसआई) पेपर लीक मामले में 33 थानेदारों सहित 45 के खिलाफ चालान पेश करने के बाद एसओजी अब सरगना सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। एसओजी ने वांटेड 12 आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। इसमें सबसे अधिक पेपर लीक के सरगना यूनिक भाम्भू पर 1 लाख रुपए तथा ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार रुपए का इनमा रखा है। इनके अलावा छह आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए तथा चार पर 25-25 हजार रुपए का इनाम रखा है। यह इनाम आरोपियों की सूचना देने वालों को दिया जाएगा। यह आदेश एसओजी डीआईजी परिस देशमुख ने जारी किए। एसओजी ने इस मामले में 33 थानेदारों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 3 ने चयन होने के बाद भी जॉइन नहीं किया था। गिरफ्तार अन्य 12 आरोपी गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। अब फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मामले में और नाम सामने आ सकते हैं। एक लाख रुपए का इनामी यूनिक उर्फ पंकज भांभू पुत्र जगदीश जाट (36) निवासी पूनिया कॉलोनी चूरूदस लाख रुपए देकर पेपर चुराया - हसनपुरा की रवीन्द्र बाल भारती स्कूल से एसआई भर्ती का पेपर चुराया। इसके लिए स्कूल के कर्मचारी राजेश को दस लाख रुपए दिए। पेपर चुराने के बाद गिरोह के साथी जगदीश विश्नोई को वाट्सऐप के माध्यम से पेपर भेजा। वहां से पेपर सॉल्व करने वाले हैंडर्स के पास पेपर पहुंचा। ओमप्रकाश ढाका पुत्र किशनाराम विश्नोई (37) करड़ा सांचोर पर 75 हजार रुपए का इनामी रखा है। एसओजी के डीआईजी परिस देशमुख ने आदेश जारी कर आरोपियों पर 25 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक का इनाम घोषित किया है. आदेश में बताया गया है कि एसआई भर्ती परीक्षा मामले में इन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज है।

# चंडीगढ़-मोहाली मार्ग से प्रदर्शनकारियों को हटाने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### प्रशासन से जवाब मांगा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि वे चंडीगढ़-मोहाली मार्ग से प्रदर्शनकारियों को हटाएं। जस्टिस बीआर गवई, सतीश चंद्र शर्मा और संदीप मेहता की पीठ ने पंजाब सरकार की याचिका पर नोटिस जारी कर एक गैर सरकारी संगठन, केंद्र सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन सहित अन्य से जवाब मांगा।

केंद्र सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह पंजाब सरकार के रुख का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार की बात को छोड़कर संघवाद की हमेशा रक्षा की जाती है। कोरोना के समय में सभी राज्यों और केंद्र ने मिलकर काम किया। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाए। कई जनहित याचिकाओं पर नौ अप्रैल को पारित अपने आदेश में हाई कोर्ट ने कहा था कि बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद, न तो पंजाब सरकार और न ही चंडीगढ़ प्रशासन, मोहाली और चंडीगढ़ के यात्रियों को कोई समाधान देने में सक्षम हुआ। मुट्ठी भर लोगों द्वारा सड़क अवरुद्ध करने से यात्रियों और ट्राइ-सिटी के निवासियों को असुविधा हो रही है और परेशानी जारी है।



हाई कोर्ट ने इस बात का संज्ञान लिया था कि इस मामले में पिछले साल नौ अक्टूबर को केंद्र को भी पक्षकार बनाया गया था। गौर करने वाली बात यह भी है कि करीब एक साल पहले इस मामले में पंजाब के पुलिस महानिदेशक को भी तलब किया गया था।हाई कोर्ट ने कहा था कि उसे उम्मीद है कि पंजाब और चंडीगढ़ प्रशासन अपनी नींद से जागेंगे और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन से संबंधित विभिन्न फैसलों में दी गई शीर्ष अदालत की टिप्पणियों को ध्यान में रखेंगे।

हाई कोर्ट ने एनजीओ अराइव सेफ सोसायटी की याचिका पर यह आदेश पारित किया था, जिसमें दलील दी गई थी कि जनवरी 2023 से चंडीगढ़-मोहाली रोड पर चल रहे प्रदर्शन के कारण स्थानीय निवासियों और यात्रियों को अनावश्यक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी सिख कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिनमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना और 1993 के दिल्ली बम विस्फोट के दोषी देविंदरपाल सिंह भुल्लर शामिल हैं।

## उन्हें नफरत सिखाई जाती है, बच्चों को गाजा में ही बंद रहने दो- अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे महायुद्ध में गाजावासियों की दुर्दशा को देखते हुए अमेरिकी सरकार फिलिस्तीनी शरणार्थियों को अपने देश में पनाह देने की योजना बना रही है। जो बाइडेन सरकार की इस संभावित प्लानिंग पर अमेरिकी सांसद ने आपत्ति जताई है। रिपब्लिकन सीनेटर ने कहा कि यह कदम देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डालने जैसा कदम होगा। उन्होंने कहा कि गाजा के जिन बच्चों को हम अपने यहां लाने की सोच रहे हैं, वहां उन्हें नफरत की शिक्षा दी जाती है। उन्हें गाजा में ही बंद कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर इतना ही जरूरी है तो यह कदम कोई अरब देश क्यों नहीं उठाता।



इजरायल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे कत्लेआम में सबसे ज्यादा नुकसान गाजा शहर में हुआ है। यहां मरने वालों की तादाद कम से कम 34 हजार है। अभी भी इजरायली सेना रुकी नहीं है, हमास के हर कण को मिटाने की कसम खा चुकी आईडीएफ ने गाजा और उससे सटे राफा शहर में अपना ऑपरेशन जारी रखने की बात कही है। गाजा में जान गंवाने वाले अधिकतर महिलाएं और मासूम बच्चे हैं। अमेरिका और यूएन समेत कई आधी दुनिया चिंता जता चुका है। तमाम आलोचनाओं को झेलने के बावजूद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू बेपरवाह हैं और अपना ऑपरेशन जारी रखने की बात दोहरा चुके हैं। उधर, गाजा में कत्लेआम से चिंतित बाइडेन सरकार योजना बना रही है कि जिन अमेरिकियों के रिश्तेदार गाजा में रह रहे हैं, उन्हें शरणार्थी के तौर पर अमेरिका में पनाह दी जाएगी। हालांकि बाइडेन सरकार के इस संभावित कदम की अमेरिकी सीनेटर रॉन जॉनसन ने कड़ी आलोचना की है।

## संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी की चेतावनी- उत्तरी गाजा पर मंडरा रहा पूर्ण अकाल का खतरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की खाद्य कार्यक्रम प्रमुख ने उत्तरी गाजा में पूर्ण अकाल की चेतावनी दी है। संगठन ने इस्राइल-हमास युद्ध में संघर्ष विराम का आह्वान दोहराया है।डब्ल्यूएफपी की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उत्तरी गाजा में अकाल है और यह पूर्ण अकाल और यह दक्षिण की ओर बढ़ रहा है।



हमास और इस्राइल के बीच भीषण जंग जारी है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की खाद्य कार्यक्रम प्रमुख ने उत्तरी गाजा में पूर्ण अकाल की चेतावनी दी है। संगठन ने संघर्ष विराम का आह्वान किया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उत्तरी गाजा में अकाल है और यह पूर्ण अकाल और यह दक्षिण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम निरंतर युद्ध विराम और गाजा में सुरक्षित प्रवेश के लिए निर्बाध पहुंच के लिए विभिन्न क्रॉसिंग को खोलने की मांग कर रहे हैं। डब्ल्यूएफपी गाजा में मदद प्रदान करने वाले कई समूहों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा कि गाजा पट्टी में भोजन की उपलब्धता में मामूली सुधार हुआ है । लेकिन 2.4 लाख फलस्तीनियों के घर पर अकाल का खतरा मंडरा रहा है। इस्राइल ने बार-बार संयुक्त राषट्र और गैर-सरकारी सगंठनों पर जल्दी से मदद वितरित न करने का आरोप लगाया है। उधर, इस्राइली सुरक्षा बलों ने दावा किया है कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 12 घंटे की घेराबंदी के दौरान पांच फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए। एएफपी के एक फोटोग्राफर ने उत्तरी शहर तुलकेरम के पास देर अल-घुसुन गांव में भारी सैन्य तैनाती देखी। फोटोग्राफर ने बताया कि सैनिकों ने एक इमारत को समतल करने के लिए बुलडोजर तैनात किया और मलबे में एक शव बाहर निकाला।

# पाकिस्तान सरकार ने नई साइबर क्राइम एजेंसी बनाई, विशेषज्ञों का मानना है - यह इमरान खान समर्थकों को भी निशाना बनाएगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) नामक एक राष्ट्रीय एजेंसी बनाने के फैसले ने देश में चिंता बढ़ा दी है और कई विशेषज्ञों ने कहा है कि इस कदम से न केवल नागरिकों के निजता के अधिकार पर गंभीर असर पड़ेगा। इसका उद्देश्य जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की व्यापक सोशल मीडिया उपस्थिति को निशाना बनाना भी था।

पाकिस्तान सरकार के स्थापना प्रभाग ने सोशल मीडिया पर प्रचार और अफवाहों का मुकाबला करने और लोगों के डिजिटल अधिकारों की सुरक्षा पर ध्यान देने के साथ एनसीसीआईए के गठन की घोषणा की।

संघीय सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने गुरुवार को कहा कि ऑनलाइन सहित उत्पीड़न का अंत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न के मुद्दे को हल करने और उपभोक्ताओं के डिजिटल अधिकारों की रक्षा के लिए एनसीसीआईए जैसे प्राधिकरण की तत्काल और सख्त जरूरत थी।

हालाँकि, सुरक्षा विशेषज्ञ सरकार से सहमत नहीं हैं और उन्होंने नागरिकों के निजता के अधिकार पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर गंभीर चिंता जताई है। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण के पूर्व प्रमुख व पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ख्वाजा खालिद फारूक ने कहा कि यह उन चिंताओं को जन्म देता है, जो प्रयासों और संसाधनों के दोहराव से परे हैं, यह कदम नागरिकों की निजता के अधिकार को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है, जिसे साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की जल्दबाजी में नजरअंदाज कर दिया गया है। एक अन्य दृष्टिकोण में कहा गया है कि सैन्य प्रतिष्ठान सोशल मीडिया पर अपनी बड़ी उपस्थिति के माध्यम से पीटीआई द्वारा चलाए जा रहे सत्ता-विरोधी अभियानों से निपटने के लिए एक मजबूत रणनीति और अधिकार रखना चाहता है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा कि पीटीआई पाकिस्तान में एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसकी सोशल मीडिया पर बहुत मजबूत माजूदगी है। इसके अभियान और सोशल मीडिया टीमों का सोशल मीडिया जुड़ाव के माध्यम से जनता पर सबसे मजबूत प्रभाव है।



उन्होंने आगे कहा कि पीटीआई और इमरान खान के समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सैन्य विरोधी भावनाएं प्रबल और व्यापक रूप से व्यक्त की गई हैं।

## आर्मी चीफ मुनीर के बयान पर भड़के पाकिस्तानी, बोले- कश्मीर छोड़ो बलूचिस्तान भी हाथ से न निकल जाए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद पाकिस्तानियों ने उनके खिलाफ भड़ास निकाली है । मुनीर ने भारत अपना कट्टर प्रतिद्वंद्वी बताते हुए कश्मीर को राजनयिक समर्थन जारी रखने का वादा किया है। खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान वायु सेना अकादमी की परेड में मुनीर ने कश्मीर पर इस्लामाबाद को घटते हुए अंतरराष्ट्रीय समर्थन पर निराशा जाहिर करते हुए कहा था कि कश्मीर पर दुनिया की चुप्पी काफी अजीब और परेशान करने वाली है। इस मुद्दे पर पाक के लोग क्या सोचते हैं, ये जानने के लिए पाकिस्तानी यूट्यूबर सना अजमद ने लोगों से बातचीत की है।

पाकिस्तान के लोगों ने इस पर कई मजेदार जवाब दिए हैं। यूट्यूबर सना ने लोगों से पूछा कि कश्मीर पर दुनिया की सपोर्ट पाकिस्तान के लिए कम क्यों हो रही है, जिस पर आर्मी चीफ भी फिक्रमंद हैं। इस पर बाबर नाम के स्टूडेंट ने कहा, पाकिस्तान को ये तय करना होगा कि वो कहां खड़ा है। आर्थिक तौर पर जिस तरह से हम कमजोर हो रहे हैं, उसका असर हर पहलू पर पड़ रहा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129